संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, गुरुवार, 13 फरवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



महाकुम्भ पहुंचीं मैरीकॉम, बोलीं- सीएम योगी ने बनाया बेहतरीन माहौल अब मेडल लाना प्रदेश के युवाओं की जिम्मेदारी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 19 अंकः 43 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# भारत-फ्रांस में द्विपक्षीय संबंधों पर हुई चर्चा

● द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती और वैश्विक चुनौतियों के समाधान पर हुई बात

**टीम एक्शन इंडिया**
**पेरिस ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस के आखिरी दिन दौरे पर हैं। पीएम मोदी 10 फरवरी को फ्रांस के पेरिस पहुंचे थे। बुधवार को पीएम मोदी ने फ्रांस के मार्सिले में भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया है। दूतावास का उद्घाटन पीएम मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त रूप से किया है।

**मार्सिले में क्या है खास?**
भारत ने फ्रांस में दूसरा वाणिज्य दूतावास खोला है। ये जगह भारत के भविष्य की परियोजनाओं के लिहाज से काफी अहम है। भूमध्यसागरीय तट पर अपनी रणनीतिक स्थिति के कारण मार्सिले भारत और फ्रांस के बीच व्यापार का एक प्रमुख प्रवेश द्वार है, यह भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) के प्रवेश बिंदुओं में से एक है। परियोजना की घोषणा जी20 शिखर सम्मेलन 2023 के दौरान नई दिल्ली में की गई थी।

**भारत-फ्रांस के ज्वाइंट स्टेटमेंट में क्या कहा गया?**
पीएम मोदी के फ्रांस दौरे के आखिरी दिन भारत और फ्रांस ने संयुक्त बयान जारी किया है। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने मार्सिले में वार्ता की। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों, वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की। पीएम मोदी और मैक्रों ने भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए मजबूत प्रतिबद्धता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री मोदी और मैक्रों ने रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। प्रधानमंत्री मोदी और मैक्रों ने रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष के रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। दोनों नेताओं ने प्रौद्योगिकी, नवाचार के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी और मैक्रों ने व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने का आह्वान किया। इसके साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भागीदारी को गहरा करने की प्रतिबद्धता जताई है।

एआई क्षेत्र को जनहित में सामाजिक, आर्थिक परिणाम सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्रवाई करने की प्रतिबद्धता जताई गई। पीएम मोदी और मैक्रों ने न्यायसंगत, शांतिपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था को बनाए रखने के लिए बहुपक्षवाद में सुधार का की बात कही है।

भारत और फ्रांस के शीर्ष नेताओं ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया और यूएनएससी मामलों पर समन्वय बिठाने पर सहमति जताई।



### भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष की शुरूआत की घोषणा

**दोनों** नेताओं ने वैज्ञानिक ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार को आगे बढ़ाने के महत्व को स्वीकार किया। दोनों नेताओं ने भारत और फ्रांस के बीच लंबे और स्थायी जुड़ाव को याद करते हुए राष्ट्रपति मैक्रों और प्रधानमंत्री मोदी ने मार्च 2026 से नई दिल्ली में होने वाले भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष का लोगो लॉन्च करके भव्य उद्घाटन की घोषणा की। दोनों नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी बात की। इसमें पश्चिम एशिया और यूक्रेन में युद्ध भी शामिल है। वे नियमित आधार पर समन्वय और निकटता से जुड़े रहने के अपने प्रयासों को जारी रखने पर सहमत हुए। पीएम मोदी और मैक्रों ने सीमा पार आतंकवाद सहित सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की निंदा की।

**रणनीतिक स्थिति**

▶▶ बुधवार को पीएम मोदी ने फ्रांस के मार्सिले में भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया

# विपक्ष अब चुपचाप संगम में डुबकी लगा रहाः सीएम योगी

**तंज कसा**

▶▶ जो लोग कुंभ की व्यवस्थाओं पर उठा रहे थे सवाल, अब खुद ही चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे: सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**बागपत :** छपरौली के श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में रालोद के संस्थापक व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की प्रतिमा का बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने अनावरण किया। इसके साथ ही सीएम ने 351 करोड़ की 281 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह उनके साथ रहे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वेस्ट यूपी के किसानों ने खेती की उन्नत तकनीक अपनाकर अपना विकास किया है। चौधरी अजित सिंह भी कहते थे कि देश के विकास का रास्ता खेत और किसान से होकर गुजरता है। उसी से प्रेरणा लेकर हम किसानों के हित की दिशा में काम कर रहे हैं।

सीएम ने कहा कि जो लोग कुंभ की व्यवस्थाओं पर अंगुली उठा रहे थे, वे अब चुपचाप डुबकी लगाकर आ रहे हैं।

## शिक्षा और स्वास्थ्य से कोई भेदभाव नहीं: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को रोहिंग्या शरणार्थियों से जुड़ी एक जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि शिक्षा में किसी भी बच्चे के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। शहर में मौजूद रोहिंग्या शरणार्थियों को सार्वजनिक स्कूलों और अस्पतालों की सुविधा मुहैया कराई जाए। एनजीओ रोहिंग्या ह्यूमन राइट्स इनिशिएटिव की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कॉलिन गोंसाल्वेस से कोर्ट में रोहिंग्या शरणार्थियों से जुड़ी जनहित याचिका दायर की थी।

# चुनाव से पहले रेवड़ियां बांटने पर भड़का सुप्रीम कोर्ट



**सख्त टिप्पणी**

▶▶ मुफ्त सुविधाओं के कारण लोग काम करने को तैयार नहीं

▶▶ कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए की टिप्पणी, मुफ्त राशन और पैसा मिल रहा है- सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव से पहले मुफ्त सुविधाओं का एलान करने की प्रथा की निंदा की और कहा कि लोग काम करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि उन्हें मुफ्त राशन और पैसा मिल रहा है। कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी जाहिर की है। ये टिप्पणियां न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने की। कोर्ट में बेघर लोगों को शहरी इलाकों में आश्रय स्थल मुहैया कराने की मांग को लेकर सुनवाई चल रही थी।

**'बिना काम के मिल रहे पैसे'**
न्यायमूर्ति गवई ने कहा, 'दुर्भाग्य से, इन मुफ्त सुविधाओं के कारण... लोग काम करने को तैयार नहीं हैं। उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है। उन्हें बिना कोई काम किए राशि मिल रही है।'

पीठ ने कहा, हम उनके प्रति आपकी चिंता की सराहना करते हैं। मुफ्त राशन और पैसा देने की जगह क्या ये अच्छा नहीं होगा कि इन लोगों को समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जाए और देश के विकास में इन्हें भी योगदान देने का मौका मिले।

अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने पीठ को बताया कि केंद्र शहरी गरीबी मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है, जो शहरी बेघरों के लिए आश्रय के प्रावधान सहित विभिन्न मुद्दों का समाधान करेगा। पीठ ने अटॉर्नी जनरल से केंद्र से यह साफ करने को कहा कि शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन कितने समय के अंदर लागू किया जाएगा। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह हफ्ते के लिए टाल दी। इसके पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी टिप्पणी की थी। तब कोर्ट ने राज्यों की तरफ से दी जा रही मुफ्त की रेवड़ियों को लेकर बयान दिया था।

## नर्सिंग कॉलेज में रैगिंग का खौफनाक मामला



**टीम एक्शन इंडिया**
**कोट्टायम।** केरल के एक सरकारी कॉलेज में रैगिंग की एक दर्दनाक घटना सामने आई है। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे थर्ड ईयर के पांच छात्रों ने अपने जूनियर छात्रों के साथ कई महीनों तक रैगिंग के नाम पर बर्बरता की है। वहीं, पांचों ने जूनियर छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित भी किया है। यह घटना कोट्टायम के सरकारी नर्सिंग कॉलेज की है। आरोप है कि पांचों ने मिलकर फर्स्ट ईयर के तीन छात्रों के साथ रैगिंग को अंजाम दिया। तीनों छात्र तिरुवनंतपुरम से ताल्लुक रखते हैं। छात्रों ने कोट्टायम गांधीनगर पुलिस में एक औपचारिक शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में जानकारी दी गई कि पांचों छात्रों ने पिछले साल नवंबर महीने से रैगिंग शुरू की थी। पांचों ने मिलकर तीन छात्राओं को लगभग तीन महीने तक प्रताड़ित किया।

## वर्क फ्रॉम होम करेंगी आंध्र प्रदेश की महिलाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**हैदराबादः** मार्च के महीने में महिला दिवस मनाया जाता है और इससे पहले आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने प्रदेश की कामकाजी महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के लिए वर्क फ्रॉम होम की घोषणा करते हुए कहा कि, यह फैसला कार्यक्षेत्र में महिलाओं की प्रोडक्टिविटी को और बेहतर बनाएगा। सीएम नायडू ने कहा कि, कोरोना काल के दौरान वर्क फ्रॉम होम कल्चर की वजह से काम करने के तरीकों में बड़ा बदलाव आया है और टेक्नोलॉजी के कारण घर बैठे काम करना आसाम भी हुआ है। रिमोट वर्क, कोवर्किंग स्पेस और नेबरहुड वर्कस्पेस जैसी व्यवस्थाएं बिजनेस और काम करने वालों के ज्यादा बेहतर साबित हुआ है। ट्वीट कर सीएम ने दी अहम जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर सीएम चंद्रबाबू नायडू ने लिखा, इस तरह की पहल हमें बेहतर कार्य-जीवन संतुलन बनाने में मदद कर सकती है।

यह पहल आंध्र प्रदेश का आईटी और नीति 4.0 की उस दिशा में एक गेम-चेंजिंग कदम है।

# मोदी को हराना चाहता था अमेरिकाः बेंज

**रची थी साजिश**

▶▶ यूएस के पूर्व विदेश विभाग अधिकारी के दावे से खलबली, अमेरिका ने आंदोलनों को वित्तीय सहायता दी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** अमेरिका के पूर्व विदेश विभाग के अधिकारी माइक बेंज ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ने भारत के आंतरिक राजनीति में दखल दिया है। इतना ही नहीं अमेरिका ने बांग्लादेश की राजनीति में भी दखल देने की कोशिश की है। उन्होंने दावा किया है कि अमेरिका ने मीडिया प्रभाव, सोशल मीडिया सेंसरशिप और विपक्षी आंदोलनों को वित्तीय सहायता के माध्यम से भारत की राजनीति को प्रभाव डालने की कोशिश की है। बेंज का आरोप है कि अमेरिकी सरकार से जुड़ी संस्थाओं ने 'लोकतंत्र को बढ़ावा देने' की आड़ में चुनावों को प्रभावित करने, सरकारों को अस्थिर करने और उसके अनुरूप सरकार बनाने की कोशिश की है।

**भाजपा को चुनाव हराने के लिए हुई फंडिंगः माइक बेंज**
यूएसएड जैसी संस्थाओं ने भारत के 2019 के लोकसभा चुनावों को प्रभावित करने का प्रयास किया है।

## गुरू रविदास के मानवता के संदेश आज भी प्रासंगिकः सैनी

**पुष्पांजलि**

▶▶ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने संत शिरोमणि गुरू रविदास जी को जयंती पर किया नमन



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नई दिल्ली में संत शिरोमणि गुरू रविदास की जयंती के अवसर पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में संत रविदास जी के चित्र पर पुष्प भी अर्पित किए मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को संत रविदास की जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संत शिरोमणि गुरू रविदास जी महाराज ने एकता, मानवता और भाईचारे का जो संदेश दिया था, वह आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि हमें संतो, महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलते हुए सदैव समाज भलाई के काम करने चाहिए। सरकार ने हरियाणा में संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार-प्रसार योजना शुरू की हुई है, जिसके अंतर्गत संतो, महापुरुषों की जयंतियां व शताब्दियां सरकारी तर्ज पर मनाने की पहल की है। इसी कड़ी में संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की जयंती, बाबा साहेब डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती, संत कबीरदास जयंती, भगवान वाल्मिकी जयंती आदि जयंतियां एवं शताब्दियां राज्य स्तर पर मनाई गई हैं।

सतगुरु रविदास जी महाराज के श्लोक ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सब को अन्न, छोट बड़ा सब संग बसे रैदास रहे प्रसन्न का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि उनकी वाणी को चरितार्थ करने का काम पिछले दस वर्षों में हरियाणा सरकार ने किया है। आज गरीब से गरीब व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा है। उन्होंने बताया कि संत रविदास जी का एक स्मारक कुरूक्षेत्र में बनाया जा रहा है।

## व्यापारी कल्याण बोर्ड की बैठक में छोटे व्यापारियों के मुद्दे पर हुई चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (एनटीडब्ल्यूबी) के अध्यक्ष सुनील जे. सिंघी की अध्यक्षता में नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में 11 फरवरी को बोर्ड की 5वीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बोर्ड ने छोटे व्यापारियों के कल्याण के लिए प्रमुख सुझावों और अभ्यावेदनों पर चर्चा की। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को एक बयान में कहा कि बैठक के दौरान एनटीडब्ल्यूबी के अध्यक्ष सुनील जे. सिंघी ने बोर्ड के उद्देश्यों को पूर्ण करने और छोटे व्यापारियों और एमएसएमई के कल्याण के लिए केंद्रीय बजट 2025-26 में केंद्र सरकार द्वारा की गई प्रमुख पहलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सदस्यों और व्यापार संघों से प्राप्त अभ्यावेदनों को आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित मंत्रालयों तथा विभागों के ध्यान में लाया गया है।

## मुंबई में गुलियन बैरे सिंड्रोम से पहली मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई।** मुंबई में गुलियन बैरे सिंड्रोम (जीबीएस वायरस) के कारण पहली मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि संक्रमित शख्स की मौत बुधवार को हुई है। जीबीएस वायरस से महाराष्ट्र में कम से कम 197 लोग संक्रमित हैं और अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है। बृहन्मुंबई नगर निगम के आयुक्त ने भी पुष्टि की कि लंबी बीमारी के बाद नायर अस्पताल में 53 वर्षीय एक मरीज की मौत हुई है। अधिकारियों ने बताया कि मृतक वडाला इलाके का निवासी है और एक अस्पताल में वार्ड बॉय के तौर पर काम करता था। वह 15 दिन पहले पुणे गया था।

# अनिल विज ने कारण बताओ नोटिस का जवाब भेजा



**जवाब दाखिल**

▶▶ मैंने जो चिट्ठी लिखी, उसे फाड़ दिया और कतरनें जेब में रखी हैं, इन्हें घर जाकर जला दूंगा: विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन एवं बिजली मंत्री अनिल विज ने पार्टी अध्यक्ष मोहन बड़ौली के भेजे कारण बताओ नोटिस का जवाब दे दिया है। यह जवाब 8 पन्नों का है। विज ने इसके बारे में बताने से इनकार करते हुए कहा कि मैंने उस चिट्?ठी को भेजने के बाद फाड़कर टुकड़े जेब में रखे हैं। जिसे जला दूंगा। विज ने ये जरूर कहा कि उन्हें कुछ और चाहिए होगा तो वह भी दे दूंगा। विज ने नोटिस मीडिया को लीक करने पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पार्टी इसकी जांच कराए या नहीं, यह उनकी मर्जी। विज ने नोटिस को लेकर सवालों का जवाब देने से इनकार कर दिया। अनिल विज ने हंसते हुए कहा कि मुझे मीडिया से ही नोटिस के बारे में पता चला। विज ने कहा. मैंने समय से पहले जवाब भेज दिया । मैं 3 दिन से बाहर गया था। बैंगलुरु से रात आया। घर गया। ठंडे पानी से नहाया। रोटी खाई और बैठकर मैंने जवाब दे दिया। रात मैंने समय से पहले जवाब भेज दिया। मुझे 3 दिन का समय दिया गया था। मैंने उसमें ये भी लिखा है कि अगर किसी और बात का जवाब चाहिए तो मुझे बता दें, वह भी मैं लिखकर दे दूंगा। जितना मैं याद कर सका, सोच सका, मैंने लिखकर दे दिया।

विज ने कहा- मैंने जो चिट्ठी लिखी, उसे फाड़ दिया और कतरनें जेब में रखी हैं, इन्हें घर जाकर जला दूंगा।उन्होंने जवाब में क्या लिखा तो उन्होंने कहा कि इसे मीडिया में सार्वजनिक नहीं किया जा सकता।

**सहायता** | सहारा ग्रुप ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज के जमाकर्ताओं को मिल रही राहत

# सहारा समूह के जमाकर्ताओं को अब तक 2026 करोड़ रुपये वितरित



**राहत**

▶▶ 11.61 लाख जमाकर्ताओं को 2,025.75 करोड़ रुपये वितरित किए गए: अमित शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने संसद को सूचित किया कि इस साल 28 जनवरी तक सहारा ग्रुप ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटीज के 11.61 लाख जमाकर्ताओं को 2,025.75 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं।

उन्होंने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा कि यह वितरण सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। इस पोर्टल को 29 मार्च, 2023 को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद स्थापित किया गया था। इसका उद्देश्य वैध जमाकताओं को उनके धन को पुनः प्राप्त करने में सहायता करना है।

वर्तमान में आधार से जुड़े बैंक खाते के माध्यम से सत्यापित दावों के विरुद्ध प्रत्येक वास्तविक जमाकर्ता को 50,000 रुपये तक का भुगतान किया जा रहा है। इसके अलावा, जमाकर्ता के आवेदन में किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर उन्हें 15 नवंबर, 2023 को लांच किए गए रीसबमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन को फिर से जमा करने के लिए सूचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय सहारा समूह के वास्तविक जमाकताओं को भुगतान के लिए हर संभव कदम उठा रहा है।

**पायलट अनाज भंडारण परियोजना :** पायलट अनाज भंडारण योजना के तहत 11 राज्यों में स्थित 11 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों में गोदामों का निर्माण पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की खुदरा दुकानें खोलने के लिए 286 आवेदनों में से 26 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों का चयन किया है।

# मानव जीवन परमार्थ के लिए है, सबको मिलकर अच्छे कार्य करने चाहिए: कादियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि यह भवन ईश्वरी एवं आध्यात्मिक कार्य के लिए मानव मूल्यों के भौतिक उत्थान हेतु एक प्रकाश एवं स्तंभ बनेगा। लोग यहां आकर परमपिता को और स्पष्ट रूप से जानकार अविनाशी सुख-शांति एवं ज्ञान की प्राप्ति कर सकेंगे। अपने जीवन से दुख, अशांति एवं अज्ञानता का अंधेरा मिटा सकेंगे। विधायक देवेंद्र कादियान बुधवार को शिवरात्रि के अवसर पर ब्रह्माकुमारी सेंटर के नए प्रभु मिलन भवन का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे। बतौर मुख्यातिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने भवन का रिबन काटकर उद्घाटन किया और शिव बाबा का झंडा फहराया। कार्यक्रम में सोनीपत से बीके रामदेवी दीदी, वसंत विहार से बीके अर्चना दीदी, मुरथल से बीके सतीश शुभकामनाएं देने पहुंचे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इससे पहले अतिथियों के आगमन पर उनका बुके देकर स्वागत किया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि मानव जीवन परमार्थ के लिए है, और यह भगवान का कार्य है, जिसको सबको मिलकर करना चाहिए। कादियान ने आश्वासन दिया कि वे हमेशा सहयोगी बने रहेंगे। बीके रामदेवी व बीके अर्चना ने कहा कि सर्वात्माओं के पिता विश्व पिता परमात्मा शिव की याद से ही सच्ची शांति संभव है, अपने अंदर की अशुद्धियों और बुराइयों को आध्यात्मिक ज्ञान एवं परमात्मा की याद से ही खत्म कर सकते है।।



## तीन मोटरसाइकिलों का किया 75 हजार रुपयों का चालान

**गन्नौर।** जीटी रोड चौकी पुलिस द्वारा शहर के रेलवे रोड पर देवीलाल चौक पर पुलिस द्वारा सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों की रोककर गहन जांच-पड़ताल की गई, जांच के दौरान वाहनों के अधूरे कागजात मिलने पर वाहनों के चालान किया। इनमें से तीन मोटरसाइकिल टीवीएस, स्प्लेंडर व पल्सर मोटरसाइकिल वालों के पास बिल्कुल भी कागजात न मिलने पर 75 हजार के चालान किया। कई वाहन चालकों का चालान काट जुमार्ना भी वसूला गया। जीटी रोड चौकी पर प्रभारी शमशेर सिंह दहिया ने बताया कि पुलिस द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसमें दर्जनों दो पहिया वाहनों की जांच पड़ताल की गई। इसमें तीन वाहनों से 7500 का चालान काटा गया। जुमार्ना के बाद सभी वाहनों को छोड़ दिया गया। चौकी पर भारी शमशेर सिंह दहिया ने नियमों की अवलों करने वाले वाहन चालकों को जागरुक करते हुए कहा कि सभी बाइक चालक परिवहन नियम को ध्यान में रखते हुए बाइक चलाये ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

# संत रविदास जयंती पर विधायक ने आधुनिक अंबेडकर भवन निर्माण की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** नगरपालिका रोड स्थित संत गुरु रविदास मंदिर में बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 648वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर शहर के मुख्य मार्गों से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समारोह की अध्यक्षता कमेटी प्रधान दयानंद अहलावत ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में हलका विधायक देवेंद्र कादियान और विशिष्ट अतिथि डीएसपी ज्योति भनखड़ व कस्टम विभाग से हितेश मौजूद रहे। अतिथियों ने संत रविदास और बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह में समाज के शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 50 मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने संत रविदास के विचारों को याद करते हुए कहा कि उनके जीवन से भाईचारे की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने घोषणा की कि सरकार के सहयोग से आधुनिक अंबेडकर भवन का निर्माण कराया जाएगा।



## उत्तर रेलवे
### इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अर्न्तगत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 77259004 RGC | 10 एम एम कम्पोजिट ग्रूवेद रबर सोल प्लेट | 1656155 नग | 10.03.25 |
| 02 | 19255001 | 2 x 130 केवीए स्टेटिक कनवर्टर | 19 नग | 10.03.25 |
| 03 | 03250060 | बिब कॉक | 21762 नग | 11.03.25 |
| 04 | 07241857A | नॉन एस्बेस्टस बेस्ड आर्गेनिक ब्रेक पैड्स | 44897 सेट | 17.03.25 |
| 05 | 09242114B | लॉक | 12297 नग | 24.03.25 |
| 06 | 07240315A | बस टाइप ग्लास सटर | 8000 नग | 31.03.25 |

**निविदा शर्तें**– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं0 96/2024–2025 दिनांक : 12.02.2025 494/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मंडल अभियंता/ट्रैक, मन्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e- निविदाएं आमन्त्रित की जाती है

| क्र. सं. | NIT No. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30 | तुगलकाबाद सब डीपो 04 में 30,000 घन मीटर 65 एम एम गेज मशीन द्वारा टूटी हुई पत्थर की गिटटी की आपूर्ति, चट्टा लगाना तथा रेल वैगनो में लदाई, (सभी लीड और लिफ्ट, जीएसटी, कर आदि सहित, इसलिए जो भी मामला हो, कुछ भी अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जाएगा) | रु. 3,86,41,500/- | रु. 3,43,200 | 12 माह. | 04.03.2025 |

सुचना: निविदा रेलवे की वैबसाइट 'www.ireps.gov.in' पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 04.03.2025 15:00 बजे तक ही भरी जायगी.
पत्र सं.–128–ड्ब्ल्यु/वं.म.अधि./सं/निविदा–30-24-25-ड्ब्ल्यु सी दिनांक– 10.02.2025 471/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस/साइट्स के आवंटन हेतु ई–नीलामी, IREPS पोर्टल (https://ireps.gov.in/) पर ई–बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है–

| ई-कैटलॉग संख्या (E-Catalogue No.) | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन / स्थान / पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-05-2025 | दिनांक 27.02.2025 को 11:00 बजे | दिल्ली शाहदरा (सबोली हाल्ट) =- कुल 01 साईट |

**वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है : https://ireps.gov.in/**

**ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएँ:-**
**आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है:**
1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाए भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मोड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होंगी।
2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान
3. भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता
4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण
5. फण्ड का लियन मार्किंग
6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation)
7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मोड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई–निविदा/ई–नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।

**सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी** : वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055; **Email:** pkg.delhidivision@gmail.com, **Tel:** 011-23743084
**सं.: 23AC/393/E Auction/Pkg/2025 दिनांक: 11.02.2025** 484/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे
### ई. निविदा
**खुली निविदा संख्या 59–अम्बाला/2024–25 दिनांक 12.02.2025**

वरिष्ट मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (Rs.) | अग्रिम राशि (Rs.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता के बिना बार्कहाउज़ेन शोर सिद्धांत के आधार पर गैर–विनाशकारी रूप से एलडब्ल्यूआर के तनाव मुक्त तापमान का माप/निर्धारण। | 1,79,99,111 | 2,40,000 | 09 महीने | 06.03.2025 |
| 2 | ADEN/SIR के तहत एसएसई/डब्ल्यू/एसआईआर और एनएलडीएम के अनुभाग में (एनएलडीएम, यूएचएल, एमएनपीआर, केआरएलआई और अन्य रेलवे कॉलोनियां) सीवरेज/ड्रेनेज सिस्टम की मरम्मत, (ब्र. सं. 69, 71, 62, 38, 1, 93, 99, 154, 228, 229, 230, 212, 243 और एसआईआर–डीएलपीसी अनुभाग पर अन्य पुल) पुल जलमार्ग की सफाई। | 62,46,275 | 1,24,900 | 06 महीने | 06.03.2025 |
| 3 | (i) ADEN/SIR के तहत NMDA-SNL सेक्शन पर KMNN यार्ड में किमी 60/7–8 पर मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग नंबर C-15 के बदले LHS (सिंगल लेन) स्पैन (1x5.00x4.00 मीटर) का निर्माण। (ii). ADEN/SIR के तहत एनएमडीए–एसएनएल सेक्शन पर केएमएनएन–एसएमआरएल स्टेशनों के बीच किमी 62/11-12 पर मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या सी–16 के स्थान पर एलएचएस (सिंगल लेन) स्पैन (1x5x4 मीटर) का निर्माण। | 6,82,03,125 | 4,91,000 | 08 महीने | 06.03.2025 |

**नोट** :– 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट **IREPS** पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई – निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 488/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बीआर ग्लोबल स्कूल में कक्षा 12वीं के छात्रों को दी विदाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित बीआर ग्लोबल स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई, जिसके बाद कक्षा 11वीं के छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए, और शिक्षकों व कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य यशपाल ने छात्रों को मेहनत और सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि वे विद्यालय का नाम रोशन करें। विद्यालय के चेयरमैन राकेश यादव नए छात्रों से आह्वान किया की परीक्षाओं का समय नजदीक है।



## उत्तर रेलवे
### निविदा आमंत्रण सूचना

**कार्य का नाम और इसकी स्थिति:** 30-Elect-52-T-R1-24-25-E3 दिल्ली डिवीज़न में हरियाणा के 13 स्टेशनों (एसएनपी, पीएनपी, गौर, करनाल, केकेडीई, बीजीजेड, वीएच, आरओके, एफडीबी, जीजीएन, पीडब्ल्यूएल, पीटीआरडी, एफडीएन, बीवीएच) पर अपशिष्ट जल उपचार और रीसाइक्लिंग संयंत्र/ अपशिष्ट उपचार संयंत्र की स्थापना के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा की अनुमानित लागत:** 48.95/- लाख रू. **कार्यालय का पता:** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, स्टेट एंट्री रोड़, नई दिल्ली। **बयाना राशि:** 97,900/- रू. **निविदा निवेदन की दिनांक व समय:** 11.03.2025 12:00 बजे **निविदा खोलने की दिनांक व समय:** 11.03.2025 12:00 बजे **वेब साइट व नोटिस बोर्ड:** www.ireps.gov.in व वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली। **491/2025**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कार के साथ

## उत्तर रेलवे
### TENDER NOTICE
ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | | |
|---|---|---|
| | एन आई टी | 115-2024-25-डब्ल्यू–4 |
| 1. | काम का नाम (स्थान के साथ): ADEN/JHI के तहत SSE/Pway/JHI के अनुभाग में NRW यार्ड में 2 WCMS (12 में 1) के साथ 01 डायमंड क्रॉसिंग (2 तीव्र और 2 अधिक) का नवीनीकरण। विशेष लेआउट–88 संख्या) कार्य की समान प्रकृति। 1. जोनल रेलवे/मेट्रो रेलवे/रेलवे पीएसयू को सभी फिटिंग सहित सीएमएस, गैर–मानक वेल्डेबल डायमंड एक्सिंग का डिजाइन, विनिर्माण और आपूर्ति। और 2. जोनल रेलवे/मेट्रो रेलवे/रेलवे पीएसयू को वेल्डेबल सीएमएस एक्सिंग्स का विनिर्माण और आपूर्ति। नोट: (i) उपरोक्त एसएन–1 का कम से कम एक कार्य पूरा होना अनिवार्य है। (ii) पूर्ण किए गए समान कार्यों के वित्तीय मूल्य की आवश्यकता उपरोक्त एसएन–1 या 2 द्वारा पूरी की जा सकती है। | |
| 2. | काम की अनुमानित लागत रूपये | रूपये 19325649.56 |
| 3. | अग्रिम राशि (रूपये) | (यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) नोट:– रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआर ई पी एस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा. रूपये 246600.00 |
| 4. | काम की समाप्ति अवधि | 06 महीने |
| 5. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 07.03.2025 को 15.00 बजे तक तथा 07.03.2025 को 15.00 बजे निविदा खुलना है। |
| 6. | वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/280/OET/2024-25/W-IV/NIT-115 Dated: 11.02.2025 487/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **संत राम,** पुत्र ओम प्रकाश, निवासी- ई-554 मंगोलपुरी, दिल्ली ने **एफ आई आर नंबर 686/2020 धारा 12/9/55 गैंबलिंग अधिनियम थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संत राम** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **संत राम** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **संत राम, एफ आई आर नंबर 686/2020 धारा 12/9/55 गैंबलिंग अधिनियम थाना मंगोलपुरी, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 25.03.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री रीतिका जैन**
न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी-05
कमरा नंबर 105, प्रथम तल,
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
**DP/1733/OD/2025**

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रामबीर, पुत्र श्री जय नारायण निवासी मकान नंबर 250 वीपीओ झामरी, तहसील और जिला रोहतक 124001** ने **Case Reg. No. 1109/2020, U/S 138 NI Act,** अन्तर्गत थाना केएनके मार्ग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रामबीर,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रामबीर,** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **Case Reg. No. 1109/2020, U/S 138 NI Act,** अन्तर्गत थाना केएनके मार्ग, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रामबीर,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
उत्तर, कोर्ट नं. 213
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
**DP/1524/RD/2025 (Court Matter)**

# फास्ट फाइव नेटबॉल की पुरूष व महिला वर्ग की टीमों ने फाईनल में जीता गोल्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन महासचिव बबीता ने बताया कि 10 से 11 फरवरी तक देहरादून में खेले जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा नेटबॉल फास्ट फाइव की टीमों ने पुरुष व महिला दोनों वर्ग की टीमों ने फाइनल में गोल्ड जीता है। हरियाणा नेटबॉल फास्ट फाइव में महिला वर्ग की टीम का फाइनल मैच तेलंगाना के साथ खेला गया। जिसमें हरियाणा टीम ने 23-20 से जीत हासिल की हरियाणा नेटबॉल फास्ट फाइव में महिला वर्ग की कप्तान रेणु रानी सोनीपत से व साथी खिलाड़ी शबनम दहिया, खुशी दहिया, गढ़ी बाला से व विधि दहिया, पलक दहिया, मोनिका, शिवानी शर्मा की जीत दिलाने में अहम भागीदारी रही। ओर महिला वर्ग ने फाइनल में गोल्ड मेडल हासिल किया। हरियाणा फास्ट फाइव नेटबॉल की पुरूष वर्ग की टीम का फाइनल मैच केरला के बीच खेला गया, हरियाणा टीम ने 32-29 अंक से जीत हासिल की, जिसमें सोनीपत के विकास, कार्तिक राठी, जतिन दहिया, आर्यन दहिया, की गोल्ड मेडल दिलाने में अहम भागीदारी रही। हरियाणा फास्ट फाइव नेटबॉल की पुरूष व महिला की टीमों की उपलब्धि पर हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन की महासचिव बबीता जी ने टीम कोच, मैनेजर व खिलाड़ियों को बधाई दी।

## पूर्वोत्तर रेलवे
### ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 07/2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "**खुली**" निविदा आमन्त्रित करते हैं :
**क्र. सं.** : 1, **कार्य का विवरण** : भोजीपुरा – लालकुआं (26 सेट्स) एवं भोजीपुरा – कासगंज (67 सेट्स) एस.ई.जे. बेहतर एस.ई.जे. का नवीनीकरण (93 सेट्स), **अनुमानित लागत** : रु. 63,79,722.70, **बयाना राशि** : रु. 1,27,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 06 माह।
1. ई-निविदा दिनांक 05.03.2025 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)
इज्जतनगर
मुजाधि/डब्ल्यू-397
ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

## आभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **परमजीत सिंह सेठी निवासी ई-53, रघुबीर नगर, नई दिल्ली** ने एफआईआर सं. **453/2022, अन्तर्गत धारा 420/468/471/120बी/34 आईपीसी, थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परमजीत सिंह सेठी** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **परमजीत सिंह सेठी** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर **सं. 453/2022, अन्तर्गत धारा 420/468/471/120बी/34 आईपीसी, थाना मंगोलपुरी, बाहरी जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **परमजीत सिंह सेठी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.03.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सुश्री रीतिका जैन**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (उ.-प.)
कमरा नं. 105, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली
**DP/1679/OD/2025 (Court Matter)**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जोकि रोहित पुत्र श्री सुभाष निवासी गांव लाठ तहसील गोहाना जिला सोनीपत का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरी दसवीं की मार्कसिट में मेरा आधार कार्ड नंबर 6338-9367-7996 लिखा हुआ है जोकि गलत है जबकि मेरा सही आधार कार्ड नंबर 6338-9367-7896है ।अब मैं अपनी दसवीं की मार्कसिट में अपना सही आधार कार्ड नंबर 6338-9367-7896 लिखवाना चाहता हूं।

## सार्वजनिक सूचना

मैं मेहा आधार न0-2426 8548 8478 पुत्री राजेश कुमार निवासी खिजरपुर अहिर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत सर्वसाधारण को सुचित करना चाहती हूँ कि त्रुटिवंश मेरी दसवी की अंकसूची (मार्कशीट) में मेरा नाम मेहा यादव लिख दिया गया था जिसे बदलवा के मैने मेहा नाम करवा लिया है जो कि मेरा सही नाम है। और उक्त ब्यान मेरे सही व दुरूस्त है इसमें मैने कुछ नही छिपाया है जिसकी में स्वयं जिम्मेवार रहूंगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।









# सदन में सदस्यों की लगेगी पाठशाला

## नवगठित होने वाली आठवीं विधानसभा की बात करें तो इसमें करीब 33 नए चेहरे ऐसे हैं जो पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं

**नियम-कायदे**

**बाकायदा उनको ट्रेनिंग दी जाएगी कि उनका व्यवहार कैसा रहेगा। नियमावलियों के बारे में समझाया जाएगा**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में पहली बार पहुंचने वाले नवनिर्वाचित सदस्यों की पाठशाला लगाई जाएगी। सदन के वरिष्ठ सदस्य उन्हें नियमों और कायदों से अवगत कराएंगे। बाकायदा उनको ट्रेनिंग दी जाएगी कि उनका व्यवहार कैसा रहेगा। विधानसभा नियमावलियों को आधार बनाकर उन्हें समझाया जाएगा ताकि सदन की गरिमा बनी रहे और विधानसभा सत्र चलाने में किसी तरह के नियमों की अनदेखी नहीं हो सके। दिल्ली विधानसभा में इस बार कई नए चेहरे दिखेंगे। नवगठित होने वाली आठवीं विधानसभा की बात करें तो इसमें करीब 33 नए चेहरे ऐसे हैं जो पहली बार विधानसभा पहुंचे हैं। इसमें 11 पार्षद और एक मनोनीत निगम पार्षद भी शामिल हैं। इसके अलावा मोहन सिंह बिष्ट, अरविंदर सिंह लवली, विजेंद्र गुप्ता, राजकुमार चौहान, आतिशी समेत कई वरिष्ठ नेता भी पहुंचेंगे। सदन की कार्यवाही ठीक से चले, इसके लिए नए विधायकों को ट्रेनिंग दी जाएगी। साथ ही विपक्षी पार्टियों के खिलाफ किस तरह से हमलावर होना है इसके भी गुर सिखाए जाएंगे।

वरिष्ठ विधायकों ने बताया कि सदन की एक मयार्दा होती है। इससे कायम रखने के लिए भाजपा अपने नवनिर्वाचित विधायकों को रूल बुक पहले ही पढ़ने को देगी ताकि वह समझ सकें कि सदन की कार्यवाही कैसे चलती है। आम आदमी पार्टी की सरकार ने सदन की गरिमा को तार-तार किया था। ऐसे में कई तरह की नियमों की अनदेखी हो रही थी। अब सदन पूरी तरह से मयार्दा के अनुसार चलेगा और मर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया जाएगा। सदन के वेल में कैसे विरोध करना है और विधानसभा अध्यक्ष से किस तरह से पेश आना है इससे भी सभी नवनिर्वाचित विधायकों को अवगत किया जाएगा। शून्य काल में किस तरह से प्रश्न रखना है और नियम 280 के तहत अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र की समस्या को सदन में उठाना है इसकी पाठशाला लगाई जाएगी।

**नए चेहरे पीछे और वरिष्ठों के लिए अगली पंक्ति**

सरकार का गठन होने के बाद सीट भी सभी के लिए अलग-अलग वितरित की जाएंगी। सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने बैठेंगे। पहली बार विधानसभा में पहुंचे विधायकों को पीछे सीट आवंटित की जाएगी और वरिष्ठ विधायकों को अगली पंक्ति में सीट आवंटित की जाएगी।

# छोटे भाई की गोली मारकर हत्या




**धरपकड़**

**मृतक की पहचान धर्मेंद्र दलाल (35) के रूप में हुई है। आरोपी रविंदर मौके से भाग गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** बिंदापुर के मटियाला गांव में एक युवक ने अपने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान धर्मेंद्र दलाल (35) के रूप में हुई है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी रविंदर मौके से भाग गया। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी के ठिकानों पर दबिश दे रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि दोनों का घर पैतृक संपत्ति के किराये से चल रहा था। इसी संपत्ति के विवाद में ही हत्या की गई है। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने बताया कि रात दस बजे पुलिस को मटियाला गांव में एक युवक को गोली मारे जाने की जानकारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पता चला कि बड़े भाई रविंदर ने छोटे भाई धर्मेंद्र को गोली मारी है। परिवार वाले उसे पास के अस्पताल लेकर गए हैं, जबकि आरोपी घटना को अंजाम देकर भाग गया है। पुलिस ने क्राइम और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया और मौके से चार खोखे बरामद किए। अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। पुलिस को पूछताछ में पता चला कि धर्मेंद्र कुत्तों को खाना खिलाने के लिए घर के पीछे खाली प्लॉट में गए थे। वहां उनका बड़ा भाई रविंदर पहले से मौजूद था। दोनों के बीच कहासुनी हुई और रविंदर ने गोली चला दी। परिवार वालों के मुताबिक धर्मेंद्र दलाल अपने परिवार के साथ मटियाला गांव में रहते थे। उनका एक बेटा है। धर्मेंद्र तीन भाईयों में सबसे छोटे थे। इसी गांव में उनके भाइयों का परिवार भी रहता है। पैतृक संपत्ति से आने वाले किराये से पूरे परिवार का भरण पोषण होता था। स्थानीय लोगों के मुताबिक धर्मेंद्र का आपराधिक प्रवृति वालों के साथ उठना बैठना था। उसने ही गैंगस्टर काला जठेड़ी की शादी में पंडाल बुक किया था। पुलिस इसकी जांच कर रही है। हालांकि, पुलिस अधिकारी का कहना है कि हत्या में गैंगस्टर का कोई लेना देना नहीं है।



नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आयुष मंत्रालय और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने बुधवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

# सीबीआई ने डीटीसी के छह अधिकारियों को गिरफ्तार किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली से आम आदमी पार्टी (आआपा) सरकार की विदाई के बाद भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई शुरू हो गई है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप में दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के छह अधिकारियों को गिरफ्तार किया है।

जांच एजेंसी को दिल्ली से लेकर गुरुग्राम सीमा तक दिल्ली परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी की कई शिकायतें मिली थीं।

# सिख दंगा : सज्जन कुमार दोषी करार, सजा 18 को



**स्कीम शुरू**

**कोर्ट ने 31 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह मामला एक नवंबर, 1984 का है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगे के दौरान सरस्वती विहार के मामले में पूर्व कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को दोषी करार दिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने सज्जन कुमार की सजा पर 18 फरवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने 31 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह मामला एक नवंबर, 1984 का है, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के राज नगर में सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह की हत्या कर दी गई थी। शाम को करीब चार-साढ़े चार बजे दंगाइयों की भीड़ ने इनके राज नगर इलाके में स्थित घर पर लोहे की सरियों और लाठियों से हमला कर दिया। शिकायतकर्ताओं के मुताबिक इस भीड़ का नेतृत्व सज्जन कुमार कर रहे थे, जो उस समय बाहरी दिल्ली लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद थे। शिकायत के मुताबिक सज्जन कुमार ने भीड़ को हमला करने के लिए उकसाया, जिसके बाद भीड़ ने सरदार जसवंत सिंह और सरदार तरुण दीप सिंह को जिंदा जला दिया। भीड़ ने पीड़ितों के घर में तोड़फोड़, लूटपाट और आगजनी को भी अंजाम दिया। शिकायतकर्ता की ओर से तत्कालीन रंगनाथ मिश्रा की अध्यक्षता वाली जांच आयोग के समक्ष दिए गए हलफनामे के आधार पर उत्तरी जिले के सरस्वती विहार थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 148, 149, 395, 397, 302, 307, 436 और 440 की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी।

# खरीद-फरोख्त: आप विधायक मुकेश अहलावत को नोटिस

**जांच की आंच**

**एसीबी को जांच करने से इनकार किया आप नेता, संजय सिंह ने लगाया था विधायक खरीदने के आरोप**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव के बाद सात फरवरी को मतगणना से एक दिन पहले एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) की टीम आप विधायक मुकेश अहलावत के आवास पर गई और उन्हें दूसरी बार नोटिस देकर पूछताछ करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने एसीबी के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया और कोई साक्ष्य भी उपलब्ध नहीं कराए, जिसके कारण एसीबी की जांच आगे नहीं बढ़ पा रही है।

**संजय सिंह ने भाजपा पर लगाया था आरोप**

आप के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने छह और सात फरवरी को एक्स पर पोस्ट और मीडिया को दिए बयान में आरोप लगाया था कि मुकेश अहलावत और 15 अन्य प्रत्याशियों को भाजपा नेताओं की ओर से फोन आए और भाजपा में शामिल होने के लिए 15-15 करोड़ रुपये की पेशकश की गई।

**आप विधायक ने एसीबी को नहीं दिया कोई जबाव**

इसलिए एसीबी मुकेश अहलावत के आवास पर नोटिस लेकर उनसे पूछताछ करने पहुंची, ताकि पिछली बार की तरह इस बार भी वह यह न कह सकें कि एसीबी बिना नोटिस दिए उनके घर पूछताछ के लिए आई है। उन्होंने नोटिस तो ले लिया, लेकिन एसीबी के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया। उन्होंने जांच में सहयोग नहीं किया। विधायक ने तीन-चार दिन बाद नोटिस का लिखित जवाब भेजने का आश्वासन दिया। केजरीवाल और संजय सिंह को अभी तक दूसरा नोटिस नहीं दिया गया है।

**एसीबी नहीं मिला कोई सबूत**

एसीबी प्रमुख संयुक्त आयुक्त मधुर वर्मा का कहना है कि 7 फरवरी को ही आप नेताओं से रिश्वत की पेशकश करने वाले नेताओं के नाम और नंबर के बारे में जानकारी मांगी गई थी, लेकिन न तो केजरीवाल और न ही मुकेश अहलावत ने कोई जानकारी दी।

**संजय सिंह ने सबूत देने से किया इनकार**

जब आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह से पूछताछ की गई तो उन्होंने भी कोई सबूत देने से इनकार कर दिया। मधुर वर्मा का कहना है कि जिस तरह से आप नेताओं ने कोई जानकारी नहीं दी है और अब तक जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं, उससे साफ है कि उन्होंने सनसनी फैलाने के लिए ऐसी अफवाहें फैलाई हैं। गौरतलब है कि संजय सिंह ने सबसे पहले 7 फरवरी को ट्विटर पर पोस्ट कर आरोप लगाया था।

# अमानतुल्लाह की तलाश में अब स्पेशल सेल सक्रिय



**सख्ती की तैयारी**

**पुलिस सूत्रों के अनुसार अमानतुल्लाह की गिरफ्तारी के बाद मकोका लगाने की तैयारी चल रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आआपा) के नवनिर्वाचित विधायक अमानतुल्लाह खान की तलाश में अब दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को लगाया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार अमानतुल्लाह की गिरफ्तारी के बाद मकोका लगाने की तैयारी चल रही है। विधायक की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और क्राइम ब्रांच की टीम अभी तक उप्र, राजस्थान और दिल्ली के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर चुकी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार विधायक की फोन की आखिरी लोकेशन मीठापुर में मिली, लेकिन उसके बाद से उसका फोन बंद चल रहा है। सूत्रों का यह भी दावा है कि पुलिस को शक है कि कुछ आम आदमी पार्टी नेता अमानतुल्लाह की मदद कर रहे हैं। इससे पहले दिल्ली पुलिस ने दो दिन पहले सोमवार को जामिया नगर में पुलिस टीम पर हमले की अगुवाई करने के आरोप में अमानतुल्लाह खान के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

पुलिस के अनुसार अमानतुल्लाह ने हत्या की कोशिश के मामले में भगोड़े आरोपित की हिरासत से भागने में मदद भी की है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह वाकया तब हुआ, जब दिल्ली के जामिया नगर इलाके में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम हत्या की कोशिश के एक मामले में वांछित शाबाज खान को गिरफ्तार करने गई थी। उसी दौरान अमानतुल्लाह अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस टीम से झगड़ने लगे।

# क्या आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक की जगह लेगा आयुष्मान आरोग्य मंदिर?

**नाम बदलेगा?**

**सत्ता मिलने पर केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को लागू करने का दावा किया था**




**योजनाओं को लागू करने में नहीं आएगी समस्या**

**दिल्ली** के पूर्व आईएएस अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली का बजट 70 हजार करोड़ रुपये का है। ऐसे में भाजपा ने जो घोषणाएं की हैं उन्हें केवल दिल्ली के बजट से पूरा नहीं किया जा सकता। इन्हें पूरा करने के लिए केंद्र सरकार की योजनाओं का सहारा लेना होगा। केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजनाओं के तहत सुविधाएं दे रही हैं। मौजूदा योजनाओं को लागू करने की गारंटी खुद प्रधानमंत्री ने दी है। ऐसे में इन्हें जल्द शुरू किया जा सकेगा।

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्राथमिक चिकित्सा सुविधा की स्थिति सुधारने के लिए आम आदमी मोहल्ला क्लीनिक की जगह जल्द आयुष्मान आरोग्य मंदिर ले सकते हैं। दिल्ली में एक हजार से अधिक आरोग्य मंदिर बनने की उम्मीद है। दरअसल, दिल्ली में बदली सत्ता के साथ कई बड़े बदलाव होने की उम्मीद है। दिल्ली में आप की सरकार रहते हुए केंद्र की योजनाएं लागू नहीं हो पाईं। भाजपा ने चुनाव के दौरान सत्ता मिलने पर केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को लागू करने का दावा किया था। विधानसभा चुनाव में भाजपा 48 सीटों के साथ सरकार बना रही है। ऐसे में दिल्ली में अब आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) व प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन योजना (पीएम-एबीएचआइएम) लागू हो सकेगी। दिल्ली में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाने से प्राथमिक स्वास्थ्य का बुनियादी ढांचा मजबूत होगा। केंद्र सरकार ने साल 2021 में पीएम-एबीएचआइएम योजना शुरू की थी। इसके तहत दिल्ली को 2406 करोड़ से 1139 शहरी स्वास्थ्य व वेलनेस सेंटर, 11 जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य लैब व दस क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाने थे लेकिन दोनों सरकार के बीच विवाद होने से दिल्ली में यह योजना लागू नहीं हो पाई। नई सरकार बनने पर दिल्ली में 1139 आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए जा सकते हैं। जबकि दिल्ली में आप सरकार ने एक हजार मोहल्ला क्लीनिक बनाने की घोषणा की थी। इसमें से करीब 545 मोहल्ला क्लीनिक बन पाए हैं।

**दिल्ली में 72 लाख लोगों को मिल सकती है सुविधा**

योजना लागू होने पर दिल्ली में आयुष्मान योजना की मदद से 72 लाख लोगों को सुविधा मिल सकती है। इसके अलावा 70 साल से अधिक आयु के लोग भी शामिल हैं। योजना में शामिल होने के लिए आवेदक को आधिकारिक वेबसाइट ्रे.ङ्मं५.ल्ल पर जांच करनी होगी। जांच होने पर आधार कार्ड या राशन कार्ड को पीएमजेएवाई कियोस्क पर वेरीफाई करवाना होगा।

# भाजपा ने की अमानतुल्लाह खान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

**पड़ेगा महंगा**

**विधायक अमानतुल्लाह खान आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। पहले भी उन पर कई मुकदमे चले हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने अमानतुल्लाह खान को "आपराधिक प्रकृति" वाला व्यक्ति करार दिया।

वीरेंद्र सचदेवा ने आज यहां कहा कि आआपा के विधायक अमानतुल्लाह खान आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। पहले भी उन पर कई मुकदमे चले हैं लेकिन इस बार उन्हें ये महंगा पड़ने वाला है। कानून अपना काम करेगा लेकिन ऐसे लोगों को कानून सख्त से सख्त सजा दे। सचदेवा ने कहा कि इस बार जो काम अमानतुल्लाह खान ने किया है, वह गलत है। उन्होंने कहा कि वे उन अपराधियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, जिन्हें कोर्ट ने गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। उल्लेखनीय है कि आआपा के विधायक अमानतुल्लाह खान के खिलाफ पुलिस के साथ मारपीट करने, धमकी देने और आरोपितों को फांसी देने से रोकने के आरोप में भी एफआईआर दर्ज की गई थी।

# प्राइवेट पार्ट में डाली रॉड, बस में हुई खौफनाक वारदात




**दरिंदगी**

**दिल्ली के बवाना में आरटीवी बस में यात्री से दरिंगदगी, वाहन मालिक ने बताई चुनावी ड्यूटी में शामिल होने की बात**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के बवाना में एक फरवरी की रात जिस आरटीवी (रूरल ट्रांसपोर्ट व्हीकल) बस में यात्री के साथ दरिंदगी हुई थी, वह बस चुनावी अमले में शामिल हुई थी। हत्या के बाद बस पूरा दिन बुराड़ी में विधानसभा चुनाव की तैयारियों में शामिल रही। बताया गया कि चार फरवरी को बस चुनावी ड्यूटी में नहीं पहुंची तो चुनाव अधिकारी की ओर से मिसिंग रिपोर्ट दर्ज कराई गई। बाद में बस मुकुंदपुर के पास लावारिस हालत में मिली।

**अंदरूनी अंग में डाल दी थी रॉड** : इस लोमहर्षक हत्याकांड को लेकर चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। पुलिस जांच से इतर नई जानकारी मिली है। बस में मनोज उर्फ बाबू नामक यात्री के अंदरूनी अंग में रॉड डालकर मौत के घाट उतारने के बाद बस व चालक के चुनावी ड्यूटी में शामिल होने की बात वाहन मालिक अजीत सिंह ने साझा की है। बस मालिक ने बताया कि तीन फरवरी को बस बुराड़ी में चुनावी ड्यूटी में शामिल हुई थी, लेकिन अगले दिन बस वहां नहीं गई। चुनाव कार्यालय की ओर से उन्हें यह जानकारी मिली। बाद में चुनाव कार्यालय की ओर से पुलिस को बस की मिसिंग की शिकायत दी गई।

**बस को पहले भी नसीर चलाता था**

वहीं, अगले दिन पांच फरवरी को बस मुकुंदपुर फ्लाईओवर के पास खराब हालत में मिली। अजीत सिंह ने बताया कि छह फरवरी को पुलिस के माध्यम से उन्हें बस में यात्री की हत्या के बारे में जानकारी मिली। बस मालिक ने बताया कि उसने एक साल पहले यह बस किसी से खरीदी थी। इस बस को पहले भी नसीर चलाता था। उनकी बस का चालक नसीर है। बताया कि नसीर व उसके दोस्त आशीष उर्फ आशू मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले हैं। कुछ समय से वे बवाना में रह रहे हैं। पुलिस अधिकारी के अनुसार, जांच में सामने आया है कि वारदात के समय आशीष उर्फ आशू बस चला रहा था और उसी ने यात्री के अंदरूनी अंग में रॉड डाली थी।

**बस के नंबर स्पष्ट नहीं**

आरटीवी बस के आगे, पीछे और साइड में तीन जगह नंबर लिखे हैं। तीन में से दो नंबर स्पष्ट नहीं हैं। केवल बस के पीछे लगी नंबर प्लेट पर नंबर सही है। बस के आगे लगी नंबर प्लेट के नौ में से चार अंक ही पढ़ने में आ रहे हैं, बाकी सभी गायब हैं। बस 31 अक्टूबर 2016 को पंजीकृत हुई थी और 14 अक्टूबर 2025 तक फिटनेस मान्य है। नरेला की गौतम कॉलोनी में रहने वाले मनोज उर्फ बाबू का परिवार गहरे सदमे में है।

# डार्क जोन ब्लॉकों में भूजल स्तर में होगा सुधार: पाटिल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने कहा है कि जल शक्ति मंत्रालय हरियाणा के डार्क जोन ब्लॉकों में भूजल स्तर में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाएगा। उन्होंने बताया कि देशभर में लगभग 150 जिलों के विभिन्न ब्लॉक डार्क जोन में आ चुके हैं, जिनमें हरियाणा भी शामिल है। जल शक्ति मंत्रालय का प्रयास हरियाणा के ब्लॉकों को डार्क जोन से बाहर निकालना है, और यह कार्य जनभागीदारी के बिना संभव नहीं होगा। इसके तहत, मंत्रालय भूजल पुनर्भरण (रीचार्ज) और जल संचयन को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करेगा, जिससे भूजल स्तर में स्थायी सुधार लाया जा सके। सी आर पाटिल आज यहां आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, सूचना जनसंपर्क, भाषा एवं






संस्कृति विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग और मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय उपस्थित थे। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट 2024 में हरियाणा राज्य को विकास परियोजनाओं के लिए लगभग 76 हजार करोड़ रुपए आवंटित हुए। साथ ही, लगभग 78 हजार करोड़ रुपए अनुदान के रूप में प्राप्त हुए हैं, जिससे हरियाणा तीव्र गति से आगे बढ़े रहा है। वहीं, वर्ष 2014 से पूर्व की सरकार में हरियाणा को केंद्रीय बजट में 19 हजार करोड़ रुपए और अनुदान के रूप में 21 हजार करोड़ रुपए ही मिलते थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने इस वर्ष का जो बजट पेश किया है, वो हर वर्ग के कल्याण का बजट है। बजट में युवा, महिला, किसान और गरीबों का ख्याल रखा गया है। मध्यम वर्ग को भी बड़ी राहत देते हुए 12 लाख रुपए तक की आय को कर मुक्त किया गया है। इससे लगभग 7 करोड़ करदाताओं को लाभ मिलेगा। इस कदम से लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी, जिससे मार्केट में उत्पादों की मांग बढ़ने से उद्योग क्षेत्र को भी फायदा होगा।

**प्रधानमंत्री का भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का है विजन**

सी आर पाटिल ने कहा कि वर्ष 2014 में भारत देश की अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें नंबर पर थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में लगातार प्रगति करते हुए आज भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इस तीसरे टर्म के कार्यकाल में प्रधानमंत्री का विजन इसे तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का है, जिसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि बजट में ग्रामीण क्षेत्र और कृषि क्षेत्र पर भी फोकस किया गया है। 100 कम उत्पादक्ता वाले जिलों पर फोकस करते हुए तुअर, मसूर जैसी दालों की पैदावार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। कृषि ऋण सीमा को 3 लाख रुपए से

**प्रभावी कदम**

**केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने केंद्रीय बजट को बताया हर वर्ग के कल्याण का बजट**

बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दिया गया है। स्टार्टअप के लिए भी 20 हजार करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि बजट में अगले पांच वर्षों में सरकारी विद्यालयों में 50,000 अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को ब्रॉडबेंड कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। सभी जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर केंद्र स्थापित करने की भी योजना बजट में रखी गई है। इसी वर्ष 200 केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

# संत रविदास के उपदेशों को अपने जीवन में उतारना चाहिए: श्याम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज चंडीगढ़ में संत शिरोमणि गुरु रविदास जंयती के अवसर पर उन्हें पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने हमेशा समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने जाति-पाति और भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को एक नई दिशा दी है। संत रविदास जी की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर समाज में प्रेम और समरसता बनाए रखनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि संत रविदास जी ने ह्यमन चंगा तो कठौती में गंगाह्न का संदेश देकर यह सिद्ध किया कि सच्ची भक्ति मन की पवित्रता में होती है, न कि बाहरी आडंबरों में।

कृषि मंत्री ने कहा कि संत रविदास एक ऐसे महान संत एवं

**समरसता**

**संत रविदास जी ने हमेशा समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया: श्याम सिंह**

अद्वितीय कवि थे, जिन्होंने सामाजिक एकता एवं मानवतावादी मूल्यों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि संत रविदास के उपदेशों एवं उनके आदर्शों को हर व्यक्ति को अपने जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने महापुरुषों का मान सम्मान बरकरार रखने के लिए हरियाणा में संत-महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रचार-प्रसार योजना शुरू की हुई है। योजना के तहत संतों, महापुरुषों की जयंतियां व शताब्दियां सरकारी स्तर पर मनाई जाती है।

## न्यूज फ्लैश

### समाज हित के लिए अग्रणी होकर कार्य करने चाहिए: गंगवा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :-** हरियाणा के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की प्रेरणाओं का हम सभी को अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने मानवता का संदेश देते हुए यही कहा था कि कोई व्यक्ति जन्म से छोटा बड़ा नहीं होता, बल्कि कर्मों से होता है। हमें गुरु रविदास की पावन शिक्षाओं पर चलते हुए समाज हित के लिए अग्रणी होकर कार्य करने चाहिए।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा आज बरवाला (हिसार) में आयोजित संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज के 648वें प्रकट दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने गुरु रविदास छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में 21 लाख रुपये रविदास सभा को छात्रावास में निर्माण कार्य के लिए तथा 11 लाख रुपये रविदास चौपाल के नवीनीकरण के लिए देने की घोषणा भी की। साथ ही उन्होंने, बरवाला में एक चौक का नाम भी गुरु रविदास के नाम पर रखे जाने की बात कहीं। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि गुरु रविदास ने समाजहित का संदेश दिया था, उनकी प्रेरणाओं का अनुसरण करते हुए हमें आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास ने यही संदेश दिया था कि किसी प्रकार का किसे से भेद भाव नहीं रखना चाहिए। वो ऐसे समाज की परिकल्पना करते थे, जिसमें आडंबर ना हो। मानवता का पाठ पढ़ाते हुए उन्होंने हमेशा यहीं कहा कि सभी का सम्मान हो। संत गुरु रविदास एक महान समाज सुधारक थे और शांति, प्रेम तथा भाईचारे के सन्देश वाहक थे। गुरु रविदास का जीवन त्याग और तपस्या का अनुपम उदाहरण है। वे मानवता की सेवा को ही ईश्वर की सेवा मानते थे। गंगवा ने लोगों से आह्वान किया कि अपने बच्चों को शिक्षित करें, क्योंकि शिक्षा से ही विकास संभव है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार भी हर वर्ग को ख्याल में रखते हुए कार्य कर रही है। पढ़ लिख कर मेहनत करने वाले युवकों को उनकी मेहनत का सिला इस सरकार की ट्रांसपरेंसी की नीतियों से मिला है। आज युवाओं को रोजगार बिना पर्ची - बिना खर्ची, उनकी काबलियत के आधार पर देने का काम इस सरकार ने किया है।

### सांस्कृतिक संध्या - सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** 38वां अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेला सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हुए देश दुनिया में हमारी संस्कृति के आदान प्रदान का सशक्त माध्यम बन रहा है। दुनिया के विभिन्न देशों व अन्य राज्यों से आने वाले पर्यटकों को मेला परिसर में रोजाना सांस्कृतिक मंचों पर विख्यात आर्टिस्ट की प्रस्तुतियां देखने को मिल रही हैं। कला एवं सांस्कृतिक विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पर्यटकों का अपार जनसमूह उमड़ रहा है। सांस्कृतिक संध्या बड़ी चौपाल पर आयोजित हुई जिसमें असम से आई सुप्रसिद्ध प्रियदर्शिनी पुरस्कार अवार्डी सुनीता भुयान ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। वायलिन की सुरीली धुनों से मंगलवार की शाम सूरजकुंड मेला परिसर तालियों की गडगड़ाहट से गूंज उठा और दर्शकों ने सुनीता भुयान की कला की खूब प्रशंसा की। गौरतलब है कि मेला परिसर में 23 फरवरी तक प्रतिदिन मुख्य चौपाल व अन्य सांस्कृतिक मंचों पर देश-विदेश के प्रख्यात कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। हर शाम 7 बजे से देश के जाने-माने कलाकार अपनी गायकी व वाद्य यंत्रों के माध्यम से दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को सांस्कृतिक संध्या में भारतीय वायलिन वादक सुनीता भुयान व लोक गायिका रिंकू कालिया ने बड़ी चौपाल पर अपनी गायकी से देर शाम तक दर्शकों को सुरीले गीतों व मनमोहक ध्वनि के साथ वाद्य यंत्रों से मनोरंजन किया। सूरजकुंड मेले में मंगलवार को सांस्कृतिक संध्या में इंडो जैज फ्यूजन और विश्व लोक शैलियों की प्रस्तुति दी तो बड़ी चौपाल संगीत के रंग में रंग गई। सुनीता भुयान ने गंगा सिलोनी गाने को देश की अलग-अलग भाषाओं में गाया। इसके साथ ही उन्होंने अष्ट लक्ष्मी प्रस्तुति के जरिए पूर्वोत्तर के राज्यों की संस्कृति की भी झलक दिखाई। इससे पहले सांस्कृतिक संध्या में लोक गायिका रिंकू कालिया ने अजीब दास्तां है ये, चार दिनां दा साथ हो रब्बा बड़ी लम्बी जुदाई व मैं आवांगी हवा बन के इत्यादि गीत, गजल और भक्ति गीतों से चौपाल में बैठे दर्शकों का मन मोह लिया।

# हरियाणा सुपर 100 में भिवानी के आदित्य ने किया टाप

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** सेकेंडरी एजुकेशन विभाग ने हरियणा सुपर 100 के परिणाम घोषित किए हैं। सेकेंडरी एजुकेशन विभाग के प्रवकता ने बताया कि भिवानी के आदित्य ने 99.91 प्रतिशत अंक लेकर परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी तरह से जींद के रविंद्र ने 99.87 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा और भिवानी की मुस्कान ने 99.84 अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया है। इसी तरह से फरीदाबाद के तनीश ने 99.81 प्रतिशत अंक लेकर चौथा, महेंद्रगढ़ के विशेष यादव ने 99.56 प्रतिशत अंक लेकर पांचवां, गुरुग्राम के रोहित ने 99.44 प्रतिशत अंक लेकर छठा, फरीदाबाद की सुफ्ता प्रवीन ने 99.35 प्रतिशत लेकर सातवां, फतेहाबाद के योगेश ने 99.31 प्रतिशत अंक लेकर आठवां, फरीदाबाद के विवेक ने 99.19 अंक लेकर नौवां और जींद के दीपेंद्र ने 99.17 प्रतिशत अंक लेकर दसवां स्थान हासिल किया है।

प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षा में 10 परीक्षार्थियों ने 99 प्रतिशत, 26 परीक्षार्थियों ने 97 प्रतिशत, 52 परीक्षार्थियों ने 95 प्रतिशत, 97 परीक्षार्थियों ने 90 प्रतिशत और 143 परीक्षार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए।

# विधानसभा में आयोजित किया जाएगा दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए दो दिवसीय 14 व 15 फरवरी, 2025 को हरियाणा विधानसभा, चंडीगढ़ में संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के सहयोग से प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हरियाणा विधानसभा के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष के सलाहकार राम नारायण यादव प्रारम्भिक टिप्पणियाँ देंगे। इसके बाद हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंदर कल्याण स्वागत भाषण देंगे और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व विधानसभा सदस्य भूपेन्द्र सिंह हुड्डा



भी संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान प्राइड के कार्यकरण के बारे में वीडियो फिल्म का प्रदर्शन भी किया जाएगा। इस दौरान लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला का उद्घाटन भाषण और उनके नेतृत्व में भारत के संविधान की उद्देशिका का वाचन किया जाएगा। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा धन्यवाद करेंगे। उन्होंने बताया कि दोपहर बाद पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष सरदार कुलतार सिंह रंधवा व उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा विधायी अनुभव पर सम्बोधन दिया जाएगा। इस मौके पर लोक सभा सदस्य और वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 संबंधी संयुक्त समिति के सभापति जगदम्बिका पाल प्रभावी विधायक कैसे बनें, सदस्यों को क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए

**वक्तव्य**

**हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए 14 व 15 फरवरी को आयोजित होगा कार्यक्रम**

विषय पर सम्बोधित करेंगे। इसके अलावा, लोकसभा सदस्य तथा प्राक्कलन समिति के सभापति डॉ. संजय जायसवाल तथा भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय, एआईसीटीई के सलाहकार, (संयुक्त सचिव, राज्य सभा सचिवालय) डॉ. राघव प्रसाद दास विधानमंडलों में प्रश्नों और अन्य साधनों के माध्यम से कार्यपालिका की जवाबदेही पर वक्तव्य देंगे।




हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा चण्डीगढ़ में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए।

## उच्च न्यायालय की डिविजन बेंच का बड़ा फैसला

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग की तरफ से दाखिल की गई LPA पर सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने कमीशन के प्रति सकारात्मक रुख दिखाते हुए माननीय उच्च न्यायालय के सिंगल बेंच के फैसले को बदल दिया है । 2021 की CWP 22346 के संबंध में दाखिल की गई याचिका की सुनवाई करते हुए माननीय उच्च न्यायालय द्वारा लगाए गए 10 लाख रुपये की कॉस्ट को उच्च न्यायालय की डिवीजन बेंच ने समाप्त करने का फैसला दिया है।

# रविदास ने सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया: कुमारी सैलजा



**टीम एक्शन इंडिया**

**भूना/फतेहाबाद:** कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने सभी को संत गुरू श्री रविदास की जयंती की बधाई देते हुए कहा कि वे न केवल एक आध्यात्मिक गुरु थे, बल्कि समाज में समानता और प्रेम का संदेश देने वाले महान समाज सुधारक भी थे। अपने उपदेशों के माध्यम से समाज को बिना भेदभाव के प्रेम और एकता की सीख दी, जिसके कारण वे भक्ति मार्ग के प्रमुख संतों में गिने जाते हैं उनकी शिक्षाएं समानता, विनम्रता और करुणा के मूल्यों को बढ़ावा देती हैं, जो एक अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए आवश्यक हैं। उनके जीवन और शिक्षाओं को समझने की जरूरत है, इस राह पर चलकर ही हम अपने समाज, देश और बच्चों के भविष्य को संवार सकते हैं। कुमारी सैलजा बुधवार को भूना में गुरू श्री रविदास समाज सेवा

**घोषणा**

**जयंती समारोह में संत गुरू श्री रविदास जी को किया नमन, समिति को 21 लाख रुपये देने की घोषणा**

समिति की ओर से संत श्री गुरू रविदास मंदिर और धर्मशाला में आयोजित जयंती समारोह में उपस्थित जनसमुह को संबोधित कर रही थी। इस मौके पर फतेहबाद के विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, भूना नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज पसरीचा, जयपाल सिंह लाली, अरविंद शर्मा, राजेश चाड़ीवाल आदि मौजूद थे। आयोजकों ने सांसद कुमारी सैलजा का जोरदार स्वागत किया। इससे पूर्व सैलजा ने सबसे पहले संत गुरू श्री रविदास के चित्र के समक्ष शीश नवाया।

# संत शिरोमणी गुरु रविदास जी एक महान संत थे: सुमन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा राज्य बाल कल्याण** परिषद की उपाध्यक्ष एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी श्रीमति सुमन सैनी ने आज नारायणगढ़ में संत शिरोमणी गुरू रविदास जी की जंयती पर गांव मिजार्पुर काठ में गुरू रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की और गुरू रविदास जी को शत-शत नमन करते हुए सभी को गुरू रविदास जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंदिर कमेटी तथा ग्रामवासियों ने श्रीमति सुमन सैनी का स्वागत किया और उन्हें शिरोपा तथा स्मृति चिन्ह्न देकर

**प्रेरणास्त्रोत**

**गुरू रविदास जी को शत-शत नमन करते हुए सभी को गुरू रविदास जयंती की बधाई दी**

उनका अभिनन्दन किया।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष श्रीमति सुमन सैनी ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर हम उनके जीवन और उनके संदेशों को याद करते हैं। गुरु रविदास जी एक महान संत, दार्शनिक, कवि, समाज सुधारक थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में कई आध्यात्मिक ग्रंथों की रचना की है। उन्होंने मानवता की सेवा और प्रेम व भक्ति का संदेश दिया। उनके दोहे और कविताएं आज भी प्रसिद्ध है। उन्होंने शिक्षा और ज्ञान पर अधिक जोर दिया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने समाज में समानता और एकता का संदेश फैलाया। उन्होंने कहा कि हम गुरु रविदास जी की जयंती पर उनके संदेशों को याद करते हैं और उनके जीवन को एक प्रेरणा के रूप में लेते हैं। हम उनके संदेशों को अपने जीवन में लागू करें और समाज में समानता और मानवता की सेवा के लिए काम करते रहे। उनका जीवन और उनकी शिक्षाएं हमें समाज में समानता, प्रेम, भक्ति और सादगी का महत्व सिखाती है। उनके द्वारा दिया गया प्रेम, एकता और भक्ति का संदेश आज भी लोगों को प्रेरित करता है। उनके दोहे आज भी प्रासंगिक है और मानवता को सही दिशा दिखाते है। मन चंगा तो कठौती में गंगा यानि यदि मन पवित्र और निर्मल है तो किसी भी स्थान पर किया गया कार्य पवित्र ही होगा।

बाहरी आडंबरों की बजाय आंतरिक शुद्धता अधिक महत्वपूर्ण है।

# हरियाणवी कला को नया आयाम दे रही अंजू दहिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** 38 वे अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड शिल्प मेले में ह्यआपणा घरह्न स्थित पैवेलियन में हरियाणवी कला और संस्कृति को आगे बढ़ा रहे पारंपरिक परिधानों का जलवा देखने को मिल रहा है। यह स्टाल हरियाणा सहित देश विदेशी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मेले में हरियाणवी पारंपरिक परिधानों की सुंदरता और कलात्मकता लोगों का मन मोह रही है। इस स्टाल पर संचालिका अंजू दहिया अपने हाथ से बनाए गए दामण, चुन्नी, कुर्ती और अन्य परिधानों के जरिए ग्राहकों को न केवल परंपरा से जोड़ रही हैं बल्कि फैशन के क्षेत्र में हरियाणवी कला को नया आयाम भी दे रही हैं। उनका उद्देश्य हरियाणवी कला और परंपरा को आधुनिक बाजार में एक नई पहचान देना है। वह बताती हैं, "हमारी कोशिश है कि हरियाणवी गहनों और परिधानों को नए जमाने के फैशन में शामिल किया जाए, ताकि हमारी विरासत आने वाली पीढ़ियों तक पहुँच सके।" उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणावी कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद कुमार शर्मा निरन्तर मेले की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाजार में मिलने वाले आधुनिक परिधानों व गहनों के मुकाबले हरियाणवी संस्कृति से जुड़े परिधानों की डिमांड दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। गिल्टी और पीतल के पारंपरिक आभूषण भी इन परिधानों के साथ आकर्षक लगते हैं।

इस स्टॉल पर उपलब्ध आभूषणों में झुमके, हँसली, बाजूबंद, चूड़ियाँ, बिछुए और नथ प्रमुख रूप से शामिल हैं।

# शहरी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए पर्यवेक्षक किये गये नियुक्त: धनपत

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने बताया कि शहरी स्थानीय निकाय चुनावों को शांतिपूर्ण और निष्पक्षता से सम्पन्न करवाने हेतु नगर निगमों, नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं के लिए वरिष्ठ आई ए एस/ एच सी एस अधिकारियों को सामान्य पर्यवेक्षक, वरिष्ठ आई पी एस/ एच पी एस अधिकारियों को पुलिस पर्यवेक्षक तथा उप आबकारी एवं कराधान आयुक्तों को खर्च पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

**सामान्य पर्यवेक्षकों की सूची:-**

नगर निगम गुरुग्राम : शेखर विद्यार्थी, आई ए एस,
नगर निगम फरीदाबाद : श्रीमति अनिता यादव, आई ए एस,
नगर निगम मानेसर : मनी राम, आई ए एस मनी राम शर्मा,



नगर निगम यमुना नगर : जयबीर सिंह आर्य, आई ए एस,
नगर निगम हिसार : प्रभजोत सिंह, आई ए एस,
नगर निगम रोहतक : राजनारायण कौशिक, आई ए एस,
नगर निगम करनाल : राजेश जोगपाल आई ए एस,
नगर निगम पानीपत : प्रदीप कुमार, आई ए एस,
नगर निगम अम्बाला : श्रीमति वीणा हुड्डा, एचसीएस,
नगर परिषद पटोदी-जाटौली मंडी, नगर परिषद सोहना तथा नगरपालिका फर्रुख नगर : सुरेंद्र सिंह, एच सी एस,
नगर निगम, सोनीपत : जगदीप ढांढा, एच सी एस,
नगर निगम, नगर परिषद, अम्बाला सदर, नगरपालिका बराडा तथा नगरपालिका रादौर : डाक्टर सरिता मलिक,

**जिम्मेदारी**

**अधिकारियों को पुलिस पर्यवेक्षक तथा उप आबकारी एवं कराधान आयुक्तों को खर्च पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया**

नगरपालिका नारनौंद तथा नगरपालिका जुलाना, जिला जींद : कमलेश कुमार भादू, एच सी एस,
नगरपालिका इंद्री, नीलोखेड़ी और असंध,
जिला करनाल : डाक्टर मुनीष नागपाल, एच सी एस,
नगरपालिका, खरखौदा : कुलधीर सिंह, एच सी एस,
नगरपालिका तावडू और नगरपालिका हथीन : महेंद्र पाल, एच सी एस,
नगरपालिका बवानी खेडा, लोहारू तथा सिवानी : सत्येंद्र दूहन,एच सी एस,
नगर परिषद, थानेसर तथा नगरपालिका इस्माइलाबाद : श्रीमति मनिता मलिक, एच सी एस,
नगरपालिका बेरी तथा नगरपालिका कलानौर : अनुराग ढालिया, एच सी एस,
नगरपालिका अटेली मंडी तथा कनीना : योगेश कुमार, एच सी एस, नगरपालिका कलायत, पुण्डरी तथा सीवन : श्रीमति वंदना दिसोदिया, एच सी एस,
नगर परिषद सिरसा और नगरपालिका जाखल मंडी : नवीन कुमार आहूजा, एच सी एस।

# जेनिसिस के रिद्म गोयल ने प्राप्त की 99.99 परसेंटाईल

## जेईई मेन के परिणामों में एक बार फिर जेनिसिस ने मचाई धूम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उत्तर भारत में जेनिसिस क्लासिस हर बार की तरह इस बार भी अपना अव्वल स्थान सुनिश्चत किया। संस्थान के 21 बच्चों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए। कल शाम जेइइ-मेंस के परीक्षा का प्रथम चरण का परिणाम घोषित किया गया। इसमें जेइइ-मेंस में लगभग 40 बच्चों ने 98 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त कर अपना दबदबा कायम किया।
आज सुबह से ही सफल बच्चों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। हर वर्ष साल में 2 बार जेइइ-मेंस की परीक्षा होती है। पिछले साल भी करनाल के सार्वधिक बच्चों ने जेनिसिस के




विद्यार्थियों के रूप में सफलता अर्जित की। जेनिसिस क्लासिस के डायरेक्टर जितेंद्र अहलावत तथा नवनीत सिंह ने बताया कि जेनिसिस ने गत 14-15 वर्षों में बच्चों के साथ मिलकर सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए हैं।
ये रहे टॉप 21 विद्यार्थी- रिद्म गोयल 99.99 परसेंटाइल, आयुष अरोड़ा 99.88 परसेंटाइल, शिवम चहल 99.87 परसेंटाइल, रणबीर मलिक 99.78 परसेंटाइल, तुषार 99.77 परसेंटाइल, भविष्य धनकेर 99.76 परसेंटाइल, हार्दिक 99.73 परसेंटाइल, ऋषभ जैन 99.65 परसेंटाइल, प्रियम गुप्ता 99.63 परसेंटाइल, देवर्ष नैय्यर 99.61 परसेंटाइल, अर्श गांधी 99.57 परसेंटाइल, भविष्य चौधरी 99.52 परसेंटाइल, केशव गुप्ता 99.51 परसेंटाइल, तन्वी 99.48 परसेंटाइल, हार्दिक गुप्ता 99.33 परसेंटाइल, गुनीश गर्ग 99.30 परसेंटाइल, सार्थक अरोड़ा 99.19 परसेंटाइल, ओम शर्मा 99.17 परसेंटाइल, जानवी गुप्ता 99.07 परसेंटाइल, सौ या 99.05 परसेंटाइल, मंदीप सैनी 99.05 परसेंटाइल हासिल कर करनाल व जेनिसिस का नाम रोशन किया।
जेनिसिस क्लासिस के डायरेक्टर जितेंद्र अहलावत ने बताया कि जेनिसिस क्लासिस में सफलता के नए आयाम स्थापित करने के पीछे बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाकर रखना। समय रहते उनके डाउट्स क्लियर करना। बच्चों की योग्यता को टेस्ट के रूप में अलग-अलग कसौटी पर कसना है। वह बच्चों को कभी निराश नहीं होने देते। बच्चों को हर लेक्चर कें अंत में श्री भगवत गीता का पाठ पढ़ाया जाता हैं, जिससे विद्यर्थी मानसिक रूप से मजबूत हो जाते है। फलस्वरूप विद्यार्थी सभी प्रतियोगी परीक्षा में घबराते नहीं। बच्चों के साथ-साथ अध्यापक भी मिलकर मेहनत करते है। तब जाकर सफलता हाथ लगती है। उन्होंने कहा कि 15 साल की यात्रा में करनाल के लोगों ने उन पर भरोसा किया। उस भरोसे को उनकी टीम ने कभी तोड़ा नहीं।

**दबदबा**

**⏩ जेइइ-मेंस में लगभग 40 बच्चों ने 98 परसेंटाइल से अधिक प्राप्त कर अपना दबदबा कायम किया।**

# यूपी के युवक ने नीलोखेड़ी में ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**नोट बरामद**

**⏩ सुसाइड नोट में इतनी ही बात लिखी हुई है कि मेरी गर्लफ्रेंड ने सुसाइड कर लिया है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के कस्बा नीलोखेड़ी रेलवे स्टेशन पर एक युवक ने ट्रेन के आगे कूद कर सुसाइड कर लिया। मृतक की पहचान अजय शर्मा के रूप में हुई है, जो मेरठ का रहने वाला था और ग्रेटर नोएडा में जॉब करता था। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उसने लिखा है कि मेरी गर्लफ्रेंड ने सुसाइड कर लिया था। जिससे आहत होकर मैं भी सुसाइड कर रहा हूं। मेरी कार को मेरे घर तक पहुंचा देना।
पुलिस के मुताबिक अजय अपनी गर्लफ्रेंड के सुसाइड की वजह से परेशान था। वह बुधवार को अपनी क्रेटा गाड़ी में नीलोखेड़ी रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। उसने स्टेशन के बाहर ही अपनी क्रेटा गाड़ी को खड़ा कर दिया। इसके बाद वह स्टेशन के अंदर पहुंचा। वहीं पर पैसेंजर ट्रेन खड़ी थी। उसके अंदर से होता हुआ है, वह दूसरे ट्रैक पर पहुंच गया और वहां पर तेज रफ्तार ट्रेन के आगे कूद गया। ट्रेन की टक्कर से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।
घटना की सूचना के बाद जीआरपी कुरुक्षेत्र मौके पर पहुंच गई। मृतक की जेब से दो मोबाइल फोन मिले हैं और एक सुसाइड नोट मिला है। इसके साथ ही गाड़ी की चाबी भी मिली है। मोबाइल फोन चालू हालत में थे, जिस पर लगातार कॉल आ रहे थे। जब कॉल आया तो कॉलर को मृतक के सुसाइड के बारे में जानकारी दी और कॉलर से ही इसका नाम पूछा गया तो उसने इसका नाम अजय शर्मा बताया। जीआरपी कुरुक्षेत्र में इंचार्ज कमल ने बताया कि सुसाइड नोट में इतनी ही बात लिखी हुई है कि मेरी गर्लफ्रेंड ने सुसाइड कर लिया है, जिसकी वजह से मैं परेशान हूं और मैने सुसाइड कर लिया है।

# हर हाल में हो ट्रांसफर : कृष्ण कुमार निर्माण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा शिक्षा विभाग के अतिरिक्त शिक्षा सचिव और शिक्षा निदेशक के बुलावे पर आज शिक्षा सदन में शिक्षक तबादला संघर्ष समिति, हरियाणा का एक प्रतिनिधिमंडल कृष्ण कुमार निर्माण के नेतृत्व में शिक्षा निदेशक से मिला। राज्य प्रधान कृष्ण कुमार और राज्य प्रेस सचिव ऋषिराज नरवाल, राजेन्द्र प्रसाद शास्त्री ने बताया कि राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने ट्रांसफर समिति की ओर से अपनी बात पूरी मजबूती के साथ अपनी बात रखते हुए हर हाल में ट्रांसफर किए जाने की मांग की और साथ ही यह भी मांग की कि जेबीटी से प्रिंसिपल की एक साथ ट्रांसफर की जाए। ट्रांसफर ड्राइव हर हाल में तय समय सीमा में पूरा किया जाए। ट्रांसफर ड्राइव चलाते समय कोई भी पोस्ट किसी भी तरह से कैप्ट न की जाए, क्योंकि ऐसा करने से न केवल शिक्षकों को दूर जाना पड़ता है, बल्कि ट्रांसफर की आत्मा मर जाती है। चूँकि अब ट्रांसफर पॉलिसी बन चुकी है और ट्रांसफर ड्राइव चलाए जाने के लिए काफी कार्य पूरा कर लिया गया है। अतः निवेदन है कि अब बिना किसी इफ.बट के, बिना विलंब के ट्रांसफर ड्राइव चलाया जाए। उन्होंने कहा कि एक बार ट्रांसफर ड्राइव में पूरा होने के बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर कमी कहाँ रही, तब तक सिर्फ बातें हैं? इवैसे भी अब तक जितनी ट्रांसफर ड्राइव पूरी हुई हैं, उनका अनुभव कहता है कि तमाम तरह के सवालों के बीच नब्बे प्रतिशत शिक्षक संतुष्ट रहे।

**शिक्षा सदन**

**⏩ कुमार निर्माण ने ट्रांसफर समिति की ओर से अपनी बात पूरी मजबूती के साथ अपनी बात रखी**

# दो मासूमों का अपहरण, लालच देकर ले गए बाइक सवार

**तलाश जारी**

**⏩ परिजनों का आरोप है कि बाइक सवार दो युवक बच्चों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के मुगल कनाल से दिन दिहाड़े दो नाबालिग बच्चों को अगवा होने से हडकंप मच गया। परिजनों का आरोप है कि बाइक सवार दो युवक बच्चों को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। अपहरणकर्ताओं ने बच्चों को नई चप्पलें और बाल कटवाने का लालच दिया था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।
घटना के समय मौके पर मौजूद एक मजदूर ने बताया कि वहां चार बच्चे खेल रहे थे, तभी दो युवक बाइक पर आए और बच्चों से बात करने लगे। उन्होंने बच्चों से पूछा कि क्या उन्हें नई चप्पलें चाहिए और क्या वे बाल कटवाना चाहते हैं। मजदूर ने बताया कि चार में से दो बच्चे तो उनके साथ नहीं गए, लेकिन बाकी दो उनके झांसे में आकर बाइक पर बैठ गए और युवक उन्हें लेकर फरार हो गए। जिन बच्चों का अपहरण हुआ है उनमें से एक छह साल का अंश है और दूसरा आठ साल का अभी है।
अंश के पिता ने बताया कि वह घंटाघर चौक पर काम कर रहे थे, तभी किसी का फोन आया कि बच्चे गायब हैं। यह सुनते ही वे घबरा गए और तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत इलाके में छानबीन शुरू कर दी। वहीं प्रत्यक्षदर्शी नरेंद्र कुमार ने बताया कि जब वह वहां से गुजर रहे थे तो देखा कि कई लोग इक्ठा थे और किसी बात को लेकर रो रहे थे।

# 12.55ग्राम स्मैक सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/(कमाल हुसैन )** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करी की वारदातों पर अंकुश लगा नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए चलाए विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए सीआईए थ्री पुलिस टीम ने वर्मा चौक के पास खाली पड़े मैदान में दो नशा तस्करों को 12.55ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी नशा तस्करों की पहचान कर्ण निवासी खेल बाजार कलंदर चौक व मोहन उर्फ शिव निवासी विजय नगर के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि मंगलवार शाम को उनकी एक टीम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान कुटानी रोड पर मौजूद थी। तभी टीम को गुप्त सूचना मिली कि खेल बाजार कलंदर चौक निवासी कर्ण व विजयनगर निवासी मोहन उर्फ शिव आसपास के क्षेत्र में मादक पदार्थ बेचने का अवैध काम करते हैं। दोनों मादक पदार्थ लेकर वर्मा चौक के पास खाली पड़े मैदान में बेचने के लिए ग्राहक की फिराक में घूम रहे है। पुलिस टीम सूचना को पुख्ता मानते हुए वर्मा चौक पर पहुंची तो टीम को सामने खाली पड़े मैदान में दो युवक खड़े दिखाई दिए।

# 1 किलो 404 ग्राम गांजा सहित नशा तस्कर को काबू किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने गंगापुरी रोड पर एक नशा तस्कर को 1 किलो 404 ग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सोनल सिंह निवासी सरेया बसंत छपरा बिहार हाल किराएदार गंगापुरी रोड के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाने के लिए करीब 1 सप्ताह पहले एक युवक से 5 किलो गांजा कम कीमत पर खरीदा था। जिसमें



से उसने 3 किलो 596 ग्राम गांजा थोड़ा थोड़ा कर अज्ञात नशा करने वालो को बेच दिया। बचे 1 किलो 404 ग्राम गांजा को लेकर मंगलवार को वह बेचने के लिए गंगापुरी रोड पर ग्राहक की फिराक में घूम रहा था।
पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद गांजा को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी सोनल सिंह के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर बुधवार को पूछताछ के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से गहनता से पूछताछ करेंगी। प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस की एक टीम मंगलवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गोहाना मोड़ पर मौजूद थी।

# कंपनी ने किया करोड़ों का फ्रॉड, 45 लाख लोगों का पैसा फंसा

**गुहार**

**⏩ निवेशकों और एजेंटों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिल में एक कंपनी पर एफडी और आरडी के नाम पर करोड़ों रुपए के फ्रॉड का आरोप लगा है। निवेशकों और एजेंटों ने एसपी ऑफिस पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ितों का कहना है कि मेच्योरिटी पूरी होने के बावजूद उन्हें पैसे नहीं मिल रहे। जब भी कंपनी के ब्रांच ऑफिस जाते हैं तो वहां सिर्फ सॉफ्टवेयर अपडेट होने की बात कही जाती है।
अब हालात यह हैं कि कंपनी से संपर्क भी टूट चुका है। इस मामले को लेकर पीडितों ने पुलिस में शिकायत दी, जिस पर एसपी ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है।
करनाल निवासी धर्मपाल ने बताया कि वे 2019 से इस कंपनी से जुड़े हुए हैं। उन्होंने और उनके परिचितों ने करीब 30 लाख रुपए का इन्वेस्टमेंट किया है, जिसमें से 22 लाख रुपए उनका खुद का पैसा है। उन्होंने एफडी और आरडी दोनों करवाई थी, लेकिन जब मेच्योरिटी का समय आया तो कंपनी ने टालमटोल शुरू कर दी। उसने बताया कि अगस्त 2024 में उनकी एक मेच्योरिटी पूरी हो गई थी, जो करीब 6 लाख रुपए की थी, लेकिन आज तक पैसे नहीं मिले। जब ब्रांच ऑफिस गए तो सिर्फ यही जवाब मिला कि सॉफ्टवेयर अपडेट हो रहा है और जैसे ही अपडेट पूरा होगा, भुगतान शुरू हो जाएगा। लेकिन अगस्त से अब तक कोई अपडेट नहीं हुआ। कंपनी में एजेंट के तौर पर काम करने वाले अंकित ने बताया कि यह एक ह्यूमन वेल्फेयर को-ऑपरेटिव सोसाइटी नाम की आईएसओ सर्टिफाइड कंपनी है। शुरूआत में सबकुछ सही चल रहा था, लेकिन 3 दिसंबर को अचानक कंपनी ने अपना सॉफ्टवेयर ही बंद कर दिया। इसके बाद जब भी टीम लीडरों से बात की तो हर बार यही जवाब मिला कि कुछ दिनों में सॉफ्टवेयर चालू हो जाएगा। लेकिन हकीकत यह है कि अब तक कोई अपडेट नहीं हुआ। कंपनी के ब्रांच ऑफिसों में काम करने वाले एजेंट और मैनेजर भी ठगे गए हैं। किसी मैनेजर ने 20 लाख तो किसी ने 30 लाख रुपए इन्वेस्ट किए हैं। अंकित ने बताया कि उसने अपनी बेटी के नाम पर सुकन्या एजुकेशन प्लान लिया हुआ है, लेकिन अब वह भी अटका हुआ है। वह 2019 में कंपनी से जुड़ा था और 2021 से एजेंट के तौर पर काम कर रहा था। उसने अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों की करीब 80 से 90 लाख रुपए की इन्वेस्टमेंट करवाई थी।

# जवान सत्यजीत का अंतिम संस्कार बिना राजकीय सम्मान के हुआ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत** के जवान सत्यजीत (25) का अंतिम संस्कार बिना राजकीय सम्मान के कर दिया गया। मतलौडा के पैतृक गांव शेरा में निकाली गई उनकी अंतिम यात्रा में कोई सैन्य अधिकारी शामिल नहीं हुआ, और न ही उन्हें सेना की ओर से सलामी दी गई।
हालांकि, अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार जरूर पहुंचे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग और परिजन मौजूद रहे।
बता दें कि जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में तैनात जवान सत्यजीत की संदिग्ध परिस्थितियों में



गोली लगने से मौत हो गई थी। उसकी करीब 2 महीने बाद 5 अप्रैल को शादी होनी थी। इसे लेकर घर में तैयारियां चल रहीं थी। वह खुद भी इसकी तैयारियों में जुटे हुए थे। 3 दिन पहले ही वह शादी की शॉपिंग कर ड्यूटी पर लौटे थे। सात्यजीत शूटिंग में नेशनल लेवल के खिलाड़ी थे। उन्होंने गोल्ड मेडल भी जीता था। स्पोर्ट्स कोटे से ही वह आर्मी में भर्ती हुए थे। अभी उनका परिवार मतलौडा में रहता है। जवान का शव मंगलवार को श्रीनगर से हेलिकॉप्टर के जरिए दिल्ली भेजा गया था। इसके बाद आज दिल्ली से इसे सेना की एम्बुलेंस से घर पहुंचाया गया। यहां कुछ समय के लिए शव को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। इसके दर्शन के लिए परिजनों के साथ बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसके बाद दोबारा शव को एम्बुलेंस में रखा गया और श्मशान ले जाया गया। जवान की शवयात्रा में बड़ी संख्या में लोग ट्रैक्टरों, बाइकों, कारों में सवार होकर शामिल हुए। जब शव श्मशान पहुंचा तो लोगों ने जमा होकर जिंदाबाद के नारे भी लगाए। इसके बाद बिना सेना की सलामी के जवान के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। शव को जवान के छोटे भाई अर्पित ने मुखाग्नि दी। पिता सज्जन सिंह ने बताया है कि सत्यजीत 6 साल पहले स्पोर्ट्स कोटे से सेना की राष्ट्रीय राइफल्स (फ्फ) बटालियन में बतौर सिपाही भर्ती हुए थे। वह 2 साल पहले हवलदार के पद पर पदोन्नत हुए थे। भर्ती होने से पहले उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भी कई मेडल जीते थे।

**शहीद**

**⏩ अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार जरूर पहुंचे थे**

# भारतीय परम्परा में तप को भारी महत्व दिया गया है : श्री पीयूष मुनि जी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** कर्मशीला स्वाध्याय पारायणा इमहासाध्वी श्री जागृति जी महाराज द्वारा 31 आयम्बिलोंइ की तपस्या पूर्ण करने पर पारणा कार्यक्रम इभारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जीइ तथा इवात्सल्यमूर्ति महासाध्वी माता श्री प्रमिला जीइ की निश्रा में जैन आराधना मंदिर में भक्तिभावपूर्वक हुआ। सर्वप्रथम महामंत्र नवकार का सामूहिक जाप हुआ। सुधा, शिखा, निशा ने तप की गरिमा बताने वाले भजनों से सभी को भावविभोर किया।
श्री पीयूष मुनि जी ने कहा कि भारतीय परम्परा में तप को भारी



महत्व दिया गया है। तप से कर्मबंधन कटते है, आत्मा उजली होती है, शुद्धि करके आत्मा उन्नत अवस्था को पाती है। तप से चमक आती है। तपनिष्ठ साधक का आशीर्वाद सफल होता है।
आयम्बिल में दिन में दुग्ध पदार्थों, घी, नमक, मसाले, फल, सब्जी के बिना केवल एक बार रुखा भोजन लिया जाता है। स्वाद पर जीत पाने की ओर अग्रसर होने के कारण इस तप का वर्चस्व अधिक माना जाता है। तप असंभव को भी संभव करता है। तप के पीछे कोई लौकिक कामना न होने पर उसकी महिमा वर्णन नहीं की जा सकती।

# राज्य स्तरीय यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंग कैंप में किया शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**एसडी** पीजी कॉलेज पानीपत की चार वाईआरसी महिला कार्यकताओं ने हरियाणा रेडक्रॉस सोसाइटी चंडीगढ़ द्वारा नंगली बेला आश्रम हरिद्वार (उत्तराखंड) में 5 से 10 फरवरी तक आयोजित छः दिवसीय राज्य स्तरीय यूथ रेडक्रॉस ट्रेनिंगकैंप में शानदार प्रदर्शन किया और प्रकृति एवं पर्यावरण को नजदीक से महसूस कर इसे संरक्षित करने के गुण खुद में विकसित किये । नीरू, नेहा, शीतल और स्वीटी ने कॉलेज वाईआरसी का प्रतिनिधित्व करते हुए इस आवासीय कैंप में हिस्सा लिया जिसमें हरियाणा प्रदेश अन्य कालेजों के 120 कार्यकर्ता शामिल रहे । कैंप के सफल




समापन के उपरान्त कॉलेज पहुँचने पर सभी कार्यकताओं का स्वागत प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, डॉ राकेश गर्ग, प्रो प्रवीन आर खेरडे, डॉ पवन कुमार, डॉ मुकेश पुनिया, डॉ एसके वर्मा, डॉ (लेफ्टिनेंट) बलजिंदर सिंह, प्रो मनोज कुमार और अन्य प्राध्यापकों ने किया । विदित रहे कि इस कैंप में भाग लेने के लिए हरियाणा प्रदेश के शिक्षण संस्थानों के वाईआरसी कार्यकताओं को चयनित किया गया था जिन्हें इस आवासीय कैंप के माध्यम से प्रकृति और पर्यावरण को जानने और समझने का अवसर प्रदान किया गया । प्राकृतिक आपदाओं और कार्यकताओं के मन में छुपे डर को बाहर निकालना भी इस ट्रेनिंग कैंप का एक उद्देश्य था । कैंप में आयोजित विविध प्रकार की गतिविधियों जैसे ट्रेकिंग, जिपलाइनिंग, रॉकक्लाइमिंग, रिवर क्रासिंग, रस्साकशी, कमांडो नेट क्लाइमिंग, मंकी करोलिंग, रेपलिंग, फर्स्ट ऐड ट्रेनिंग आदि में कार्यकताओं ने जोश और जूनून के साथ हिस्सा लिया । सांयकालीन सत्र में विविध सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें नृत्य और सर्वश्रेष्ठ वाईआरसी कार्यकर्ता का पुरस्कार शीतल को मिला और उन्हें ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र डॉ मुकेश अग्रवाल जनरल सेक्रेटरी ने दिया जो अंतिम दिन के मुख्य अतिथि रहे । दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान ने अपने सन्देश में कहा कि हमें अपने चारों ओर के वातावरण को संरक्षित करने का तथा हमारे जीवन के अनुकूल बनाए रखने का निरंतर प्रयास करना चाहिए ।

**विकसित किए**

**⏩ प्रकृति एवं पर्यावरण को नजदीक से महसूस कर इसे संरक्षित करने के गुण खुद में विकसित किये**

# संपादकीय

## यूएसएआईडी का दुरुपयोग

**मानवता** की आड़ में वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें डीप स्टेट ताकतें और यूएसएआईडी का हिस्सा शामिल है, स्वार्थी कारणों और दुनिया को अपने हिसाब से चलाने की इच्छा के लिए कई देशों की राजनीतिक प्रणालियों और संस्कृतियों को नष्ट कर रहा है।शाहीनबाग, किसान आंदोलन, बांग्लादेश हिंदू नरसंहार, कश्मीर नरसंहार, मुंबई आतंकवादी हमला, नक्सलवाद और आतंकवाद की गतिविधियाँ, शहरी नक्सलियों के भारत विरोधी आख्यान जैसे कई भारत विरोधी प्रदर्शन, सभी वामपंथी पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा वित्तपोषण की ओर इशारा करते हैं, जिनमें से एक यूएसएआईडी है।डोनाल्ड ट्रम्प और एलोन मस्क ने मानवता के लिए जोखिम देखा और यूएसएआईडी को बंद कर दिया।विदेशी सहायता रोकने और इसके वितरण के प्रभारी प्रमुख एजेंसी को बंद करने के ट्रम्प प्रशासन के हालिया कदमों ने संघीय खर्च में विवाद के अपेक्षाकृत मामूली लेकिन लंबे समय से चले आ रहे स्त्रोत पर ध्यान केंद्रित किया है। इन कदमों ने दुनियाभर के मानवीय संगठनों और सरकारों के बीच अस्पष्टता पैदा कर दी है कि कौन-से कार्यक्रम जारी रह सकते हैं और कौन-से नहीं। स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और जल जैसी अनेक मानवीय सहायता जारी रखी जानी चाहिए और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प निःस्संदेह मानवता-विरोधी वामपंथी समूहों को हटाने के बाद ये सहायता शुरू करेंगे। भारत तथा अन्य विकासशील और अविकसित देशों में मानवता विरोधी कार्रवाइयों के लिए मानवता विरोधियों के वित्तपोषण का किस प्रकार दोहन किया जा रहा है? कुछ उदाहरण- यूएसएआईडी, जिसपर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना हो रही है, उसे अमेरिका के सभी अंतरराष्ट्रीय व्यय का आधे से अधिक फंड प्राप्त होता है। खतरे के संकेतों के बावजूद, यूएसएआईडी ने पाकिस्तान स्थित फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (त्रक्रक्र) को वित्तपोषित किया, जो हाफिज सईद के लश्कर-ए-तैयबा (छीळ) का मुखौटा है। इस तथ्य के बावजूद कि अमेरिकी सरकार ने एफआईएफ और एलईटी पर प्रतिबंध लगा दिया है, उन्हें यूएसएआईडी से वित्त पोषण प्राप्त हुआ।फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशन (त्रक्रक्र) और एलईटी मुंबई में 26/11 के हमलों के लिए जिम्मेदार थे, जिसमें 166 लोग मारे गए थे।पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा बेरहमी से मारे गए 166 व्यक्तियों में छह अमेरिकी भी थे। एफआईएफ को यूएसएआईडी का पैसा हेल्पिंग हैंड फॉर रिलीफ एंड डवलपमेंट (ल्लफ्ळ) के माध्यम से भेजा गया था, जो मिशिगन में स्थापित एक मुस्लिम गैर-लाभकारी संस्था है, जिसका दक्षिण एशिया में सक्रिय आतंकवादी समूहों से संबंध है। ट्रम्प ने यूएसएआईडी पर नकेल कसते हुए इसे "डीपस्टेट" करार दिया है। एक्स पर एक पोस्ट में, ट्रम्प से जुड़े एक अकाउंट ने दावा किया कि "जॉर्ज सोरोस ने यूएसएआईडी से $260,000,000.00 प्राप्त किए और इस पैसे का इस्तेमाल श्रीलंका, बांग्लादेश, यूक्रेन, सीरिया, ईरान, पाकिस्तान, भारत, यूके और अमेरिका में अराजकता फैलाने, सरकार बदलने और व्यक्तिगत लाभ के लिए किया।" उनकी टिप्पणी अमेरिकी विदेशी सहायता की बढ़ती जांच में शामिल है, खासकर तब से जब ट्रम्प प्रशासन ने यूएसएआईडी के बजट को फ्रीज कर दिया है।

# हमेशा जीवन बोलना चाहिए, मार्क्स नहीं

प्रियंका सौरभ

> अपनी सभी असफलताओं को शिक्षण के अवसर में बदलना जीवन में सफलता प्राप्त करने की एक रणनीति है। अपनी गलतियों को अपने शिक्षण के क्षण बनाएँ। जीवन केवल परीक्षा नहीं है। इसे समग्र रूप से देखा जाना चाहिए। हमें कुछ खासियतें देने के अलावा, भगवान ने हमारी कुछ खामियाँ भी रखी हैं। खूबियों पर ध्यान दें। आपसे यह नहीं पूछा जाएगा कि आपको 10वीं और 12वीं कक्षा में कितने ग्रेड मिले। यह जीवन होना चाहिए, न कि अंक। रटने की शिक्षा के विपरीत, प्रधान मंत्री मोदी ने समग्र शिक्षा और रचनात्मक शिक्षा के महत्त्व पर जोर दिया। छात्रों से सॉफ्ट स्किल सीखने और पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह किया गया। प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षाओं को सीखने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि बोझ के रूप में



**परीक्षा पर** चर्चा 2025 सकारात्मक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करती है, जो परीक्षा के तनाव को कम करती है। छात्रों में आत्म-सुधार और जिज्ञासा को बढ़ावा देती है। शैक्षणिक कठिनाइयों का सामना करने के लिए आत्मविश्वास और दृढ़ता को प्रोत्साहित करती है। तनावपूर्ण स्कूली परिस्थितियों में बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए व्यावहारिक पेरेंटिंग तकनीक प्रदान करती है। शिक्षकों को अत्याधुनिक, रचनात्मक शिक्षण रणनीतियों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती है। अपने शेड्यूल को प्राथमिकता देने से छात्रों को चुनौतीपूर्ण विषयों के लिए अधिक समान रूप से तैयार होने में मदद मिलेगी। मार्गदर्शन प्रदान करने के अलावा, शिक्षकों को प्रत्येक छात्र की व्यक्तिगत प्रतिभा को सक्रिय रूप से बढ़ावा देना चाहिए। सीखना और आलोचनात्मक सोच शिक्षा का मुख्य लक्ष्य होना चाहिए, न कि केवल ग्रेड प्राप्त करना। रचनात्मकता और सरलता को प्रोत्साहित करने के लिए माता-पिता को अपने बच्चों को स्कूल के बाहर रुचियों का पीछा करने देना चाहिए। छात्रों को अपनी पढ़ाई पर उसी तरह ध्यान केंद्रित करना चाहिए जैसे एक बल्लेबाज भीड़ के शोर को अनदेखा करते हुए गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद सभी छात्रों के सामान्य स्वास्थ्य के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। "परीक्षा पर चर्चा" 2018 से एक वार्षिक कार्यक्रम रहा है। इस कार्यक्रम में, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश के अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करते हैं। वे प्रवेश और बोर्ड परीक्षाओं को सहज और आसान तरीके से कैसे हल किया जाए, इस पर सलाह देते हैं। इस कार्यक्रम के प्रतिभागियों को एक प्रतियोगिता के माध्यम से चुना जाता है। इस कार्यक्रम में भाग लेने का मौका मिलने के अलावा, प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रधानमंत्री से आमने-सामने बात करने का भी अवसर मिलता है। परीक्षा पर चर्चा का उद्घाटन संस्करण 16 फरवरी, 2018 को हुआ था। 29 जनवरी, 2024 को होने वाले 7वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "पर्याप्त नींद लें और रील देखने में समय बर्बाद न करें।" 2025 में आयोजित होने वाले आठवें पीपीसी में इस साल परीक्षा से सम्बंधित तनाव को कम करने पर विशेष जोर दिया गया था। परीक्षा पर चर्चा 2025 कार्यक्रम में सद्गुरु (आध्यात्मिक नेता), दीपिका पादुकोण (अभिनेता), विक्रांत मैसी (अभिनेता), मैरी कॉम (ओलंपिक चैंपियन, बॉक्सर) और अवनी लेखरा (पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता) जैसे प्रसिद्ध व्यक्ति शामिल हुए। इन प्रतिष्ठित अतिथियों ने तनाव प्रबंधन, उद्देश्यों को पूरा करने और प्रेरणा बनाए रखने पर अपने अनुभव और व्यावहारिक विचार साझा किए। 10 फरवरी, 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पर चर्चा 2025 के आठवें संस्करण के दौरान छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ बातचीत की। यह वार्षिक आयोजन छात्रों को परीक्षा की चिंता, करियर प्लानिंग और व्यक्तिगत विकास जैसे मुद्दों पर बात करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के आयोजन के लिए 330 करोड़ से अधिक छात्रों, 2071 लाख शिक्षकों और 551 लाख अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है, जो देश के युवाओं पर इस पहल के निरंतर प्रभाव को दर्शाता है। पीएम मोदी के अनुसार, कक्षा 10 और 12 में 40-50% छात्र असफल होते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह उनका अंतिम उद्देश्य है। शैक्षणिक और व्यक्तिगत सफलता और असफलता के बीच अंतर को पहचानना महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने क्रिकेट खिलाड़ियों का उदाहरण दिया, जो दिन के अंत में अपनी गलतियों पर विचार करते हैं और उनमें सुधार करते हैं; छात्रों को भी ऐसा ही करना चाहिए। उनके अनुसार, आपका जीवन वही है जो आपके अंक बताते हैं, न कि आप। पीएम ने छात्रों को दबाव को नजरअंदाज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि एक बल्लेबाज की तरह जो स्टेडियम के शोर और नारों को नजरअंदाज कर गेंद पर ध्यान केंद्रित करता है, छात्रों को भी तनाव के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन बच्चों का क्या होता है जो 30 से 40 प्रतिशत की दर से स्कूल में फेल हो जाते हैं? देखिए, असफलता जीवन के अंत का संकेत नहीं है। आप जीवन में सफल होना चाहते हैं या किताबों के माध्यम से, यह आप पर निर्भर करता है। अपनी सभी असफलताओं को शिक्षण के अवसर में बदलना जीवन में सफलता प्राप्त करने की एक रणनीति है। अपनी गलतियों को अपने शिक्षण के क्षण बनाएँ। जीवन केवल परीक्षा नहीं है। इसे समग्र रूप से देखा जाना चाहिए। हमें कुछ खासियतें देने के अलावा, भगवान ने हमारी कुछ खामियाँ भी रखी हैं। खूबियों पर ध्यान दें। आपसे यह नहीं पूछा जाएगा कि आपको 10वीं और 12वीं कक्षा में कितने ग्रेड मिले। यह जीवन होना चाहिए, न कि अंक। रटने की शिक्षा के विपरीत, प्रधान मंत्री मोदी ने समग्र शिक्षा और रचनात्मक शिक्षा के महत्त्व पर जोर दिया। छात्रों से सॉफ्ट स्किल सीखने और पाठ्येतर गतिविधियों में भाग लेने का आग्रह किया गया। प्रधानमंत्री ने छात्रों को सलाह दी कि परीक्षाओं को सीखने के अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, न कि बोझ के रूप में। उन्होंने सलाह दी कि छात्रों को ग्रेड से ज्यादा ज्ञान को प्राथमिकता देनी चाहिए। अच्छा व्यवहार, अनुशासन और अभ्यास- अधिकारों के लिए शोर मचाना नहीं- नेतृत्व की पहचान हैं। सफल शिक्षा के लिए स्वस्थ भोजन और पर्याप्त नींद के महत्त्व पर बल दिया। छात्रों से मानसिक स्वास्थ्य के लिए बाहर समय बिताने और शारीरिक गतिविधि के स्तर को बढ़ाने का आग्रह किया। पीएम मोदी ने छात्रों को सलाह दी कि वे परीक्षाओं से डरने के बजाय इसे एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने के अवसर के रूप में देखें। उन्होंने दावा किया कि परिवार और सामाजिक वातावरण कभी-कभी छात्रों पर दबाव डाल सकते हैं, जो अवांछनीय है। परिवार के सदस्यों या रिश्तेदारों का यह दबाव कि बोर्ड परीक्षाएँ बहुत जरूरी हैं, छात्रों को अत्यधिक चिंतित और तनावग्रस्त बना देता है। आपका जीवन एक परीक्षा के साथ समाप्त नहीं होता है। यह सिर्फ. एक मील का पत्थर है जिसे आपको हासिल करना है। अगर आप बाहरी दबाव को नजरअंदाज करेंगे तो आप ज्यादा आत्मविश्वास महसूस करेंगे। पीएम मोदी के अनुसार, माता-पिता को अपने बच्चों की बोर्ड परीक्षा की तैयारी में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए और उनकी ताकत और कमजोरियों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि माता-पिता अपने व्यस्त शेड्यूल के कारण अपने बच्चों की परीक्षा की तैयारी में भाग नहीं ले पाते हैं। परीक्षा देते समय, पीएम मोदी ने छात्रों को चुनौतीपूर्ण प्रश्नों को समझने से शुरूआत करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "आपको हर विषय पर समान ध्यान देना चाहिए।" यह सुझाव दिया गया है कि छात्र सरल विषयों या प्रश्नों से शुरूआत करें। हालाँकि, मेरी सलाह है कि चुनौतीपूर्ण प्रश्नों से शुरूआत करें क्योंकि इससे आपका दिमाग साफ रहेगा और आप उन्हें बेहतर तरीके से संभाल पाएँगे। बाद में जब आपका दिमाग थक जाएगा, तो सरल प्रश्नों का उत्तर देना आपके लिए आसान भी होगा।

# कविता

## होगा क्या अंजाम

उनकी कर तू साधना, अर्पण कर मन-फूल।
खड़े रहे जो साथ जब, समय रहा प्रतिकूल॥

जंगल रोया फूटकर, देख जड़ों में आग।
उसकी ही लकड़ी बनी, माचिस से निरभाग॥

कह दें कैसे हम भला, औरत को कमजोर।
मदार्ना कमजोर जब, लिखा हुआ हर ओर॥

कलियुग के इस दौर का, होगा क्या अंजाम।
जर जमीं जोरू करें, रिश्ते कत्लेआम॥

बुरे हुए तो क्या हुआ, करके अच्छे काम।
मन में फिर भी आस है, भली करेंगे राम॥

प्रयत्न हजारों कीजिए, फूंको कितनी जान।
चिकनी मिट्टी के घड़े, रहते एक समान॥

बात करें जो दोहरी, कर्म करें संगीन।
होती है अब जिन्दगी, उनकी ही रंगीन॥

जीते जी खुद झेलनी, फँसी गले में फांस।
देता कंधा कौन है, जब तक चलती सांस॥

-डॉ. सत्यवान

## महाकुंभ को ऐतिहासिक सफल बनाना प्रशासन के साथ स्नानार्थी एवं कल्पवासी की भी जिम्मेदारी

**डा मनमोहन प्रकाश**

**आस्था ,** विश्वास और धर्म के विशाल महाकुंभ जहां एक ओर साधु-संतों के विविध रुपों के दर्शन होते हैं, उनसे ध्यान,तप,यज्ञ, पूजा, अर्चना,योग, प्रणायाम और समाधि को समझने और सीखने का; सनातन वृत, उपवास, तीर्थ आदि के महत्त्व को जानने का,उनकी वैज्ञानिकता से परिचत होने का अवसर मिलता है वहीं दूसरी ओर सनातन धर्म ग्रंथों में छिपे ईश्वर प्राप्ति के गुढ़ रहस्यों; नैतिक एवं मानवीय मूल्यों को सरल और ग्राह्य योग्य भाषा में जानने का अवसर भी प्राप्त होता है। विविधता में एकता की ताकत का एहसास होता है।यहां यह समझना सबके लिए आवश्यक है कि महाकुंभ जैसे विशाल आयोजन को स्नानार्थियों और कल्पवासियों के लिए सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित, आनंददायी बनाना केवल प्रशासन की ही जिम्मेदारी नहीं है, अपितु हर सहभागी श्रद्धालुओं, साधु-संतों तथा कल्पवासियों की भी ज़िम्मेदारी है।यह जिम्मेदारी उस समय और अधिक बढ़ जाती है जब ऐसे आयोजनों में देश-विदेश से लाखों/करोड़ों लोग एक साथ संगम किनारे, मेला स्थल तथा आसपास के तीर्थ स्थल पर बिना बुलाए, पूर्व सूचना दिए एकत्रित होते हों।यह भी उतना ही सत्य है कि जब भीड़ के अनुमान से ज्यादा किसी एक स्थान पर अचानक एकत्रित होने की आशंका हो तब विविध आवश्यक सुविधाओं, जरूरतों की व्यवस्था करना तथा भीड़ का उचित प्रबंधन करना एक बड़ी चुनौती बन जाता है। ऐसे समय में यदि हर श्रृद्धालु, स्नानार्थी , साधु-संत छोटी-मोटी परेशानियों को नजर अंदाज कर महाकुंभ में स्नान, पूजा अर्चना को निर्विघ्न संपन्न करना और कराना अपनी जिम्मेदारी मान ले तो आयोजन को सफल बनाया जा सकता है, आनंद और पुण्य लाभ को दुगुणित किया जा सकता है, दुनिया के लिए एक उदाहरण पेश किया जा सकता है। अतः महाकुंभ में पहुंचने वाले हर व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह मेला प्रबंधन समिति द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों को जानें, समझें और उसका पालन सुनिश्चित कर कुंभ प्रवास को न सिर्फ स्वयं के लिए सुगम और आनंद दायक बनाएं अपितु अन्य श्रृद्धालुओं , स्नानार्थी आदि को भी आनंद के साथ पुण्य अर्जित करने का अवसर दे।यह तभी संभव है जब हर स्नानार्थी स्नान उपरांत मेला क्षेत्र में रुक कर अनावश्यक भीड़ न बढ़ाए, कुंभ आयोजन के दौरान आने वाली हर तिथियों को साही स्नान तिथि के समतुल्य मानें, विशिष्ट समझें । कुंभ में जाने वाले हर व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह अच्छे सनातनियों का परिचय देते हुए धैर्य का परिचय दें, आने-जाने वाले मार्गों तथा आवागमन के नियमों का पालन करें, सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फैलाएं और स्वच्छता बनाए रखें,अफवाहें न फैलाएं और न ही अफवाहों पर ध्यान दें।

# विचार

## महाकुंभ में भारत की सांस्कृतिक विविधता के दर्शन

**नरेंद्र तिवारी**

महाकुंभ प्रयागराज नाम से ही महाकुंभ नहीं है। अपने स्वरूप में भी महाकुंभ है। इस बात की तस्दीक प्रयागराज महाकुंभ में उमड़ता जनसैलाब कर रहा है। यहां गंगा, जमुना, सरस्वती के संगम पर स्नान करने और साधु, संतों, महात्माओं के दर्शनकर आध्यात्मिक सुख प्राप्त करने की बैचेनी साफ तौर पर दिखाई दे रही है। प्रयागराज में भारत की सांस्कृतिक विविधता के तो दर्शन हो ही रहे है। भारत की आध्यात्मिक चेतना से भी प्रयागराज में रूबरू हुआ जा सकता है।

महाकुंभ में सबको पहुंचने की ललक है, वहां पहुंचकर संगम स्थल पर जाने की उत्कंठा और स्नान की बैचेनी भी है। अपनी प्रयागराज यात्रा के दौरान आगरा मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग से शिवपुरी फिर झांसी से बुंदेलखंड सुपर एक्सप्रेस वे के माध्यम से चित्रकूट और वहां से प्रयागराज तक पहुंचने में कोई दिक्कत नहीं आई सड़क पर कहीं जाम की स्थिति नजर नहीं आई यातायात गतिशील ही दिखाई दिया। इस मार्ग से गुजरात और महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं से भरी बसें और कारें प्रयागराज की कोई जाती दिखाई दी। रविवार को जाते हुए और मंगलवार को आते हुए भी कहीं जाम नजर नहीं आया। जैसा कि मीडिया चैनलों पर एमपी के सतना मार्ग के लंबे जाम की खबर चल रही है।

प्रयागराज पहुंचकर जरूर 10 से 15 किलोमीटर के रेंगते यातायात से सामना हुआ। जो श्रद्धालुओं की बैचेनी और कष्ट दोनों को बढ़ाता प्रतीक हुआ। कुछ तो जल्दबाजी और वाहनों चालकों की भी है जो मुख्यमार्ग को छोड़कर अन्य वाहनों को हुआ जाता देखकर छोटे छोटे मार्ग पर अपनी कारों को मोड देते है। ऐसा कर वे अपने कष्ट को बढ़ा लेते है। हर कोई संगम पहुंचना चाहता है। अपने धर्म गुरुओं के पांडाल के निकट जाना चाहता है। कारों और बड़े वाहनों को दूर पार्किंग में खड़ा करवाना प्रयागराज महाकुंभ यातायात पुलिस के लिए जरूरी भी है। इन पार्किंग स्थलों से बाइक के माध्यम से पहुंचने की राय पूछने पर हर कोई यह बताता है कि बाइक से संगम स्थल पहुंचना उचित होगा। रुकने के लिए लाज की व्यवस्था की राय भी मिल जाती है। वैसे थके हुए शरीर को आराम की आवश्यकता भी होती है। सो रुकने के उचित प्रबंध देखकर लोग तैयार भी हो जाते है। इसके लिए कई प्रयाग वासियों ने अपने घर लाजो होटलों और गेस्ट हाउस में परिवर्तित कर दिए। वैसे हमने अपनी कार जमुना किनारे स्थित पार्किंग में खड़ी की और बाइक से प्रयागराज महाकुंभ स्थल के सेक्टर नंबर 16 के सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के पांडाल में जाने के लिए शेखर निषाद से संपर्क किया पांच साथियों को चार हजार रु छोड़ने का सौदा तय हुआ और बात बन गई इन तीन बाइक सवारों ने हमें मेला स्थल के करीब सेक्टर नंबर 16 सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के पांडाल में छोड़ा। जहां पांडाल जरूर आम पांडालों से छोटा नजर आया किन्तु सेवा ओर स्नेह की दृष्टि से उक्त पांडाल मन को जीत ले गया। वैसे संगम स्थल तक पहुंचने के लिए बाइक सवारों ने भीड़ के मध्य से अपनी बाइक बहुत सावधानी से निकाली कभी कभी डर भी लगा किंतु शेखर निषाद और उनके साथी हमे कहते रहे डरो नहीं बाबूजी आपको मेला स्थल निर्धारित सेक्टर और आपके पांडाल में पहुंचा देंगे। अपने कहे अनुसार पांडाल में पहुंचा भी दिया। रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार सुबह फिर बाइक की मदद से संगम स्थल पहुंच गए। यहां अल सुबह से लाखों श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाने के लिए बैचेन दिखाई दिए। इतनी बड़ी भीड़ को चीरते हुए पहुंचना और संगम में स्नान करने की सफलता महाकुंभ पहुंचने में हुए कष्टों को भुला देती है। महाकुंभ में भीड़ अधिक है। इतनी भीड़ के नियंत्रण में कई बार व्यवस्था गड़बड़ाती भी है। हम सोमवार को पहुंचे उस दिन भारत की राष्ट्रपति महामहिम द्रोपदी मुर्मू प्रयागराज संगम स्थल स्नान के लिए पहुंची तो श्रद्धालुओं को संगम स्थल पहुंचने में थोड़ी देर जरूर लगी। सनातन धर्म के इस महाकुंभ में साधु संतों के पांडालों में पूजा अर्चना और आध्यात्मिक प्रवचन चल रहे है। हर पांडाल में भोजन प्रसादी भी भक्तों को भरपूर मिल रही है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## क्या सचमुच कांग्रेस डूबता जहाज है ?*

**राकेश अचल**

**भाजपा से** लगातार जूझ रही कांग्रेस को दिल्ली विधानसभा चुनाव में जनता द्वारा नकारे जाने के बाद अब यह सवाल जोर शोर से उठने लगा है कि क्या कांग्रेस अब एक डूबता जहाज है और अब कोई दूसरा दल इस पर सवारी नहीं करना चाहेगा ? सवाल जायज भी है और इस पर विमर्श भी होना चाहिए। बल्कि यूं कहें कि इस मुद्दे पर विमर्श शुरू भी हो चुका है। 2026 में होने वाले बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए तृणमूल कांग्रेस ने इस विमर्श का श्रीगणेश कर दिया है।

इस बात में कोई दो राय नहीं हो सकती कि देश में सत्तारूढ़ भाजपा के खिलाफ मोर्चा लेने में कांग्रेस शुरू से अग्रणी रही है। 2014 के लोकसभा चुनाव में मात्र 44 सीटों पर सिमटी कांग्रेस ने मैदान नहीं छोड़ा। भाजपा ने तब 286 सीटें अकेले दम पर जीती थीं। पांच साल लगातार विपक्ष में बैठने के बावजूद कांग्रेस अपने ढंग से काम करती रही और 2019 के चुनाव में कांग्रेस 44 सीटों से बढ़कर 52 सीटों पर आ गयी। कांग्रेस के लिए हालाँकि ये कोई बड़ी उपलब्धि नहीं थी ,लेकिन कुल 8 सीटें ज्यादा हासिल कर कांग्रेस को थोड़ी बहुत ऊर्जा जरूर मिली। डूबते को तिनके का सहारा होता है।

भाजपा ने अपने दूसरे कार्यकाल में पूरी ताकत से अपने एजेंडे पर काम करना शुरू किया। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाई, अयोध्या में राममंदिर बनाने का रास्ता साफ कर मंदिर का निर्माण कार्य शुरू कर उसे पूरा भी किया और लगातार एक के बाद एक राज्यों में अपनी बढ़त बनाई ,लेकिन कांग्रेस पीछे नहीं हटी। कांग्रेस ने अपने सहयोगी दलों के साथ भाजपा के दांत खट्टे करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। राहुल गांधी ने पूरे देश में दो बार पदयात्रा कर जन-जागरण की कोशिश की ,परिणाम स्वरूप 2024 के आम चुनाव में कांग्रेस 52 से आगे बढ़कर 99 पर पहुंच गयी। भारत की राजनीति में कांग्रेस का उत्थान और पतन होता ही रहा है। एक लम्बी दास्तान है कांग्रेस के उत्थान और पतन की। 4 जून 2024 के बाद पिछले 9 महीने में देश में जितने भी विधानसभाओं के चुनाव हुए हैं उनमें से कर्नाटक, केरल, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड को छोड़ कांग्रेस कहीं भी भाजपा का विजय रथ नहीं रोक सकी।

## मणिपुर : फेल हुई 'डबल इंजन 'की सरकार

**निर्मल रानी**

**फरवरी को** जब दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित हो रहे थे और भाजपा के साथ ही देश का मीडिया भी भाजपा की जीत के कसीदे बांचने में लगा था। देश को यह बताया जा रहा था कि दिल्ली से 'आप' दा जा चुकी है। ठीक उसी समय भाजपा हाईकमान द्वारा निर्देशित भाजपा की मणिपुर की सबसे 'आपदा ग्रस्त ' डबल इंजन सरकार के मुख्यमंत्री नोंगथोम्बम बीरेन सिंह को त्यागपत्र देने हेतु निर्देशित किया जा चुका था । जिसे दिल्ली जीत के जश्न से ठीक अगले दिन यानी 9 फरवरी को अमल में लाया गया। पिछले छह महीनों से मैतेई, कुकी और नागा विधायक एक साथ मिलकर मुख्यमंत्री बीरेन को पद से हटाने के लिए केंद्रीय नेताओं से बात कर रहे थे। खबरों के अनुसार गत 3 फरवरी को ही मणिपुर के 33 विधायकों ने, जिनमें 19 विधायक भाजपा के भी बताये जा रहे हैं,दिल्ली पहुंचकर प्रधानमंत्री व गृह मंत्री से मिलकर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव की जानकारी दे दी थी। बल्कि यह भी बता दिया था कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के विरुद्ध अविश्वास प्रस्तव आने की स्थिति में भाजपा विधायक भी अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान कर सकते हैं। इसीलिये भाजपा नेतृत्व को भारतीय राजनीति के इतिहास के सबसे अकुशल,असफल व अकर्मण्य व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद से हटाना पड़ा। हाँ मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के त्याग पात्र के बावजूद यह सवाल हमेशा बना रहेगा कि इतनी व्यापक व दीर्घकालिक अनियंत्रित हिंसा होने के बावजूद आखिर भाजपा नेतृत्व ने किन परिस्थितियों में उन्हें मुख्यमंत्री पद से पहले क्यों नहीं हटाया ? इतना ही नहीं बल्कि बीरेन सिंह पर जातीय हिंसा के दौरान पक्षपात करने का भी आरोप है। बीरेन सिंह स्वयं मैतेई समुदाय से आते हैं। कुकी जनजाति के एक व्यक्ति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर कर यह आरोप लगाया गया था कि मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने राज्य में हिंसा भड़काई है। याचिकाकर्ता ने इससे सम्बंधित एक ऑडियो टेप भी अदालत में सबूत के तौर पर जमा कराया है।

न्यूज फ्लैश

## समभाव और पक्षपात रहित आचरण महर्षि दयानंद सरस्वती की देन: जिन्दल



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** महर्षि दयानंद सरस्वती की द्वि जन्म शताब्दी वर्ष समापन समारोह, आर्य समाज स्थापना और सत्यार्थ प्रकाश लेखन के 150 वर्ष पूर्ण होने पर वेद विद्या शोध संस्थान पिपली की ओर से महायज्ञ आयोजित किया गया। इस दौरान ब्रह्मा सरोवर के तट पर 12 दिवसीय चतुर्वेदी पारायण महायज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। बुधवार को यज्ञ में पूर्णाहुति डाली गई। इस अवसर पर बतौर मुख्य यजमान सांसद नवीन जिंदल ने कार्यक्रम में शिरकत की। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती का संपूर्ण जीवन मानवता के कल्याण को समर्पित रहा। उन्होंने ऐसे सामाजिक आदर्शों की स्थापना की। जिसमें धर्म, न्याय, पक्षपात रहित आचरण, समभाव की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि ज्ञान सदैव परिवर्तन लाता है। सबसे बड़ा अभिशाप अज्ञानता है। गलती हमेशा अज्ञानता वश होती है। सांसद जिन्दल ने कहा कि यदि इंसान दूसरे इंसान की सेवा सुरक्षा का भाव रखें तो विश्व में शांतिपूर्ण माहौल पैदा हो सकता है। कार्यक्रम के संयोजक स्वामी संपूर्णानंद सरस्वती ने बताया कि लगातार 12 दिन तक चल महायज्ञ में विश्व कल्याण एवं शांति की कामना की गई। उन्होंने कहा कि समाज में भ्रांति थी कि महिलाएं वेद पाठ नहीं कर सकती। इस यज्ञ के दौरान गुरुकुल की ब्रह्मचारिणियों ने वेद पाठ करके इस भ्रांति को भी दूर किया। इस अवसर पर सीकर राजस्थान के पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, महाराणा प्रताप हॉर्टिकल्चर विश्वविद्यालय से डॉ. समर सिंह, जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, वाइस चेयरपर्सन धर्मपाल चौधरी, स्वामी विजयवेश गुरुग्राम, राजेंद्र आर्य व राम मेहर आचार्य सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

## नशा करने से रोकने पर युवक के सिर पर रखी पिस्टल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** जिले के रिंडल गांव में एक हेयर सैलून संचालक को दो युवकों ने पिस्टल दिखाकर धमकी दी। संचालक ने आरोपियों को कुछ दिन पहले नशा करने से रोका था, जिससे वे रंजिश रखने लगे। सुबह करीब 10 बजे आरोपी लाल रंग की बाइक पर आए और दुकान में घुसते ही संचालक की कनपटी पर पिस्टल रख दी। इसी दौरान दुकान में मौजूद कस्टमरों ने सूझबूझ दिखाई और बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

गांव के ही संजीव कुमार की बाल कटिंग की दुकान है। उसने बताया कि 11 फरवरी की रात उनके चाचा के घर के पास दो युवक नशा कर रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दोनों वहां से चले गए, लेकिन रंजिश रखने लगे। अगले ही दिन सुबह लाल रंग की बाइक पर आए दो युवक दुकान में घुसे और पिस्टल निकाल ली। वे कुछ कर पाते, इससे पहले ही दुकान में मौजूद कस्टमरों ने हिम्मत दिखाई और बीच-बचाव कर दिया, जिससे बड़ी अनहोनी टल गई। संजीव ने बताया कि आरोपी बदमाश प्रवृत्ति के हैं और उन पर पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनके पास अवैध हथियार भी रहते हैं, जिससे गांव में लोग डर के साए में जी रहे हैं। खुलेआम पिस्टल दिखाकर धमकी देने की घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बन गया है।

घटना की सूचना मिलते ही कुंजपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने संजीव के बयान दर्ज कर लिए हैं और आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# श्री गुरु रविदास जी की शिक्षाएं समानता को देती हैं बढ़ावा: जगमोहन

### रविदास जयंती पर की दर्जनों कार्यक्रमों में शिरकत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि श्री गुरु रविदास जी ने समानता और सामाजिक न्याय को बढ़ावा दिया था, उनकी शिक्षाएं समानता, विनम्रता और करुणा के मूल्यों को बढ़ावा देती हैं, जो एक अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए आवश्यक है। विधायक जगमोहन आनन्द बुधवार को गांव काछवा में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में श्री गुरु रविदास जी के मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।




उन्होंने कहा कि श्री गुरु रविदास जी एक समाज सुधारक थे। उनके भक्ति गीत और भजन आन्तरिक शुद्धता और ईश्वर के प्रति समर्पण पर केंद्रित थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक ऐसी दुनिया की कल्पना की जहां सभी का सम्मान किया जाता है और सभी को समान रूप से महत्व दिया जाता है। उनका जीवन और शिक्षाएं लोगों को धार्मिक व सामाजिक बाधाओं को तोडते हुए एक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष समाज के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने भाईचारे और शांति को बढ़ावा दिया। वे एक महान संत और उपदेशक थे, बल्कि एक प्रतिभाशाली कवि भी थे। उनका संदेश लोगों को प्रेरित करता है। उनका जीवन लोगों को सदाचारी और धार्मिक जीवन जीने के लिए

**समावेशी**

▶▶ करुणा के मूल्यों को बढ़ावा देती हैं, जो एक अधिक समावेशी समाज बनाने के लिए आवश्यक है

प्रोत्साहित करता है। गुरु रविदास जी ने जातिगत भेदभाव का कड़ा विरोध किया था और प्रेम और मानवता पर आधारित जातिविहीन समाज के विचार को बढ़ावा दिया था। विधायक ने विधानसभा चुनावों में भरपूर सहयोग देने के लिए सभी का धन्यवाद किया और कहा कि करनाल मेरा परिवार है और मैं अपने परिवार के लिए 24 घंटे विकास कार्य करवाने के लिए तैयार हूं।

## मुफ्त क्रेडिट कार्ड का ऑफर देकर की धोखाधड़ी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में साइबर ठगों ने युवक को फोन कर मुफ्त क्रेडिट कार्ड ऑफर दिया और फिर एक लिंक भेजकर एप डाउनलोड करवाई। जैसे ही युवक ने एप खोली, उसके दो क्रेडिट कार्ड से 1.97 लाख रुपए निकाल लिए। ठगी का एहसास होने पर युवक ने तुरंत साइबर क्राइम थाना करनाल में शिकायत दी, जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव साम्भली निवासी कुलदीप सिंह के पास 10 फरवरी को शाम 4 बजे एक अनजान नंबर से फोन आया। कॉलर ने खुद को किसी बैंक का प्रतिनिधि बताया और कहा कि उसका नया क्रेडिट कार्ड बिना किसी शुल्क के बन सकता है। कॉलर ने बताया कि यह कार्ड उसके मौजूदा क्रेडिट कार्ड से लिंक रहेगा और उसे कोई अतिरिक्त दस्तावेज देने की जरूरत नहीं होगी। ठग ने कुलदीप को एक लिंक भेजा और उसे डाउनलोड करने के लिए कहा। जैसे ही कुलदीप ने लिंक से एप डाउनलोड की, उसके एसबीआइ और एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड से कुल 1 लाख 97 हजार 80 रुपए कट गए।

पैसे कटने का मैसेज आते ही कुलदीप को ठगी का एहसास हुआ। उसने तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद वह 11 फरवरी को साइबर क्राइम थाना करनाल पहुंचा और वहां पूरी जानकारी देते हुए लिखित शिकायत दी। पुलिस ने जांच के बाद पाया कि यह साइबर धोखाधड़ी का मामला है, जिसके बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय डिजिटल सुरक्षा संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच अधिकारी रामफूल ने बताया कि बैंक खातों और कॉल डिटेल के जरिए आरोपी तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

## 648वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आने वाली 14 फरवरी को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 648वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन करनाल के अर्जुन नगर स्थित दीनबंधु सर छोटू राम किसान भवन में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को किसान भवन परिसर में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करके प्रसाद बरताया जाएगा। इस कार्यक्रम में गुरु रविदास जागृति मिशन चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक बाबा सुनील दास जी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। सांगवान ने बताया कि इस धार्मिक कार्यक्रम की भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतन मान अध्यक्षता करेंगे।

## फाइल को गति देने के लिए ओएसडी को ज्ञापन सौंपा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** आज हरियाणा यूनिवर्सिटीज कांट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन, हरियाणा (हुकटा) के प्रतिनिधि मंडल ने कुरुक्षेत्र के कैम्प कार्यालय पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी कैलाश सैनी और श्री सुशील राणा जी, जिला अध्यक्ष, भाजपा, कुरूक्षेत्र से मिलकर सेवा सुरक्षा की कार्यवाही की रिपोर्ट को जल्द से जल्द जमा करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल ने सीएम के ओएसडी को बताया कि मुख्यमंत्री जनसंवाद की 28 दिसंबर,2024 की कार्यवाही की रिपोर्ट में उच्चत्तर शिक्षा विभाग ने विश्वविद्यालयों में अनुबंधित सहायक प्रोफेसरों से



संबंधित सेवा सुरक्षा प्रदान करने के मामले की जांच करने के लिए 1 महीने पहले मेमो संख्या 18/197-2023 यूएनपी (1), 9 जनवरी,2025 के तहत एक समिति का गठन किया गया था लेकिन कमेटी की रिपोर्ट आज तक सबमिट नहीं होने के कारण सेवा सुरक्षा का ड्राफ्ट व अन्य महत्वपूर्ण आगामी कार्यवाही नहीं हो पाई है। बल्कि इस रिपोर्ट के लिए शिक्षा विभाग द्वारा रिमाइंडर भी आ चुके हैं।

ओएसडी ने भरोसा दिलाया कि हम इस पर जल्द से जल्द कार्यवाही कर आप सभी को सेवा सुरक्षा देंगे।प्रतिनिधि मंडल ने ओएसडी कैलाश सैनी और श्री सुशील राणा जी, जिला अध्यक्ष, भाजपा, कुरूक्षेत्र के माध्यम से कमेटी की पेंडिंग रिपोर्ट को शीघ्रातिशीघ्र निकलवाकर ड्राफ्ट बनवाने की अपील की ताकि विधानसभा के बजट सत्र में विश्वविद्यालयों में विभिन्न पदनामों पर कार्यरत 1443 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों को कॉलेज के एक्सटेंशन लेक्चरर की तरह सेवा सुरक्षा प्रदान करने का एजेंडा लाया जा सके और मुख्यमंत्री द्वारा सत्र में कानून बनाकर रोजगार सुरक्षित किया जा सके जिससे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किया गया वादा भी पूरा हो सके।

## कार में अचेत अवस्था में मिला व्यक्ति डॉक्टरों ने मृत घोषित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले की संतूर सोसाइटी में मंगलवार की देर रात को एक कार में व्यक्ति संदिग्ध हालात में मिला। सोसाइटी के लोगों ने जब कार में उसे बेसुध हालत में देखा तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि कार अंदर से लॉक थी, जिसके बाद शीशा तोडकर व्यक्ति को बाहर निकाला गया। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 38 वर्षीय विकास के रूप में हुई है, जो तरावड़ी में एक बड़ी कंपनी में नोडल ऑफिसर के पद पर कार्यरत था। परिवार में पत्नी और 6 साल की बेटी है। पत्नी ने बताया कि दोनों के बीच विवाद हुआ था, जिसके बाद से वह घर से निकले हुए थे। उन्होंने कई बार कॉल भी किया, लेकिन पति ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। अब अचानक उनकी मौत की खबर मिली है। सोसाइटी के एक व्यक्ति ने बताया कि कार में एक व्यक्ति काफी देर से पड़ा हुआ था।

जब देखा तो उसकी हालत ठीक नहीं लगी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची तो कार अंदर से लॉक थी। पुलिस ने तुरंत शीशा तोड़ा और व्यक्ति को बाहर निकाला।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का जेईई-मेन परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** भारत की प्रमुख टेस्ट प्रिपरेटरी सेवा प्रदाता आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने जेईई मेन्स 2025 (सेशन 1) में अपने छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धि की घोषणा की है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड कुरुक्षेत्र में पत्रकार वार्ता के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए एकेमिक हेड इंजीनियरिंग हिमांशु पारिक ने बताया कि इस परीक्षा के पहले सत्र में कुरुक्षेत्र से 11 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक स्कोर



किया है, जो उनकी कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट शैक्षणिक क्षमता को दशार्ता है। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले छात्रों में चयन जुनेजा 99.9 पर्सेंटाइल, वृष्टि 99.78 पर्सेंटाइल, ओम गौर 99.74 पर्सेंटाइल, मानिक झ 99.53 पर्सेंटाइल, आदित्य रमन शर्मा 99.47 पर्सेंटाइल, सागर 99.44 पर्सेंटाइल शामिल है। खास बात यह है कि चयन जुनेजा और वृष्टि दोनों ने फिजिक्स में परफेक्ट 100 स्कोर किया। पत्रकार वार्ता में एरिया बिजनैस हैड अक्षत शर्मा व सीनियर एस्टीटेंट डायरेक्टर शेखर शुक्ला ने बताया कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और आकाश संस्थान के गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन का प्रमाण है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने 11 फरवरी को परीक्षा परिणाम घोषित किए, जिससे इस वर्ष की दो नियोजित जेईई परीक्षाओं की शुरूआत हुई। इनमें से अधिकांश छात्रों ने आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकन लिया था, जिसका उद्देश्य आईआईटी जेईई जैसी विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कठिनतम परीक्षाओं को क्रैक करना है। छात्रों की इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए ब्रांच मैनेजर विजय कुमार ने कहा कि हमें हमारे छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर गर्व है। उनकी मेहनत और समर्पण, सही मार्गदर्शन के साथ मिलकर, इस उत्कृष्ट परिणाम का कारण बने हैं। आकाश में, हमारा लक्ष्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, जिससे छात्र अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर सकें। ब्रांच मैनेजर विजय कुमार ने कहा कि जेईई (मेन्स) परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाती है, जिससे छात्रों को अपने स्कोर में सुधार करने के लिए कई अवसर मिलते हैं।

## गुरु रविदास के संदेश वंचित वर्गों के कल्याण के लिए पथ-प्रदर्शक: राहुल

**सेवा**

▶▶ वे पूज्य संत गुरु रविदास जी को उनकी जन्म-जयंती पर नमन करते है : राहुल विज



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**

रविदास जयंती के अवसर पर पानीपत के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया गया, भाजपा के युवा नेता एवं विधायक प्रमोद कुमार विज के सुपुत्र राहुल विज ने कार्यक्रमों में शामिल होकर गुरु रविदास जी की प्रतिमा के समक्ष नमन किया एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वे पूज्य संत गुरु रविदास जी को उनकी जन्म-जयंती पर नमन करते है। समाज से भेदभाव के उन्मूलन के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके संदेश समाज के कमजोर और वंचित वर्गों के कल्याण के लिए सदैव पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे।

## निगम चुनाव के लिए मतदान 2 मार्च को

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि करनाल नगर निगम के लिए मतदान 2 मार्च को होगा और मतगणना 12 मार्च को की जाएगी। इसके अलावा इंद्री और नीलोखेड़ी नगरपालिका चुनाव के लिये मतदान दो मार्च हो होगा। इसी दिन असंध नगरपालिका चेयरमैन पद के लिये और तरावड़ी नगर पालिका के वार्ड 5 का उपचुनाव कराया जाएगा। उत्तम सिंह ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है, अभी तक किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन नहीं किया है।

## श्री कृष्ण मंदिर में हुआ सूर्य नमस्कार अभियान का समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग करनाल तथा मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संयुक्त तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार अभियान का समापन समारोह श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर-14 करनाल में किया गया। मेरा मिशन स्वस्थ भारत के संस्थापक तथा मुख्य योग शिक्षक दिनेश गुलाटी ने सभी साधकों को सूर्य नमस्कार के 12 अभ्यास करवाए। मेरा मिशन स्वस्थ भारत फेसबुक के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन भी हजारों लोगों ने इस अभियान में भाग लिया। इस अभियान के शुभारंभ तथा समापन समारोह के लिए अवसर देने पर मेरा मिशन स्वस्थ भारत की पूरी टीम ने आयुष विभाग करनाल तथा हरियाणा योग आयोग का



विशेष रूप से धन्यवाद दिया।

आयुष विभाग करनाल के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग करनाल के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने बताया कि यह अभियान 12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जयंती से लेकर 12 फरवरी, महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक चलाया गया। अभियान के लिए एक लाख लोगों के रजिस्ट्रेशन का लक्ष्य रखा गया था, विभाग में कार्यरत सभी योग सहायकों तथा योग इंस्ट्रक्टर्स द्वारा 2,08086 लोगों का रजिस्ट्रेशन किया गया है, जो कि अपने लक्ष्य के दुगने से भी अधिक है। सभी योग सहायकों तथा योग इंस्ट्रक्टर्स द्वारा अपनी अपनी योग

**अभियान**

▶▶ स्वस्थ भारत फेसबुक के माध्यम से ऑनलाइन और ऑफलाइन लोगों ने इस अभियान में भाग लिया

व्यायामशाला, स्थानीय योग संस्थाओं के साथ, गांवों, विद्यालय, कॉलेज, महाविद्यालय आदि में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान में जिला करनाल में योग क्षेत्र में कार्य कर रही विभिन्न संस्थाएं पतंजलि योग समिति, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, मेरा मिशन स्वस्थ भारत, भारतीय योग संस्थान, हमारा मिशन स्वस्थ भारत, विद्या भारती, आरोग्य भारती आदि संस्थाओं तथा शिक्षा विभाग।

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, बहन से फोन पर की थी बात

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायका पक्ष ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका शिवानी करीब ढाई साल से टीबी से पीड़ित थी और दो बड़े ऑपरेशन के बावजूद तीसरी बार गर्भधारण करने से उसकी सेहत लगातार बिगड़ती गई थी।

मायका पक्ष का कहना है कि डॉक्टर की साफ मनाही के बावजूद उसे जबरदस्ती प्रेग्नेंट किया गया, हालांकि परेशानी के चलते गर्भ गिर भी गया था। उसके बाद उसे प्रताड़ित किया जा रहा था, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग फरार हैं। वहीं पड़ोसियों का कहना है कि मायका पक्ष के आरोप निराधार हैं और सच्चाई पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगी।

मृतका की बहन हिमानी धीमान ने बताया कि शिवानी यूपी के गंगोह की रहने वाली थी और और करनाल की इंद्रा कॉलोनी में उसकी 5 साल पहले शादी हुई थी। शादी के पांच साल के अंदर ही दो बड़े ऑपरेशन से हो चुके थे। डॉक्टरों ने साफ कह दिया था कि उसका शरीर तीसरे बच्चे के लिए सक्षम नहीं है, लेकिन फिर भी उसे गर्भधारण के लिए मजबूर किया गया। हिमानी का कहना है कि तीसरी बार प्रेग्नेंट होने के बाद शिवानी को टीबी हो गई, लेकिन ससुराल वालों ने न तो कोई इलाज करवाया और न ही किसी डॉक्टर को दिखाया।

हिमानी ने बताया कि दो महीने



पहले उसकी शादी थी, जिसमें शिवानी भी आई थी। उस वक्त उसकी हालत काफी खराब थी, जिसके बाद मां ने ससुराल वालों से कहकर अस्पताल में भर्ती करवाया। 22 नवंबर को जांच में पता चला कि उसे टीबी है और वह पांच महीने की गर्भवती थी। इसके बावजूद ससुराल वालों ने उसकी कोई जांच नहीं करवाई। इस दौरान गर्भपात हो गया और तब जाकर उसकी सेहत में थोड़ा सुधार हुआ।

हिमानी ने बताया कि घटना से कुछ घंटे पहले सुबह उसकी शिवानी से बात हुई थी। शिवानी ने कहा था कि वह बहुत दुखी है और उसे परेशान किया जा रहा है। कल दोपहर करीब तीन बजे उसके जीजा का कॉल आया, लेकिन उसने मां-पिता को कुछ नहीं बताया।

जब परिवार शिवानी के घर पहुंचा तो वह मृत मिली। पुलिस को सूचना देने के बाद शव को कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवाया गया। मायका पक्ष का आरोप है कि ससुराल वालों की प्रताडना के कारण ही शिवानी की जान गई।

मृतका की ससुराल के पड़ोसी और पूर्व पार्षद विनोद कुमार ने कहा कि शिवानी करीब दो-ढाई साल से टीबी से पीड़ित थी। उसके ससुराल वालों ने उसे नहीं मारा, बल्कि बीमारी के कारण उसकी मौत हुई है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष एक-दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफ हो पाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है।

वहीं घटना के बाद से मृतका का पति, सास और अन्य ससुराल वाले फरार हैं। पुलिस जल्द ही उनकी गिरफ्तारी कर सकती है। मामले में दोनों पक्षों की ओर से आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं, लेकिन सच क्या है? यह जांच के बाद ही सामने आएगा।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रुप में मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर ऋषिपाल मथाना रहे जो की बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश के सह संयोजक हैं । डॉक्टर मथाना ने बताया कि दीनदयाल जी का जन्म एक अति सामान्य परिवार में होने के उपरांत भी छात्र जीवन में वह हमेशा प्रथम रहे और उन्होंने अपनी शिक्षा छात्रवृत्ति के माध्यम से ग्रहण की, उसके बाद वह संघ के संपर्क में आए और संघ के प्रचारक बन गए उन्होंने 10 वर्षों तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में कार्य किया और




उत्तर प्रदेश के सह प्रांत प्रचारक तक रहे उसके बाद 1951 में जब भारतीय जनसंघ का गठन हुआ तो उनको भारतीय जनसंघ में महामंत्री (संगठन) का दायित्व मिला और जीवन पर्यंत वह भारतीय जन संघ को मजबूत करने में लग रहे और जब उनका स्वर्गवास हुआ उसे समय 1968 में देश के सात राज्यों में से कांग्रेस की सरकार कक रवानगी हो गई थी उन्होंने एकात्म मानव दर्शन और अंत्योदय का चिंतन भी संगठन को दिया जिसको आधार मानकर आज भारतीय जनता पार्टी अपना कार्य कर रही है।

## न्यूज फ्लैश

### वेद पूरे संसार के लिए ज्ञान की ज्योतिः सुभाष सुधा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि वेद पूरे संसार को ज्ञान का रास्ता दिखाते है, हमे महर्षि दयानंद सरस्वती के आहन को याद करते हुए वेदों की तरफ बढ? की जरूरत है। पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा बुधवार को महर्षि दयानंद सरस्वती द्विजन्म शताब्दी वर्ष के समापन पर आयोजित 12 दिवसीय चतुर्वेद पारायण महायज्ञ एवं आर्य समाज स्थापना तथा सत्यार्थ प्रकाश लेखन के 150 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, स्वामी सूपूंर्णा नंद महाराज, स्वामी सुमेदा नंद सरस्वती, पूर्व सांसद सिकर, जिला परिषद के उपाध्यक्ष धर्मपाल चौधरी, अग्रवाल समाज के प्रधान सतप्रकाश ने विधिवत रूप से समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वेदों के रास्ते पर चल कर हमारा देश 2047 तक पूरी दुनिया का नेतृत्व करते हुए विस्व गुरु बनेगा। आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती ने उस समय समाज में फैली कुरीतियों, छुआछूत, जातपात को मिटाते हुए समानता से जीने की अधिकार देने का काम किया था। सबसे बड़ी बात तो उस समय महिला शिक्षा को जरूरी बताकर महिला शक्ति को सबसे बड़ा सम्मान दिया था। स्वामी जी ने नशे के खिलाफ लोगों को जगाया व लोगों को पांखड और अंधविश्वास के प्रति जगाया। उन्होंने कहा कि वेद मानव कल्याण का साधन है और हमे वेदों की और लोटना होगा। उन्होंने कार्यक्रम के संयोजक स्वामी संपूणार्नंद महाराज को बधाई देते हुए कहा कि स्वामी जी ने जिस धरती पर चारों वेदों की लगातार 12 दिनों तक सुर्योदय से सुयास्त तक यज्ञ आयोजित कर पूरी दुनिया को एक नया मार्ग दिखाने का काम किया है। इस कार्यक्रम में संयोजक स्वामी सूपणार्नंद महाराज ने स्वागत करते हुए 12 दिनों तक चले कार्यक्रम पर प्रकाश डाला।

### गुरु रविदास महराज का जन्मोत्सव गांव झांसा में बड़ी धूमधाम से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** गुरु रविदास महराज के 648 में जन्मोत्सव पर गांव झांसा में बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में गांव के सरपंच पवन गाबा, ब्लाक समिति वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष दहिया एवं ग्राम पंचायत गणमान्य व्यक्तियों ने बताया कि हमें गुरु रविदास महराज से प्रेरणा लेनी चाहिए कि हमें संतों के दिखा गाए रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने ने हमें सत्य के रास्ते पर चलने का दिशा निर्देश दिए थे। वास्तव में हम सत्य के रास्ते पर चलकर हम परमार्थ का रास्ता प्राप्त कर सकते हैं ।इस मौके पर पूर्व सरपंच राजपाल, प्रवीण भोला, विनोद पाल होलकर,बलजीत चोपड़ा श्री चंद, ओम प्रकाश, गुरमीत सिंह, प्रवीण ,सोनू अरोड़ा, उपस्थित रहे।

# गांव धनौड़ी में महाशिवरात्रि पर कार्यक्रम आयोजित

## शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि शिव के साथ जुड़ी हुई 'रात्रि' आध्यात्मिक रहस्य की ओर संकेत है

**त्यौहार**

▶▶ हमारे यहां बच्चे का जन्म अगर रात को भी होता हैं तब भी हम उसका जन्मदिन मनाते हैं




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय शांतिधाम, 36-37, दयाल बाग द्वारा आगामी महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में धनौडी गाँव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीती दीदी ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि शिव के साथ जुड़ी हुई 'रात्रि' आध्यात्मिक रहस्य की ओर संकेत है। हमारे यहां बच्चे का जन्म अगर रात को भी होता हैं तब भी हम उसका जन्मदिन मनाते हैं। यदि किसी महापुरुष का जन्म होता है तो कहते हैं आज उनकी जयन्ती है या किसी देवी-देवता का जन्मोत्सव मनाते हैं तो कहते हैं अष्टमी, नवमी आदि है। परन्तु शिव के साथ ही रात्रि का त्योहार उस समय से मनाया जाता है जब यह सृष्टि विकारों के वशीभूत होकर अज्ञान-अंधकार में होती है और मनुष्य पतित एवं दु खी हुए अज्ञान निद्रा में होते हैं तब पतित पावन परमपिता शिव इस सृष्टि में दिव्य जन्म लेते हैं। इस प्रकार अवतरित होकर ज्ञान सूर्य परमात्मा शिव ज्ञान प्रकाश देते हैं। जो कुछ ही समय में ज्ञान का प्रभाव सारे विश्व में फैल जाता है। कलियुग और तमोगुण के स्थान पर सतोगुण की स्थापना हो जाती है और अज्ञान-अन्धकार तथा विकारों का समूल विनाश हो जाता है। शिव का अर्थ है ह्लकल्याणकारी' । परमात्मा का यह नाम इसलिए है कि वह धर्मग्लानि के समय, जब सभी मनुष्यात्माएं माया अर्थात? काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार पांच विकार के कारण दुखी, अशांत, पतित एवं भ्रष्टाचारी बन जाती हैं तब उनको पुनः पावन तथा संपूर्ण बनाने का कल्याणकारी कर्तव्य करते हैं।कर्म भ्रष्ट तथा धर्म भ्रष्ट संसार का उद्धार करने ब्रह्मलोक से नीचे उतर कर एक मनुष्य के शरीर का आधार लेते हैं। परमात्मा 'शिव के इस अवतरण अथवा दिव्य एवं अलौकिक जन्म की स्मृति में ही 'शिवरात्रि' का त्योहार मनाया जाता है। प्राय सभी धर्मों के लोग कहते हैं कि परमात्मा एक हैं और सभी का पिता है तथा सभी मनुष्य आपस में भाई-भाई हैं । परन्तु प्रश्न उठता है वह एक पारलौकिक परमपिता कौन है जिसे सभी मानते हैं? आप देखेंगे कि भले ही हरेक धर्म के संस्थापक अलग-अलग हैं परन्तु हरेक धर्म के अनुयायी निराकार, ज्योतिस्वरूप परमात्मा शिव की प्रतिमा (शिवलिंग) को किसी न किसी रूप में मान्यता देते हैं। भारत में परमपिता परमात्मा शिव के ज्योतिस्वरूप शिवलिंग की व्यापक स्तर पर मान्यता तो देते ही हैं परन्तु भारत से बाहर भी दूसरे धर्मों के लोग भी इसको मान्यता देते हैं। मुसलमानों के पवित्र स्थल मक्का में भी इसी आकार का पत्थर हैं जिसे वे बड़े प्यार व सम्मान से चूमते हैं। उसे वे 'संगे-'ए-असवद्?' कहते हैं। परन्तु वे भी इस रहस्य को नहीं जानते हैं कि उनके धर्म में मूर्ति पूजा की मान्यता न होते हुए भी शिवलिंग के आकार वाले पत्थर की स्थापना

# राहुल धीमान ने खेली ताबड़तोड़ नाबाद शतकीय पारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में बुधवार को खेले गए गैर-शिक्षक अनौपचारिक प्रतियोगिता के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केयू अकाउंट्स इलेवन ने 20 ओवर में 2 विकेट खोकर 206 रन बनाए। मैच में बल्लेबाज राहुल धीमान ने आतिशी पारी खेलते हुए मात्र 68 गेंदों में 12 छक्के व 10 चौके लगाकर नाबाद 141 रन की पारी खेली। इसके साथ ही राहुल धीमान ने टी-20 मैच में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। दूसरे बल्लेबाज सागर ने 5 चौके व 1 छक्का लगाकर 43 रन की अहम पारी खेली। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी एडमिन प्लेयर्स टीम ने मात्र 8 रन पर अपने

**रोमांचक मैच**

▶▶ पहले बल्लेबाजी करते हुए केयू अकाउंट्स इलेवन ने 20 ओवर में 2 विकेट खोकर 206 रन बनाए

ओपनर की विकेट गंवाई तथा टीम 20 ओवर में 128 रन ही बना सकी। अकाउंट्स इलेवन के गेंदबाज राहुल धीमान व शिव शंकर ने तीन-तीन विकेट तथा सूरज जिंदल, सागर व संदीप जांगड़ा ने 1-1 विकेट अपने नाम किया। शानदार बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी के राहुल धीमान को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मैच में अम्पायर की भूमिका हरीश गैरोला, शमशेर चौहान, अजय यादव तथा पंकज जांगड़ा ने निभाई।

# अभियान के तहत बच्चों व महिलाओं को खिलाई एल्बेंडाजोल की टेबलेट

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः राष्ट्रीय** कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत मंगलवार को 4 लाख 133 बच्चों और प्रजनन आयु की 33154 महिलाओं को एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई गई। उप सिविल सर्जन डा. स्वराज चौधरी ने महलाना रोड स्थित निजी स्कूल में बच्चों को टेबलेट खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बुधवार से ईंट भट्ठा और मजदूरी कर रहे परिवारों के बच्चों को भी एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई जाएगी। पेट के कीड़े मारने के लिए एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाई जाती है। बगैर टेबलेट खाए कोई भी बच्चा नहीं रहे इसके लिए विभाग ने योजना तैयार की है। एल्बेंडाजोल की टेबलेट खिलाने से बच्चों का स्वास्थ्य उत्तम रहें और बच्चों को आगे बढ़ाने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आए। उप सिविल सर्जन डॉ. स्वराज चौधरी ने बताया कि जो बच्चे बीमार है, महिलाएं गर्भवती है या स्तनपान करती है उनको एल्बेंडाजोल की टेबलेट नहीं खिलाई गई। 1 से 19 साल तक के 4 लाख 133 बच्चों को टेबलेट खिलाई गई। जिससे बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाया जा सके और एनीमिया की कमी को दूर किया जा सके।

# साइबर क्राइम से बचने के लिए सतर्कता और जागरूकता जरूरीः डीआईओ

**सुझाव**

▶▶ डिजिटल धोखाधड़ी से बचने की अपील करते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करने का सुझाव दिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** बढ़ती डिजिटल गतिविधियों के साथ-साथ साइबर अपराधों में भी वृद्धि हुई है। फिशिंग, डेटा चोरी, सोशल मीडिया हैकिंग, ऑनलाइन ठगी और बैंकिंग धोखाधड़ी जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में हर नागरिक को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहना जरूरी है। साइबर अपराधों से बचने का सबसे बेहतर तरीका सतर्कता और जागरूकता है। अगर हम छोटी-छोटी सावधानियां अपनाते हैं, तो बड़े साइबर हमलों से बच सकते हैं। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सुभम जोधा ने सुरक्षित इंटरनेट दिवस के अवसर पर पंचायत भवन अम्बाला शहर में पीपीटी के माध्यम लोगों को जानकारी दी गई। जानकारी में बताया गया कि नागरिकों को साइबर सुरक्षा को लेकर सतर्क रहने और डिजिटल धोखाधड़ी से बचने की अपील करते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करने का सुझाव दिया है। नागरिकों को सोशल मीडिया प्लेटफार्म सुरक्षित बनाने के लिए फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और अन्य अकाउंट्स में टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन चालू करने, अनजान लिंक और संदिग्ध ईमेल पर क्लिक करने से बचने, प्रोफाइल की गोपनीयता सेटिंग अपडेट करने और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत रिपोर्ट करने की सलाह दी जाती है। उन्होंने बताया कि डिजिटल बैंकिंग और यूपीआई पेमेंट सुरक्षा के लिए ओटीपी, पिन, पासवर्ड और बैंकिंग डिटेल्स किसी से साझा न करें, केवल अधिकृत ऐप्स जैसे गूगल पे, फोन-पे, पेटीएम, भीम आदि का ही उपयोग करें और उनकी गोपनीयता बनाए रखें। उन्होंने बताया कि सुरक्षित वेबसाइट की पहचान के लिए नागरिकों को हमेशा एचटीटीपीएस// वाली वेबसाइट का उपयोग करने, वेबसाइट के बगल में लॉक आइकन (पेडलॉक सिंबल) देखने और फर्जी वेबसाइट से बचने के लिए सतर्क रहना चाहिए। करने से बचने और केवल गूगल प्ले स्टोर या एपल एप स्टोर से ही ऐप इंस्टॉल करें।

# भगवान परशुराम मंदिर में कथा व हवन यज्ञ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** भगवान परशुराम मंदिर, पीपली बाजार, अंबाला शहर में जिला ब्राह्मण सभा, द्वारा माघ पूर्णिमा मनायी गई। इस अवसर पर पंडित पंकज डिमरी ने सभी भक्तों को भगवान सत्यनारायण जी की कथा सुनाई। कथा के दौरान पंडित पंकज डिमरी ने बताया कि पूर्णिमा तिथि पूर्णता की तिथि मानी जाती है। इस दिन दान करना विशेष फलदायी होता है। जैसे चंद्रमा की कृपा पाने



के लिए मिश्री या दूध का, मंगल दोष से बचने के लिए मसूर की दाल का, बुध की समस्याओं से निजात के लिए हरी सब्जियों और आंवले का, बृहस्पति की समस्याओं से बचने के लिए केले, मक्का और चने की दाल का, शुक्र की समस्याओं के निवारण हेतु घी, मक्खन और सफेद तिल का

**दान करें**

▶▶ पंडित पंकज डिमरी ने सभी भक्तों को भगवान सत्यनारायण जी की कथा सुनाई

दान करें। शनि के कारण होने वाली समस्याओं के लिए काले तिल और सरसों के तेल का दान करें। वहीं राहु-केतु के कारण विचित्र तरह के रोग हो जाते है। इससे मुक्ति के लिए अनाज, काले कम्बल और जूते-चप्पल का दान करें।
इसी प्रकार सूर्य से संबंधित समस्याओं के लिए गेंहू और गुड़ का दान करें। उन्होंने बताया कि इस दिन जल और फल ग्रहण करके उपवास रखना भी फलदायी माना जाता है। यदि आपके लिए किसी पवित्र नदी में स्नान करना संभव नहीं हो तो आप घर पर ही पानी में थोड़ा सा गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं।

# पॉवर लिफ्टर की हत्या मामले में पुलिस ने नाबालिग आरोपित को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः शहर** के प्रगति नगर में बाइक पार्किंग को लेकर पावर लिफ्टर की गोलियां मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित मुख्य आरोपित को बेटा है। जो कि नाबालिग है। पुलिस की छह टीमें हत्यारोपितों की तलाश के लिए संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है। शहर के विकास नगर निवासी वंश (20) पावर लिफ्टर था। वह स्नातक की पढ़ाई करने के साथ ही परिवार के दूध के कारोबार में हाथ बंटाता था। रविवार की दोपहर को वह प्रगति

**दबिश**

▶▶ जो कि नाबालिग है। पुलिस की छह टीमें हत्यारोपितों की तलाश के लिए संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दे रही है

नगर में रहने वाली अपनी सहपाठी अक्षिता के घर आया था। इस दौरान उसने अपनी बाइक को गली में खड़ी कर दिया। कुछ देर बाद ही सहपाठी का पड़ोसी कार लेकर आया। गली में बाइक खड़ी से उसकी कार आगे नहीं जा सकी। कई बार हार्न देने के बाद बाहर आए वंश से आरोपित गाली-गलौच करने लगा। विवाद बढ़ने के दौरान आरोपित ने कार से पिस्टल निकाल कर गोली पांच गोली मार थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया था। जांच में सामने आया कि वारदात में आरोपित का नाबालिग बेटा भी शामिल था। शुरूआत में वंश के साथ उसकी विवाद हुआ था। जिसके चलते उसकी हत्या की गई। अब अनुसंधान टीम में नियुक्त उप निरीक्षक बृहपाल ने छानबीन कर नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के मामले में पुलिस ने नाबालिग आरोपित को गिरफ्तार किया है।

## तेज रफ्तार वाहन ने व्यक्ति को चपेट में लिया

**सोनीपतः सोनीपत-बहालगढ़** सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार वाहन ने व्यक्ति को चपेट में ले लिया। हादसे में घायल को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां से रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में उपचार के दौरान चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सेक्टर-27 थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। यूपी हरदोई हाल में जाट जोशी निवासी कमला देवी ने बताया कि उसका पति नन्हें सिंह किसी काम से सोनीपत शहर में आया था।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव ने अधिकारियों से की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** हरियाणा के गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा ने वीसी के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त उपायुक्त, डिस्ट्रीक्ट अट्रॉर्नी, सहायक डिस्ट्रीक्ट अट्रॉनी सहित अन्य सम्बधिंत अधिकारियों के साथ तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की। उन्होंने तीन नए अपराधिक कानूनों की शत प्रतिशत कार्यान्वयन को लेकर सम्बधिंत विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए धरातल पर लागू करने के लिए ढांचागत सुविधाओं को निर्धारित समयअवधि में पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि




इन कानूनों को लेकर नोटिफिकेशन भी जारी की जा चूकी हैं। उन्होनें कहा कि वीडियो कॉन्फ्रेसिंस से आरोपियों की पेशी व गवाही तथा गवाहों की गवाही के लिए जो भी व्यवस्थाएं की जानी हैं वे जल्द से जल्द पूरी की जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। जिन जिन स्थानों पर वीडियों कान्फ्रेसिंग रूम की व्यवस्था की जानी हैं वहां पर कोर्डिनेटर की व्यवस्था भी की जाए तथा कोर्ट के साथ समन्वय बनाकर सभी व्यवस्थाएं अमल में लाई जाएं। वीसी के दौरान पीपीटी के माध्यम से इन तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन से सम्बधी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने ई-

**कार्यान्वयन**

▶▶ सम्बधिंत अधिकारियों के साथ तीन नए कानूनों के कार्यान्वयन को लेकर समीक्षा की

समन व ई-चालान से सम्बधिंत समीक्षा करते हुए जिला अनुसार सम्बधिंत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निर्देश दिए कि गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा द्वारा जो भी दिशा-निर्देश दिए गए हैं उनकी पालना करते हुए जल्द से जल्द सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाए।

# अलग-अलग स्थानों पर लाखों रुपये की राशि व सामान चोरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः जिले** में चोरी की वारदाते कम होने का नाम नहीं ले रही है। चोरों ने कुंडली, राई, शहर थाना क्षेत्र से नकदी व सामान सहित स्कूल से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने मामलों को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जबकि सबसे सुरक्षित पुलिस लाइन स्थित मॉडल संस्कृति स्कूल से भी चोरी सामान चोरी कर ले गए। वहीं, प्रधाचार्या की टेबल पर चाकू से जान से मारने की धमकी भी चोर ले गए। टेबल पर लिखा मिला है कि आई किल यू। संबंधित थाना पुलिस ने मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**दुकान का शटर उखाड़ कर लाखों की राशि चोरी-** सेक्टर-15 निवासी मनीष खत्री ने बताया कि कुंडली की सर्विस लाइन रोड पर उनका रीबॉक और एडिडास का शोरूम में है। जिसमें स्पोर्ट्स का सामान भी बेचते है। रात को वह शोरूम बंद कर घर आ गए थे। सुबह शोरूम पर गए तो शटर के ताले टूटे हुए थे। अंदर जाकर जांच की तो अलग-अलग जगह रखे 4.20 लाख रुपये गायब मिले। रात को किसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है।

**दुकान से पेय पदार्थ व लाखों रुपये कीमत की सिगरेट चोरी-** नरेला दिल्ली निवासी गोविंद ने बताया कि उसकी कुंडली सर्विस रोड के पास परचून की दुकान है। वह रात को वह दुकान बंद कर घर चला आया। सुबह दुकान पर पहुंचा तो दुकान की छत उखड़ी हुई मिली। जांच की तो गले से करीब 40 हजार रुपये गायब थे। वहीं, दुकान में रखी सिगरेट और पेय पदार्थ भी गायब थे। जिनकी कीमत करीब 1.20 लाख रुपये थी। मामले को लेकर कुंडली थाना पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**चोरों का आतंक**

▶▶ मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है, स्कूल में चोरी

**सबसे सुरक्षित पुलिस लाइन में स्थित स्कूल में चोरी, लिखा मिला आई किल यू-** पुलिस लाइन स्थित मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि सफाई कर्मचारी स्कूल पहुंची तो ताले टूटे मिले। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचे तो सामान बिखरा हुआ था। जांच की तो उनके कार्यालय से टैब गायब था। बायोमेट्रिक मशीन टूटी हुई थी। रजिस्टर भी फाड़े गए थे। उनकी टेबल पर चाकू से लिखा था कि आई किल यू। चोरी करने वाले ने उनको जान से मारने की धमकी भी दी है। शिकायत पर कोर्ट कांप्लेक्स पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही चोरों की पहचान कर ली जाएगी।

**फैक्टरी से तार चोरी, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस :** सरस्वती गार्डन दिल्ली निवासी मनोज ने बताया कि उनकी राई औद्योगिक क्षेत्र में उनकी प्रतीक मेटल इंडस्ट्रीज नाम से प्रिंटिंग की फैक्ट्री है। उनकी फैक्ट्री से 10 एमएम के 450 मीटर तार और अन्य सामान चोरी हो गया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# शेयर मार्केट में निवेश का झांसा देकर लाखों रुपयों की राशि ऐंठी

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः जिले** में साइबर ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे है। साइबर ठगों ने युवक को शेयर मार्केट में निवेश कर मुनाफा देने का झांसा देकर लाखों रुपयों की राशि को हड़प ली। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। साइबर थाना सेक्टर-23 पुलिस ने पीड़ित के बयान पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सेक्टर-23 निवासी सर्वजीत ने बताया कि उसके सोशल साइट अकाउंट टेलीग्राम पर एक लिंक मिला था। लिंक पर क्लिक करते ही उन्हें सी-हॉर्स नाम के एक व्हाट्सएप ग्रुप से

**मुकदमा**

▶▶ सेक्टर-23 साइबर थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जोड़ दिया गया। उन्होंने उन्हें निवेश योजना में शामिल होने के लिए कहा। साथ ही उन्हें एड-बीर कैपेबल नाम के शेयर ट्रेडिंग एप का लिंक भेजा।
जिसे उन्होंने अपने मोबाइल में इंस्टॉल कर लिया। जिस पर उन्हें जानकारी मिलने लगी। ग्रुप एडमिन ने एपीपी के बारे में जानकारी दी। बाद में दो मोबाइल नंबर से उनके पास व्हाट्सएप कॉल व मैसेज आने लगे। उनसे अलग-अलग बैंक खाते में राशि जमा कराई गई। उनसे 4.78 लाख रुपये जमा करा लिए गए। उन्हें जिस एप से जोड़ा गया उसे आदित्य बिड़ला कैपिटल से संबंधित ओटीसी अकाउंट बताया गया। उन्हें बाद में पता लगा कि मोबाइल एप फर्जी है। जिसके बाद ठगी का पता लगा। कई बार राशि को वापस करवाने का प्रयास किया, लेकिन ठगों ने राशि वापस नहीं की। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सेक्टर-23 साइबर थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# राजीव जैन ने दी संत शिरोमणि गुरू रविदास की 648वीं जयंती की बधाई



**समरसता**

**गुरू रविदास को संतो में शिरोमणि का दर्जा दिया गया है, जिन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत:** मुख्यमंत्री जी के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने लाल दरवाजा स्थित गुरू रविदास मंदिर परिसर में संत शिरोमणि गुरू रविदास जी की 648वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की और कहा की गुरू रविदास को संतो में शिरोमणि का दर्जा दिया गया है, जिन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश दिया। ऐसे विरले संत सदैव पूजनीय रहेंगे, जिनकी शिक्षाएं व संदेश युगों-युगों तक मानव का पथप्रदर्शन करेंगे। राजीव जैन ने श्याम नगर, लाल दरवाजा (जटवाड़ा), गांव लहराड़ा में आयोजित कार्यकर्मो में भी भाग लिया और कहा कि अगर हमारी आत्मा और हृदय शुद्ध है तो हम पूरी तरह से पवित्र है। आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश देते हुए संत रविदास ने समाज को नई दिशा देने का काम किया। उन्होंने कहा कि संत गुरू रविदास जी ने उस समय सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका सम्पूर्ण जीवन सदाचार, सादगी और कर्मयोग का संदेश देता है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों से आह्वान किया कि हम सब संत रविदास जी के बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए सद्भाव एवं भाईचारे को और मजबूत बनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि संत रविदास सरीखे महान संतों के दिखाए मार्ग पर आगे बढना है तभी समाज में आपसी सौहार्द व उन्नति की राह प्रशस्त होगी। उन्होंने ने कहा कि जीवन में कर्मों का सर्वाधिक महत्व होता है। संत रविदास ने भी अच्छे कर्म करने पर बल दिया है। हमने जब इस धरती पर जन्म लिया तो हम खाली हाथ आए थे और जब हमारी मृत्यु होगी तो हम खाली ही हाथ वापिस जाएंगे।

हमारे साथ जांएगे तो केवल हमारे अच्छे कर्म। इसलिए हर व्यक्ति को अपने जीवन में अच्छे कर्म करने चाहिए ताकि भगवान भी हमें सुखी जीवन दे सके। उन्होंने कहा कि हमें हर समय जरूरतमंद व्यक्तियों की मदद के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए। ताकि वह व्यक्ति भी अपने जीवन में सुखी रह सके। हमारे महापुरूषों व संत गुरूओं ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि हमें अच्छे कर्म करने चाहिए दूसरे लोगों की सहायता के लिए हमेशा आगे रहना चाहिए।

इस अवसर पर प्रधान कृष्ण भाटिया, रतनसिंह भाटिया, रविंद्र भाटिया, कर्मबीर भौरिया, प्रीतम सिंह, टउ हरि प्रकाश सैनी, सुबेराम, दीपचंद नरवाल, आर के पौरिया, बलबीर मेहरा, महेन्दर भाटिया, सोनू,त्रिलोकी, नत्थू, कृष्ण, सूरजभान, सतपाल उफ सत्ये, किरणपाल आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# पांच दिनों से चीनी मिल सोनीपत में डटी स्पेशल ऑडिट कमेटी की टीम

**जांच**

**सरकार की तरफ से मिल में भेजी गई टीम कागजों को खंगालने में जुटी है, अलग जिलों के अधिकारी मौजूद है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: दी** सहकारिता चीनी मिल सोनीपत में वर्ष 2022-23 पेराई सत्र के दौरान कारखाने की देखभाल का टेंडर, खोई का टेंडर सहित कारखाने की देखरेख सहित कर्मचारियों की कमी करने के मामले में पंचकूला से ऑडिट टीम चीनी मिल में डटी हुई है। सरकार की तरफ से मिल में भेजी गई टीम कागजों को खंगालने में जुटी है। टीम में अलग-अलग जिलों के अधिकारी मौजूद है। जो कागजों की जांच में जुटे है। बता दें कि चीनी मिल में तैनात मुख्य अभियंता देवेंद्र पहल व मिल के पूर्व वाइस चेयरमैन उमेद सिंह दहिया ने विभाग सहित प्रदेश सरकार के पास शिकायत देकर बताया था कि चीनी मिल में तैनात महाप्रबंधक द्वारा पद का दुरुपयोग करते हुए पानीपत की कंपनी को करोड़ों रुपये का लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया है। आरोप था कि एमडी द्वारा अपने चहेतें कर्मचारियों को उच्चे पदों का अतिरिक्त कार्यभार दिया। उसके बाद अधिकारियों की कमेटी बनाकर कई कार्य नियमों के विरूद्ध जाकर करवाएं। प्रबंधन की तरफ से परिसर में आरओ प्लांट की मरम्मत के लिए एएमसी व खरीद को लेकर नियमों को ताक पर रखकर अपने जानकार पानीपत की कंपनी एसके पॉवर ग्रुप को दे दिया। जबकि उक्त कंपनी हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित ई-टेंडर के नियम व शर्ते पूर्ण नहीं करती थी। आरोप था कि आरओ प्लांट को वर्ष 2018 में दस लाख रुपये में लगवाया गया था। जबकि इसकी एमसी व पार्ट की देखरेख के लिए वर्ष 2022-23 पेराई सत्र के दौरान 30 लाख रुपये खर्च कर दिए। कारखाने में मरम्मत व पेराई सत्र के संचालन का ठेका आईसीसीपीएल (केश टेक) कंपनी को नियमों को ताक पर रखकर देने व लाभ पहुंचाने का आरोप शामिल था। आरोप था कि कार्य की कीमत पांच करोड़ रुपये थी। जिसमें कारखाने में कार्य करने के लिए दो सौ कर्मचारी नियुक्त किए थे।

## न्यूज फ्लैश

### संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की प्रेरणाओं का हम सभी को करना चाहिए अनुसरण: सुमन



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा** : हरियाणा राज्य महिला बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की प्रेरणाओं का हम सभी को अनुसरण करना चाहिए। उन्होंने मानवता का संदेश देते हुए यही कहा था कि कोई व्यक्ति जन्म से छोटा बड़ा नहीं होता, बल्कि कर्मों से होता है। हमें गुरु रविदास की पावन शिक्षाओं पर चलते हुए समाज हित के लिए अग्रणी होकर कार्य करने चाहिए।उन्होंने कहा कि गुरु रविदास ने समाजहित का संदेश दिया था, उनकी प्रेरणाओं का अनुसरण करते हुए हमें आगे बढना चाहिए। उन्होंने कहा कि संत गुरु रविदास ने यही संदेश दिया था कि किसी प्रकार का किसे से भेद भाव नहीं रखना चाहिए। वो ऐसे समाज की परिकल्पना करते थे, जिसमें आडंबर ना हो। मानवता का पाठ पढ़ाते हुए उन्होंने हमेशा यहीं कहा कि सभी का सम्मान हो। संत गुरु रविदास एक महान समाज सुधारक थे और शांति, प्रेम तथा भाईचारे के सन्देश वाहक थे। गुरु रविदास का जीवन त्याग और तपस्या का अनुपम उदाहरण है। वे मानवता की सेवा को ही ईश्वर की सेवा मानते थे।उन्होंने कहा कि अपने बच्चों को शिक्षित करें, क्योंकि शिक्षा से ही विकास संभव है।उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार भी हर वर्ग को ख्याल में रखते हुए कार्य कर रही है। पढ़ लिख कर मेहनत करने वाले युवकों को उनकी मेहनत का सिला इस सरकार की ट्रांसपरेंसी की नीतियों से मिला है। आज युवाओं को रोजगार बिना पर्ची - बिना खर्ची, उनकी काबलियत के आधार पर देने का काम इस सरकार ने किया है।इस मौके पर नायब तहसीलदार नमन धानिया ने भी गुरु रविदास जी के चरणों में माथा टेककर आशीर्वाद लिया। गुरु रविदास सभा की तरफ से सभी अतिथियों को सर्वप्रथम व गुरु रविदास जी का चित्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभा के प्रधान रमेश छलिया, जागीर सिंह, रविंद्र कटारिया, संजीव कुमार, मंगतराम, राजेश, प्रवीण बौद्ध एवं नगरीय मनीराम ,सुभाष चंद्र राम सिंह, नायर, कांता रानी, रामप्यारी, सुषमा रानी, शशिक कटारिया, रोशनी देवी, मंत्र रानी सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस दौरान एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

### आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में मनाई गई ऋषि दयानंद की जयंती

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में ऋषि दयानंद की जयंती के अवसर पर मंडल स्तरीय समारोह का आयोजन किया गयो समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के मंत्री उमेद शर्मा रहे अध्यक्षता विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य ने की प्रधान वीरेंद्र पाढ़ा , आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्रधान सुमित्रा अहलावत,उप प्रधान कुलदीप कुराड, प्रधानाचार्य डॉ. अशोक आर्य, उप प्राचार्य जगदीश चहल, कार्यालय अधीक्षक सत्यवान आर्य मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के सभी अंतरंग सदस्यों ने भी मुख्य रूप से भाग लियो इस समारोह में करनाल पानीपत, सोनीपत और रोहतक के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य भी मौजूद रहे इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने ऋषि दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद,पं. लेखराम और आचार्य बलदेव को भी बार-बार याद कियो समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि मंत्री उमेद शर्मा ने कहा कि समाज से अज्ञानता,अशिक्षा, अंधविश्वास और अस्पृश्यता को समाप्त करने और मानवता की स्थापना के लिए ही ऋषि दयानंद ने जन्म लिया थो आज विश्व मैं आर्य समाज की लगभग 10 हजार से अधिक संस्थाएं और आर्य शिक्षण संस्थाएं भी ऋषि दयानंद की जयंती पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मना रही हैं उन्होंने कहा कि आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूरे होने पर आगामी 9 मार्च को दयानंद मठ रोहतक के परिसर में आर्य महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगो इस सम्मेलन में भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों के आर्य समाजी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे उन्होंने सभी वेदिक धर्म प्रेमियों से अनुरोध किया कि वह इस सम्मेलन में बढ़-चढ़कर भाग लें और ऋषि दयानंद की शिक्षाओं का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें समारोह की अध्यक्षता करते हुए आर्य बाल भारती स्कूल के प्रधान रणदीप आर्य ने कहा कि ऋषि दयानंद का जन्म 12 फरवरी 1824 को गुजरात के गांव टंकारा में पंडित लाल जी तिवारी और मां यशोदा बाई के घर हुआ थो उनके बचपन का नाम मूल शंकर तिवारी थो उन्होंने कहा कि ऋषि दयानंद ने सत्य की खोज करने के लिए तपस्वी के रूप में लगभग 15 वर्षों तक गहन तपस्या की फिर उन्हें गुरु विरजानंद दण्डी का आशीर्वाद के संस्कार देने का कार्य भी कर रही हैं यही नहीं सभी आर्य संस्थाएं आर्य वीर दल के माध्यम से भारत को उच्च कोटि के राष्ट्रवादी बहादुर नागरिक देने का कार्य भी कर रही है।

# रविदास जी के पावन प्रकाश उत्सव को मनाया




**रक्तदान**

**गांव अभिमन्युपुर के अंबेडकर भवन में तीसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था ने सेवा ट्रस्ट यूके भारत,गुरु रविदास सभा एवं गुरु रविदास धर्मशाला कमेटी,डॉ भीमराव अंबेडकर समाज शिक्षा एवं सेवा समिति अभिमन्युपुर के संयुक्त तत्वाधान में गांव अभिमन्युपुर के अंबेडकर भवन में तीसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 37 पुरुष व महिला रक्तदाताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर रक्तदान किया।संस्था के पूर्व अध्यक्ष श्रवण कुमार ने बताया कि संस्था रक्तदाता जागरूकता के उद्देश्य से हर साल संत महात्माओं के जन्म दिवस और राष्ट्रीय दिवसों के उपलक्ष में रक्तदान शिविर लगाती रहती है। संस्था के उप प्रधान लाल नितेश मंगल ने बताया कि रक्तदान शिविर लगाने से संस्था के पास इमरजेंसी रक्तदान के लिए रक्तदाताओं का एक डाटा इकट्ठा हो जाता है जिससे किसी भी इमरजेंसी में रक्तदाताओं से संपर्क करके रक्त उपलब्ध करवाया जा सकता है। संस्था एलएनजेपी सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र में हेल्प डेस्क लगाकर मरीजों के लिए जनहित कार्य कर रही है।डॉ भीमराव अंबेडकर समाज शिक्षा एवं सेवा समिति के अध्यक्ष रवि फुले ने बताया कि संस्था शिक्षा के साथ-साथ स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी समय-समय पर अपना योगदान दे रही है। ब्लड बैंक इंचार्ज डॉक्टर राम ने बताया कि जन सहयोग संस्था एलएनजेपी अस्पताल में रहकर इमरजेंसी ब्लड डोनेशन, प्लेटलेट्स डोनेशन,टेस्ट, ऑपरेशन,दवाइयां,मेडिकल इंस्ट्रूमेंट,भोजन,दूध,फल व अन्य सेवाएं दे रही है।

# लाईसेंसशुदा हथियार करवाने होंगे जमा :नेहा सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि 2 मार्च को होने वाले निकाय चुनाव के मद्देनजर सभी लाईसैंस शुदा हथियार धारकों को आदेश जारी किए हैं कि वे अपने हथियार नजदीकी थानों व पंजीकृत हथियार डीलरों के पास जमा करवा दें। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि लाईसैंसी हथियार धारक तुरंत प्रभाव से अपने समीप के पुलिस स्टेशन में जाकर बंदूक, रिवाल्वर, पिस्तौल आदि जमा करवा दें। चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी व्यक्ति के पास हथियार पाया जाता है या कोई व्यक्ति घातक शस्त्र लेकर घूमता हुआ मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इन चुनाव के दौरान किसी भी तरह से व्यक्ति को बाधा या चोट पहुंचाने और संपत्ति को खतरा, सार्वजनिक शांति और शांति में बाधा उत्पन्न होने की संभावना होती है। इसके चलते किसी भी आग्नेयास्त्र और हथियार ले जाने पर रोक लगाना और लाइसेंसधारियों के कब्जे में सभी आग्नेयास्त्रों और गोला-बारूद को संबंधित पुलिस स्टेशनों या पंजीकृत हथियार डीलरों के पास जमा कराना आवश्यक है ताकि निकाय चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस और अन्य लोक सेवकों पर लागू नहीं होगा।

# नारी में ही ब्रह्म की प्रमुख सृजनात्मक शक्ति निहित : डॉ. राजेन्द्र विद्यालंकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरुक्षेत्र।** नारी शक्ति समर्पण, सेवा एवं सुबुद्धि की साक्षात प्रतीक है। नारी की की अपरिमित शक्ति एवं जीवन की प्रतिकूल परिस्थितियों में स्थितप्रज्ञ रहते हुए साहसिक भूमिकाओं के अनेकों प्रमाण इतिहास में भी उपलब्ध हैं। नारी ने सुलक्षणी गृहणी से संसद की साम्राज्ञी के रूप में अपनी सार्थकता, विशिष्टता एवं विद्वता को सिद्ध किया है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में आईसीएसएसआर नार्थ-वेस्टर्न रिजीनल केन्द्र, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ के सहयोग से ह्यमहिला नेतृत्व तथा विकासह्व विषय पर एक दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि व्यक्त किए। इससे पहले वेद मंत्रोच्चारण सहित दीप प्रज्ज्वलन के साथ सगोष्ठी का शुभारम्भ किया गया। कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि हमारे देश की वैदिककालीन विदुषियों में गार्गी, मैत्रेयी लोपामुद्रा से लेकर आधुनिक युग में महिला राष्ट्रपति के पद पर प्रतिष्ठित द्रौपदी मुर्मू तथा वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण जैसी प्रभावशाली विभूतियों ने भारत की प्रतिष्ठा एवं गरिमा को बढ़ाने का कार्य किया।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**जी.टी.** रोड स्थित स्थानीय आई. बी. पी. जी महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग में बी.सी.ए. फाइनल ईयर के विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस प्रतियोगिता का संचालन विनय भारती और डॉ. नीतू के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रहा । बी.सी.ए. फाइनल ईयर के सभी विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर पोस्टर बनाए गए, जिसमें उन्होंने पोस्टर के माध्यम से यह दशार्या कि किस तरह से आज के समय में स्कैम हो रहा है और हमें इस स्कैम से बचने के लिए क्या-क्या करना चाहिए । प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक द्वारा विजेताओं को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए और उन्होंने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्लाउड कंप्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी एक ऐसा विषय है जिसमें सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है ।

# ज्यूविनायलों के लिए नशा निषेध पर कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष चंद्रशेखर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्लेस ऑफ सेफ्टी में ज्यूविनायलों के लिए नशा निषेध पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डा. इरम हसन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यहां पहुंचने पर डॉ. इरम हसन का प्लेस ऑफ सेफ्टी के सुपरिंटेंडेंट अजय कुमार ने उनका स्वागत किया व आभार प्रकट किया।

# इनामी बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**काबू**

**प्रकाश फौजी की हत्या के मामले में नामजद आरोपित को क्राइम यूनिट सेक्टर-27 टीम ने गिरफ्तार किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: शहर** के न्यायालय परिसर में डेढ़ दशक पहले कुख्यात संजय बुटानियां के चाचा ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश फौजी की हत्या के मामले में नामजद आरोपित को क्राइम यूनिट सेक्टर-27 टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विक्की निवासी शिव कॉलोनी जींद का है। पुलिस ने आरोपित पर 25 हजार रुपये का ईनाम रखा था। काइम यूनिट सेक्टर-27 प्रभारी अनिल पवार ने बताया कि 19 अक्तूबर, 2010 को सोनीपत कोर्ट में पेशी के लिए लेकर आए गांव बुटाना निवासी ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश फौजी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। ओमप्रकाश कुख्यात संजय बुटानियां का चाचा था। उसे वर्ष 2008 में हुई हत्या के मामले में सोनीपत कोर्ट में पेशी पर लाया गया था। मामले में पुलिस टीम को भी धक्का मारकर गिराया गया था। मामले में पुलिस ने बुटाना गांव के राकेश उर्फ राका व लक्ष्य उर्फ मोनू को मौके से काबू कर लिया था। वहीं दो साथी भाग गए थे। जिनकी पहचान मूलरूप से बुटाना व घटना के समय कासंडी निवासी कृष्ण और सुनारिया चौक रोहतक निवासी विक्की के रूप में हुई थी। मामले में आरोपित विक्की की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। उसकी गिरफ्तारी पर डीजीपी ने 25 हजार रुपये का इनाम रखा था। आरोपित को क्राइम यूनिट-27 प्रभारी अनिल पवार की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। आरोपित पर जींद में वर्ष 2019 में लूट व अवैध शस्त्र अधिनियम के दो मुकदमे दर्ज रहे हैं।

**विवाद को लेकर अब तक हो चुकी है नौ हत्याएं-** बता दें कि गांव बुटाना में संजय बुटानिया व दूसरे पक्ष के बीच जमीन को लेकर वर्ष 1995 में विवाद शुरू हुआ था। जिसमें अब तक नौ हत्या हो चुकी है। यह विवाद काफी चर्चित हुआ था। इसमें दो हत्या अदालत परिसर व एक जेल में हो चुकी है। विवाद में वर्ष 2009 सोनीपत कोर्ट परिसर के अंदर ही संजय बुटानियां की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद वर्ष 2010 में कोर्ट परिसर के अंदर संजय के चाचा ओमप्रकाश की हत्या हुई। इतना ही नहीं इसी विवाद में वर्ष 2021 में कासंडी के जगबीर की जिला कारागार में बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। वारदात में शामिल पांच आरोपितों को पहले गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल व 25 हजार के ईनामी बदमाश को टीम ने गिरफ्तार किया है।

# पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने की वारदात में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: थाना** बहालगढ़ की पुलिस टीम ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने की नियत से पुलिस बैरिकेड को तेज रफ्तार गाड़ी से सीधी टक्कर मारने की घटना में संलिप्त आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल उर्फ छंगा निवासी इंडियन कॉलोनी, सोनीपत का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार चार दिसंबर 2024 को क्राइम यूनिट कुंडली में तैनात सहायक उप निरीक्षक प्रदीप की टीम दीवान फार्म के पास मौजूद थी। उसी दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध हथियार सहित आने की सूचना मिली थी। टीम ने नाकाबंदी कर वाहनों की जांच करना शुरू कर दिया। उसी दौरान स्विफ्ट कार चालक ने बैरिकेट को तोड़कर पुलिस कर्मचारी को कुचलने का प्रयास किया। जिसमें सहायक उप निरीक्षक सुरेश बाल-बाल बच गया था। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। उप निरीक्षक ओमप्रकाश की टीम ने आरोपित साहिल उर्फ छंगा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# गुरु रविदास जी के प्रकाशोत्सव पर लगाया विशाल जूस का लंगर



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज जी के 648 वें पावन प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) ने अपनी को-स्पॉन्सर डाबर इंडिया लिमिटेड के सहयोग से गाँव बगथला मे विशाल जूस के लंगर का आयोजन किया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने गुरु रविदास जी की जयंती पर उन्हे कोटि कोटि नमन किया ओर उनके जन्म और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आवाहन किया।उन्होंने गुरु रविदास जी को सच्चा समाज सुधारक बताया। इस अवसर पर अपने संबोधन में बोलते हुए उन्होंने कहा कि भारत भूमि धर्म भूमि है। इस भारतभूमि पर अनेक संतों, महात्माओं, पीर,पैगंबरों ,फकीरों और महापुरुषों का जन्म हुआ है। जिन्होंने अपनी दिव्य वाणी से समाज का पथ प्रदर्शन किया और समाज को रूढ़ियों,अंधविश्वासो और कुरीतियों से मुक्त करने का प्रयास किया। ऐसे समय में गुरु रविदास जी ने इन कुरीतियो और आडंबरों पर प्रहार करते हुए मानव समाज को इसे मुक्त करने का प्रयास किया। उन्होंने "रविदास जन्म के कारने ,होत न कोई नीच, नर को नीच कर डारि है ओछे कर्म की कीच "कहकर जाति-पाति का खंडन किया और यह कहा कि मनुष्य के ओछे कर्म उसे नीच बनाते हैं इसलिए हमें सदकर्म करते हुए अपना जीवन यापन करना चाहिए। आज के कार्यक्रम के संयोजक सुमन्त सैनी ने कहा की रविदास जी ने पराधीनता को सबसे बड़ा अपराध कहा और मानव स्वतंत्रता पर बल देते हुए उन्होंने कहा था की "पराधीनता अपराध है,जान लेहु रे मीत ,रविदास दास पराधीन से कौन करें है प्रीत" कहकर मानव मुक्ति की कामना की। उन्होंने कर्म की श्रेष्ठता पर बल दिया और मनुष्य को सदैव अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त संत रविदास जी ने ऐसे समाज की परिकल्पना की जिसमें सभी धर्म, वर्ण, जाति और संप्रदाय के लोग आपस में प्रेमपूर्वक और भाईचारे की भावना से रह सके। उन्होंने कहा कि "ऐसा चाहूं राज मैं ,जहां मिले सभन को अन्न, छोटे बड़े सब संग बसे, रविदास रहे प्रसन्न" कहकर समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और असमानता को दूर करने का प्रयास किया। उनकी यह मान्यता थी कि जब तक समाज धार्मिक आडंबरों से मुक्त नहीं होगा तब तक भारतीय समाज उन्नति नहीं कर पाएगा। सेवा ट्रस्ट के जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल वह प्रवीन गोयल ने कहा कि आज शताब्दियों बीत जाने के बावजूद भी संत रविदास जी की वाणी उतनी ही प्रासंगिक और सार्थक है।

# गुरु रविदास महाराज वह 36 बिरादरी के हैं: सत्यवान शेरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**शिरोमणि** संत श्री गुरु महाराज रविदास जी के 648 वे जन्म उत्सव पर भाजपा नेता पूर्व प्रदेश सचिव सत्यवान शेरा का गांव इसराना,लाखू बुआना, में कीर्तन व गुरु भंडारे में जाना हुआ वह समाज का अपने प्रति प्रेम देख सत्यावान शेरा ने कहा की गुरु रविदास महाराज वह 36 बिरादरी के हैं, संत एक बिरादरी का नहीं होता गुरु रविदास जी महाराज ने सारे प्रवचनों में से एक प्रवचन कहकर समाज को संदेश दिया था मन चंगा तो कटौती में गंगा संदेश दिया । आपका मन साफ है तो आप जीवन में हर पुण्य कमा लेंगे अगर आपका मन ही साफ नहीं है तो आप कितना ही गंगा स्नान कर ले आपका तन साफ हो सकता है पर कर्म नहीं धूल नहीं सकता। सत्यावान शेरा ने बड़े बुजुर्गों को कहा कि आप समाज को ऐसी तरह जागरूक करते रहें और मंदिरों में गुरु महाराज की जयंती ऐसे ही मनाते रहे।

# धीरपुर गांव: वेटलैंड वाटर डीडीए पार्क में जागरूकता अभियान का आयोजन








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के धीरपुर गांव स्थित वेटलैंड वाटर डीडीए पार्क में आयोजित जागरूकता अभियान बेहद सफल रहा। जिसकी अगुवाई वार्ड-14 धीरपुर की निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने की। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को सफाई और सही कचरा निस्तारण के महत्व के बारे में जागरूक करना था। इस पहल में एमसीडी, पर्यावरण मंत्रालय, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और डीडीए के अधिकारियों के साथ-साथ धीरपुर गांव आरडब्ल्यूए के सदस्य भी शामिल हुए। इस अभियान में पार्क की सफाई बनाए रखने और उसकी रक्षा करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस मौके पर प्रमुख प्रतिभागियों में आम आदमी पार्टी वार्ड-14 के संगठन मंत्री अनिल रतन (मोंटी), धीरपुर मंडल प्रभारी प्रमोद बंटी, यूथ अध्यक्ष रोहित राजपूत, धीरपुर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दिलीप कुमार, अनिल कुमार, उमेश कुमार, सतपाल, अनिल कुमार शर्मा, मास्टर ब्रह्म, फूल बाबू, श्याम, सुरेंद्र सूर्य और अन्य समर्पित अधिकारी और स्वयंसेवक शामिल थे। उनके बहुमूल्य योगदान से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा। निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को उनके समय और प्रयास के लिए हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसे अभियानों के महत्व को दोहराया और निरंतर सामुदायिक सहभागिता का आग्रह किया।



वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक पूनम शर्मा भारद्वाज का स्वागत करते हुए समाज सेवी सत्यपाल शर्मा और केशव पाल।

## ज्योति सैनी ने विधायक रेखा गुप्ता को दी जीत की बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की समाजसेविका ज्योति सैनी ने शालीमार बाग विधानसभा सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रेखा गुप्ता को जीत की बधाई दी और कहा कि विधायक रेखा गुप्ता क्षेत्र का विकास करके दिखायेंगी। अब शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की जनता को सुविधाएं मिलेगी, अब जनता को परेशान नहीं होना पड़ेगा।
ज्योति सैनी ने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो सभी के हित में कार्य करती है। दिल्ली की जनता भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। तभी तो दिल्ली की



जनता ने भाजपा पर विश्वास जताया है और दिल्ली में भाजपा की सरकार बनी है। उन्होंने शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र की जनता का धन्यवाद किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियां जनहितैषी नीतियां है, भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है।

## सज्जन कुमार को दोषी करार देने पर सिरसा ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री का किया धन्यवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय सचिव और राजौरी गार्डन के विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने 1984 के सिख नरसंहार मामलों की दोबारा जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का आभार व्यक्त किया।
इस पहल के चलते 41 साल बाद कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को एक अन्य मामले में दोषी ठहराया गया है।
सिरसा ने अपने बयान में कहा कि कोर्ट का यह फैसला सिख समुदाय के लिए बड़ी राहत



लेकर आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा 1984 सिख नरसंहार मामलों की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए एसआईटी का गठन किया गया था, जिसका परिणाम आज सामने आया है।
उन्होंने कांग्रेस सरकारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि सिख समुदाय को न्याय से वंचित रखा गया था, जबकि आरोपियों को पद और सम्मान दिए जाते रहे। उन्होंने कहा कि अब 41 साल बाद न्याय मिलना शुरू हुआ है और उम्मीद जताई कि जगदीश टाइटलर, कमल नाथ सहित अन्य आरोपी भी जल्द ही कानून के शिकंजे में होंगे। उन्होंने दोहराया कि जब तक सभी दोषियों को सजा नहीं मिलती, तब तक वे चैन से नहीं बैठेंगे।

## वजीरपुर की जनता का तहेदिल से धन्यवाद: श्याम सुन्दर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा जिला केशवपुरम एससी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता श्याम सुन्दर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है। यही कारण है कि देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। उन्होंने यह भी बताया कि राजधानी दिल्ली में भाजपा का परचम लहराया है। दिल्ली की जनता ने भाजपा पर पूर्ण रूप से भरोसा किया है। इसके लिए मैं दिल्ली की जनता का धन्यवाद



करता हूं। उन्होंने कहा कि वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में कमल खिलने से वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास होगा। मैं वजीरपुर की जनता का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने पूनम शर्मा भारद्वाज को भारी मतों से विजयी बनाया है। इसके लिए वजीरपुर की जनता का तहेदिल से धन्यवाद।

## सज्जन कुमार को फांसी की सजा दी जाए, दिल्ली कमेटी ने अदालत से की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने 1984 के सिख कत्लेआम मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट द्वारा कांग्रेसी नेता सज्जन कुमार को दोषी ठहराए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए अपील की है कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए सज्जन कुमार को फांसी की सजा दी जाए।
यहां जारी किए गए एक बयान में दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलो ने कहा कि भले ही अदालत का




फैसला 1984 के सिख कत्लेआम के 41 साल बाद आया है, लेकिन यह सिख समुदाय के लिए बहुत बड़ी राहत है। उन्होंने यह भी बताया कि यह मामला जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह के हत्या से संबंधित है और इस संदर्भ में थाना सरस्वती विहार में एफआईआर नंबर 458/91 के तहत धारा 147, 148, 149, 302, 308, 323, 395, 427, 436 और 440 आईपीसी के तहत केस दर्ज किया गया था।
उन्होंने कहा कि वे अदालत के फैसले का स्वागत करते हैं और अपील करते हैं कि दोषी को फांसी की सजा सुनाई जाए। अदालत द्वारा 18 फरवरी 2025 को दलीलें सुनने के बाद सजा का ऐलान किया जाएगा। यह बहुत शर्मनाक बात है कि समय-समय की सरकारों ने सिख समुदाय को न्याय देने के बजाय। इस कत्लेआम में शामिल दोषियों को सम्मानित किया।

## जनता जर्नादन के आगे पलट जाते है तख्त-ओ-ताज: असडी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली में इस बार सभी 70 सीटों पर दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला है। लगातार तीन बार दिल्ली में सरकार बना चुकी आम आदमी पार्टी को इस बार भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से कड़ी टक्कर मिली। राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनाव में आखिरकार 27 वर्षों बाद कमल खिल गया। चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असड़ी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली को विश्वस्तरीय राजधानी बनाने के लिए सेवा का एक मौका मांगा था और भरोसा दिया कि दिल्ली को संवारने के लिए वह स्वयं



समय देंगे। यह उनकी लोकप्रियता, विश्वसनीयता, आक्रामक चुनाव प्रचार और मजबूत बूथ प्रबंधन का ही नतीजा है कि दिल्लीवालों ने न सिर्फ पूर्ण बहुमत दिया, बल्कि दो-तिहाई बहुमत से ज्यादा सीटें देकर दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बना दी।

## भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से संतुष्ट है राजधानी दिल्ली की जनता: सुनील यादव भलस्वा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भाजपा नेता सुनील यादव भलस्वा ने बादली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी दीपक चौधरी के जीतने के बाद धन्यवाद यात्रा का आयोजन किया। उन्होंने लोगों से कहा कि आप सभी ने जिस प्रकार से भाजपा पर भरोसा जताते हुए दीपक चौधरी को भारी मतों से विजयी बनाया है। मैं आप सभी से वादा करता हूं कि विधायक दीपक चौधरी क्षेत्र का विकास करके दिखायेगें और बादली विधानसभा क्षेत्र में विकास होगा। अब यहां की जनता को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

**शानदार जीत**

▸▸ दीपक चौधरी के जीतने पर सुनील यादव भलस्वा ने बादली विधानसभा क्षेत्र में निकाली धन्यवाद यात्रा

## 'ग्रामीण पृष्ठ भूमि से विधायक चुनने पर दिल्ली देहात का आभार'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पंचायत संघ ने दिल्ली देहात व ग्रामीणों का आभार जताया कि उन्होंने अपने ग्रामीण परिवेश के उम्मीदवारों को दिल्ली विधानसभा में चुनकर भेजा और सभी चुने हुए विधायकों को बधाई दी। साथ ही उनसे दिल्ली देहात गांव ग्रामीण किसानो के मुद्दों पर जल्द काम करने की अपील की।
दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव ने भाजपा से दिल्ली देहात से मुख्यमंत्री बनाने की मांग की ताकि दिल्ली देहात व ग्रामीणों को अपनी समस्याओं को हल कराने में आसानी हो।
दिल्ली देहात व ग्रामीणो ने



पिछले कई दशको से अपने मुद्दो को पूरा ना करा पाने से परेशानी झेली है।
इन्ही मुद्दो को पूरा कराने को लेकर दिल्ली देहात ने अपना शत-प्रतिशत समर्थन दिल्ली पंचायत संघ के आवाह्न पर भाजपा को दिया।



संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर सावन पार्क स्थित रविदास मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह।

## आगामी योजनाओं को निर्धारित करने के लिए किया विशेष सभा का आयोजन: जीएसटीए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हाल ही आए दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणामों के मद्देनजर शिक्षक संघ ने एक विशेष सभा का आयोजन किया, जिसमें शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने शिक्षक साथियों के साथ आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया। संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने बताया कि शिक्षक संघ का गठन 10 वर्ष पूर्व हुआ था और दिल्ली में आम आदमी पार्टी का गठन भी कुछ समय बाद ही हो गया था। इसके उपरांत लगातार 10 वर्षों तक जीएसटीए पदाधिकारियों का



कार्यकाल पूर्व सरकार की शिक्षा विरोधी नीतियों कारण तनातनी में ही बीता। अब, भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन होना है, और इसी को ध्यान में रखते हुए शिक्षक संघ ने भी अपनी योजनाएं तैयार की हैं। अब आगामी सरकार के साथ मिलकर शिक्षा के झूठे और खोखले मॉडल को समाप्त करेंगे और शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की दिशा में कार्य करेंगे। इस तैयारी के तहत, पूर्व में चलाई गई विभिन्न योजनाओं, जो केवल सरकारी दिखावे के लिए बनाई गई थीं, उन्हें बदलवाने की रणनीति तैयार की गई है।
पूर्व सरकार ने जीएसटीए को कमजोर करने के लिए चुनाव नहीं कराए। ऐसे में अब जीएसटीए के चुनाव कराना भी प्राथमिकता है। श्री यादव ने बताया कि विगत 10 वर्षों में हर मोर्चे पर शिक्षकों की आवाज को बुलंद किया गया, और शिक्षा-विरोधी सरकार की गलत नीतियों का लगातार विरोध किया गया। जब शिक्षक कक्षा में पढ़ाने के बजाय सरकार की नीतियों का विरोध करने के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हो जाएं।

## 16वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आज से होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मेरा युवा भारत, नेहरू युवा केन्द्र संगठन (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार), राज्य कार्यालय, दिल्ली एवं मेरा भारत नेहरू युवा केन्द्र उत्तरी दिल्ली, दिल्ली एवं गृह मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में 16वाँ आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन 13 फरवरी 2025 से 19 फरवरी 2025 तक आनन्द 'धाम ट्रस्ट नांगलोई नजफगढ़ रोड़, लोक नायक पुरम, बक्करवाला, दिल्ली में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक 13 फरवरी 2025 को सायं 04:00 बजे किया



जाएगा एवं समापन समारोह दिनांक 19 फरवरी 2025 को सुबह 11:30 बजे संपन्न होगा। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़, झारखंड एवं उड़ीसा के नक्सल प्रभावित 5 जिलों-कांकेर, मोहल्ला मानपुर से कुल 200 युवा प्रतिभागी एवं 20 अनुरक्षक अधिकारी भाग लेंगे। ये युवा प्रतिभागी सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएसएफ की यूनिटं एवं माय भारत की ओर से चयनित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र की मुख्य धारा के साथ जोड़ना, उन्हें राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, सहिष्णुता, भाईचारा एवं भारतीय संस्कृति से परिचित कराना है। इस उदेश्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के साथ-साथ प्रतिभागियों को सीआरपीएफ इकाई एवं भारत के गौरवशाली ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।
इस अवसर पर एक प्रेस वार्ता में पूनम शर्मा, उपनिदेशक, माय भारत नेहरु युवा केन्द्, जिला उत्तरी दिल्ली ने बताया कि इस सात दिन के कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ होंगी।

# जिला अस्पताल से मरीजों को रेफर करने कम आएगी 'नौबत'

## 17 करोड़ की लागत से तैयार हो रहा है क्रिटिकल केयर सेंटर

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। जिला** चिकित्सालय से मरीजों को रेफर करनी अब कम ही नौबत आएगी। सीएमएस डा. मुकुंद बंसल ने बताया कि क्रिटिकल स्टेज में मरीज का जीवन बचाने के लिए यह समय गोल्डन आवर होते हैं, इस दौरान नजदीक और जल्द अच्छी उपचार व्यवस्था मिलने पर मरीज की जान बच सकती है। जिला चिकित्सालय में परिसर में 17 करोड़ की लागत से इन्फ्रास्ट्रेक्कर मिशन योजना के अंतर्गत 50 बेड के क्रिटिकल केयर सेंटर का निर्माण किया जा रहा है। काम बहुत तेजी से चल रहा है और अगले वर्ष में सेंटर जिला अस्पताल को मिलने की पूरी उम्मीद है। आग से झुलसे और






जले मरीजों के लिए अभी जिला अस्पताल में अलग से वार्ड है लेकिन सुविधाएं बेहद सीमित हैं, हार्ट अटैक और एक्सीडेंट के मरीजों को भी जल्द और अच्छा इलाज संभव होगा। जिला अस्पताल से मरीजों को हालत गंभीर बता कर रेफर करने की परंपरा सी बन गई है। रेफर किये जाने के बाद मरीज और तीमारदारों के सामने परेशानी खडी हो जाती है। ऐसे मामलों जब मरीज की हालत गंभीर है और उसे तत्काल क्रिटिकल केयर की आवश्यकता है। इस स्थिति में जिला चिकित्सालय से रेफर की पर्ची मरीज के तीमारदारों को थमा दी जाती है। जिला चिकित्सालय से अधिकांश मामलों में आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए मरीज को रेफर किया जाता है। इसके अलावा कुछ लोग मिन्नत कर जयपुर के एसएमएस के लिए भी रेफर करा ले जाते हैं। इस स्थिति में कई मरीजों की समय से सही इलाज नहीं मिलने के चलते मौत भी हो जाती है। सीएमएस का यह भी कहना है कि जिला चिकित्सालय में 24 घंटे चिकित्सकों की उपलब्धता भी बढ़ेगी और जिला अस्पताल के पास मानव संसाधन भी अधिक होंगे। जिससे मरीजों को बेहतर और बेहत स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा सकेंगी। क्रिटिकल केयर सेंटर की लम्बे समय से मांग चल रही थी जो अब पूरी होने जा रही है। बर्न, एक्सीडेंटल और हार्ट अटैक के मरीजों के उपचार में सहूलियत होगी।

# मथुरा वृंदावन में सड़कों पर नहीं दिखेंगे छुट्टा पशु, आयुक्त ने पांच टीमों को काम पर लगाया

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। नगर** निगम क्षेत्र में छुट्टा पशु सड़कों पर दिखाई नहीं देंगे। नगर आयुक्त ने पांच टीम काम पर लगाई हैं। नगर आयुक्त द्वारा रात्रि नौ बजे एक बैठक आहूत की गई जिसमें समस्त वरिष्ठ अधिकारी यथा समस्त अपर नगर आयुक्त, समस्त सहायक नगर आयुक्त शशांक चौधरी को निर्देशित किया गया कि निराश्रित गोवंश पकड़वाने के लिए विशेष रात्रि अभियान प्रतिदिन चलाया जाए एवं समस्त जोनल अधिकारी अपने अपने क्षेत्र के मुख्य मार्गों, चौराहा, तिराहे एवं लिंक गलियों पर भ्रमणशील रहकर निराश्रित गोवंशों को पकड़वाने का अभियान चलाए तथा क्षेत्र के सभी डलाब घरों की रात्रि में सफाई भी



करायी जाए। निराश्रित गोवंश पकड़ने के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है, जिसमें तीन टीम मथुरा क्षेत्र में तथा दो टीम वृन्दावन क्षेत्र में विशेष अभियान प्रतिदिन चलाएंगी। इस विशेष अभियान का नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त रामजी लाल को बनाया गया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त रामजीलाल, अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार, सहायक नगर आयुक्त राकेश त्यागी, सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक, सहायक नगर आयुक्त कल्पना सिंह चौहान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ गोपाल बाबू गर्ग, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी महेश चंद, क्षेत्रीय स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र कुमार आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत सरकार की 2500 करोड़ की नई दिल्ली-अलवर रेलवे परियोजना से नौगांव बनेगा निवेश का प्रमुख केंद्र

गुरुग्राम। भारत सरकार द्वारा हाल ही में ?2500 करोड़ की दिल्ली-अलवर रेलवे परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है, जो अलवर, मेवात और आसपास के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी की धारा को पूरी तरह से बदलने जा रही है। यह रणनीतिक इंफ्रास्ट्रक्चर पहल दिल्ली और अलवर के बीच यात्रा समय को महत्वपूर्ण रूप से घटाएगी, जिससे आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और नौगांव को निवेश के लिए एक प्रमुख स्थान के रूप में स्थापित किया जाएगा। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से महज 60 मिनट की दूरी पर स्थित, नौगांव तेजी से लग्जरी फार्महाउस जीवन के लिए एक प्रमुख स्थान के रूप में उभर रहा है। राम



रतन ग्रुप द्वारा विकसित, नौगांव समृद्धि और स्थिरता का एक बेहतरीन मिश्रण प्रदान करता है। यहां 1,000 एकड़ से अधिक भूमि पर गोल्डन एज इस्वरा फार्म्स, ग्रीन स्टेप फार्म्स, निधिवन और आनंदा रेजिडेंसी जैसी हाई-एंड परियोजनाएं स्थापित हैं, जो इको-कांशियस लग्जरी जीवन के नए मानक स्थापित कर रही हैं। बेहतर कनेक्टिविटी शहरी विकास का एक अहम तत्व है, जो आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को प्रोत्साहित करता है। वर्ल्ड बैंक के अनुसार, बेहतर परिवहन नेटवर्क से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होती है और श्रमिकों के लिए उच्च वेतन मिलते हैं, क्योंकि व्यवसायों का विस्तार एक विस्तृत श्रमिक पूल तक पहुंचने में सक्षम होता है। दिल्ली-अलवर रेलवे परियोजना इस सिद्धांत को साकार करती है, जो नौगांव को एक व्यापक आर्थिक गलियारे से जोड़ने के साथ-साथ माल और लोगों के आवागमन को भी सुविधाजनक बनाएगी। फरीदाबाद से उत्कृष्ट कनेक्टिविटी के साथ, गुरुग्राम, नोएडा, मथुरा और जयपुर से प्रमुख मार्गों तक पहुंच ने नौगांव की पहुंच को काफी बेहतर बना दिया है। इस एकीकरण के परिणामस्वरूप उद्योगों का आकर्षण बढ़ेगा, रोजगार सृजन होगा और इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा, जिससे क्षेत्र की आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। राम रतन ग्रुप का नौगांव लक्जरी और स्थिरता पर विशेष ध्यान देते हुए डिजाइन किया गया है। गोल्डन एज इस्वरा फार्म्स, ग्रीन स्टेप फार्म्स, निधिवन और आनंदा रेजिडेंसी जैसी परियोजनाएं आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ इको-फ्रेंडली विशेषताओं से लैस हैं, जिससे निवासियों को प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण लक्जरी जीवन का अनुभव मिलता है। जैसे-जैसे कनेक्टिविटी में सुधार होगा, संपत्ति की कीमतों में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे नौगांव निवेश के लिए एक आकर्षक स्थान बन जाएगा।

### इंडियावुड 2025: लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

**पानीपत।** उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडियावुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर ), ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दशार्ता है। अपनी स्थापना से, इंडियावुड ने उद्योग के विकास को आकार दिया है, एक ही मंच पर निमार्ता, आपूर्तिकर्ता, प्रौद्योगिकी नेता और पेशेवरों को एकत्र किया है। पिछले ढाई दशकों में, इसने प्रौद्योगिकी में प्रगति, सतत प्रथाओं, और वैश्विक सहयोगों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, जब भारत वैश्विक फर्नीचर उत्पादकों में शीर्ष पांच देशों में स्थान रखता है और अपने फर्नीचर निर्यात को हर साल 20% बढ़ाने के लिए तैयार है, इंडियावुड उद्योग की प्रगति के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में जारी है।सोनिया प्रशर, प्रबंध निदेशक, इंडिया ने कहा"2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।
लकड़ी फर्नीचर उत्पादन का 62% हिस्सा बनाती है।

### मुरादाबाद एयरपोर्ट के सभी प्रवेश द्वार पर तेंदुए को रोकने के लिए

**मुरादाबादः मुरादाबाद** एयरपोर्ट पर तेंदुए को रोकने के लिए लोहे की ग्रिल लगा दीगई है। पक्षियों का रनवे पर प्रवेश रोकने के लिए भी पटाखे आदि छोड़े जा रहे हैं। मुरादाबाद हवाई अड्डे पर अगस्त 2024 में लखनऊ के लिए फ्लाइट उड़नी प्रारंभ हुई थी, जो लगभग 45 दिन तक जारी रही लेकिन कोहरे के कारण अक्टूबर 2024 में मुरादाबाद एयरपोर्ट से उड़ान मार्च 2025 तक के लिए रोक दी गईं। बीते माह जनवरी में मुरादाबाद हवाई अड्डे पर दो बार तेंदुए ने प्रवेश किया था। हालांकि दोनों बार वन विभाग की टीम ने पिंजरा लगाकर उसे पकड़ लिया।

# समता फाऊंडेशन ने संत रविदास को अर्पित की पुष्पांजलि

## संस्था ने कृष्णा नगर बिजली घर कैंप कार्यालय पर आयोजित किया कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः अखिल भारतीय** समता फाउंडेशन ने मानवीय मूल्यों के संरक्षक एवं सामाजिक क्रांति के अग्रदूत संत शिरोमणि रविदास जी के 648 वें जन्मदिवस पर कैंप कार्यालय कृष्णा नगर बिजली घर पर संरक्षक दिनेश आनंद पापे एवं धनीराम प्रधान की संयुक्त अध्यक्षता में पुष्पांजलि दी। इस अवसर पर रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साह से रक्तदान किया। कार्यक्रम डॉ भानु प्रताप एड के नेतृत्व में आयोजित किया गया। संचालन चित्रसेन मौर्य ने



किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम संत रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। विशेष रूप से इस मौके पर एक बुजुर्ग दिव्यांग को ट्राई साइकिल संगठन के संरक्षक विशम्बर दयाल कर्दम द्वारा सप्रेम भेंट की गई। रमेश सैनी, पवन चतुर्वेदी, राजवीर सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और सामाजिक क्रांति के क्षेत्र में दिए गए योगदान को परिलक्षित करते हुए कहा की आडंबर, अंधविश्वास, अशिक्षा जैसी बुराइयों से बचने के लिए रविदास के बताएं मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। इस मौके पर लुकेश कुमार राही ने कहा सामाजिक सौहार्द की देश में आवश्यकता है साथ ही सांप्रदायिक ताकतों से बचकर आपसी भाईचारा अपना कर संत रविदास को सच्ची पुष्पांजलि भेंट कर कृतज्ञता व्यक्त की जा सकती है। कार्यक्रम में रमेश सैनी, डॉ भानु प्रताप सिंह, अनिल कुमार, संजय सैनी लक्ष्मण आनंद, अजय सनवाल, विमल कुमार, राजेश टूंडला, मुकेश सैनी, ओमपाल सैनी, बृजलाल कामरेड, अमरचंद, चित्रसेन मौर्य, एसएन भारती, मुजाहिद कुरैशी, अशोक रावल, जितेंद्र सिंह, विवेक कुमार, आरके सिंह, राजेश कुमार, अंकित सागर, थानसिंह, राजू सर, नरेश सर, असलम कुरैशी, फैजान कुरैशी, डॉ अरुण कुमार, गंगा राम सोनी, विशम्बर दयाल, आकाश बाबू आदि मौजूद रहे।

# जनता को बताया आमदनी के स्रोत पर कैसे होगी कटौती


**मथुरा।** आयकर अधिनियमों के तहत स्त्रोत पर कटौती के संबंध में जानकारी के व्यापक प्रचार प्रसार के उद्देश्य से आयकर विभाग (टीडीएस) आगरा द्वारा एक कार्यशाला (वाह्य सम्पर्क कार्यक्रम) का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार मथुरा में किया गया। इस कार्यशाला (आउटरीच प्रोग्राम) में विभाग के सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों ने भाग लिया। आऊटरीच प्रोगाम में आयकर आयुक्त (टीडीएस) सुमाना सेन कानपुर तथा आयकर आयुक्त अपर कानपुर (टीडीएस) तरुण कुशवाह के निदेर्शानुसार संयुक्त रूप से बाला प्रसाद आयकर अधिकारी एंव श्री बरुन कुमार सरकार आयकर अधिकारी द्वारा आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयकर अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी देते हुए टीडीएस व टीसीएस के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। स्त्रोत पर आयकर की कटौती तथा स्त्रोत पर कर संग्रह के प्रावधानों का विशेष रुप से उल्लेख किया गया। आयकर अधिकारी बाला प्रसाद ने जिले के सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों को निर्धारित दरों पर टीडीएस व टीसीएस की कटौती किये जाने जानकारी दी तथा उसे समय से सरकारी कोष में जमा कराने का अनुरोध किया। आयकर विवरणियों (त्रमासिक आयकर विवरणी) को भी समय से दाखिल किये जाने पर भी बल दिया। बरुन कुमार सरकार आयकर अधिकारी ने टीडीएस व टीसीएस की कटौती नियमानुसार न किए जाने की दशा में लगाई जाने वाली शास्तियों (अर्थदंड) तथा अभियोजन के संबंध में जानकारी दी। अधिकारियों ने टीडीएस व टीसीएस की जानकारी देते हुए कर संग्रह में पूर्ण सहयोग देकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनने की

# अयोध्या : माघी पूर्णिमा पर लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**अयोध्या**

**रामनगरी** में माघी पूर्णिमा पर एक बार फिर से बुधवार को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर से ही शुरू हुआ श्रद्धालुओं के दर्शन का सिलसिला शाम तक जारी रहा। लाखों श्रद्धालुओं ने घाटों पर स्नान के बाद दान कर पुण्य कमाया। इसके बाद मठ-मंदिरों का रुख किया। हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन के लिए देर रात श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। माघी पूर्णिमा को देखते हुए एक दिन पहले से ही श्रद्धालु जुटने शुरू हो गए थे। रोजाना चार लाख के करीब श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर रहे हैं। एक अनुमान के

# नेहा ने आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड से किया पानिपत में टॉप, जेईई मेन्स



**पानीपतः** टेस्ट प्रिपरेटरी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (अएरछ) ने जेईई मेन्स 2025 (सेशन 1) में अपने छात्रों की असाधारण सफलता की घोषणा की है। परीक्षा के पहले सत्र में पानीपत के दो छात्रों ने 99.99 परसेंटाइल से अधिक स्कोर किया है। शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में नेहा ने 99.75 परसेंटाइल प्राप्त कर सिटी टॉपर बनीं, जबकि पीयूष महेश्वरी ने 99.36 परसेंटाइल हासिल किए। इन परिणामों ने भारत की सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक में छात्रों की कड़ी मेहनत और अकादमिक उत्कृष्टता को उजागर किया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 11 फरवरी को इस परीक्षा के परिणाम घोषित किए, जिससे इस वर्ष की दो निर्धारित जेईई परीक्षाओं की शुरूआत हुई। इनमें से अधिकांश छात्र आकाश के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे, जिसका उद्देश्य प्रतिष्ठित आईआईटी जेईई जैसी कठिन परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करना है। छात्रों को बधाई देते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के मुख्य अकादमिक और व्यवसाय प्रमुख, अमित सिंह राठौर, ने कहा, "हम अपने छात्रों की जेईई मेन 2025 में शानदार उपलब्धियों पर गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी मेहनत और समर्पण, सही मार्गदर्शन के साथ मिलकर, इन उत्कृष्ट परिणामों का कारण बने हैं। आकाश में, हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे छात्रों को अपनी पूरी क्षमता प्राप्त करने में मदद मिलती है। सभी सफल छात्रों को बधाई और उनके आगामी सफर के लिए शुभकामनाएं।"जेईई (मेन्स) परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाती है, ताकि छात्रों को अपने स्कोर में सुधार करने के कई अवसर मिल सकें। जेईई एडवांस जहां विशेष रूप से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में प्रवेश के लिए होता है, वहीं जेईई मेन्स राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और अन्य केंद्रीय सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश का द्वार है।

जेईई एडवांस के लिए उपस्थित होने के लिए जेईई मेन्स में भाग लेना अनिवार्य है।

# रिफाइनरी में हुआ उत्पादकता सप्ताह का शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः 12 से 18** फरवरी तक पूरे देश में उत्पादकता सप्ताह मनाया जा रहा है। मथुरा रिफाइनरी में भी उत्पादकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मथुरा रिफाइनरी के कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख मुकुल अग्रवाल ने रिफाइनरी कर्मियों को सभी क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्य करने की शपथ ग्रहण करवाई। यही शपथ अंग्रेजी मे वी सुरेश, मुख्य महाप्रबंधक, (तकनीकी सेवाएँ एवं एचएसई) ने सभी को ग्रहण करवाई। इस कार्यक्रम मे भास्कर हजारिका, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने स्वागत सम्बोधन




दिया और उत्पादकता सप्ताह के महत्व पर प्रकाश डाला। सुधांशु कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (तकनीकी) ने निदेशक (रिफाइनरीज) अरविंद कुमार का संदेश सभी को पढ़कर सुनाया। सभी को सम्बोधित करते हुए मुकुल अग्रवाल ने कहा कि उत्पादकता विकास और समृद्धि की कुंजी है। इस वर्ष के विषय विचारों से प्रभाव तक प्रतिस्पर्धा स्टार्टअप के लिए बौद्धिक संपदा की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुकेश शर्मा महामंत्री, कर्मचारी संघ, रविन्द्र यादव, सचिव, ऑफिसर्स एसोसिएशन ने भी सभी को संबोधित किया।

# जिले में होलिका दहन स्थलों की प्रशासन करेगा 'जियो टैगिंग'

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा। जिला** प्रशासन इस बार जनपद भर में होलिका दहन स्थलों की जीयो टैगिंग करेगा। जिला प्रशासन के पास होलिका दहन स्थलों की पूरी सूची उपलब्ध रहेगी। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह एवं एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय ने होली एवं महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने एकादशी रंगभरनी, बरसाना की लडडू एवं लट्ठमार होली, नन्दगांव की लट्ठमार होली, श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा होली, श्री बांके बिहारी जी की होली, दाऊजी का हुरंगा, गोकुल छड़ीमार होली,



फालैन का पंडा, संपूर्ण ब्रज में होलिका दहन आदि कार्यक्रमों की व्यवस्थाओं के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी तथा सीओ को निर्देश दिये कि सभी अपने क्षेत्रों में पीस कमेटी की बैठक करें। पीस कमेटी की बैठक में संबंधित नगर निगम, नगर पंचायत, नगर पालिका, विद्युत, लोक निर्माण आदि महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों को अवश्य बुलाऐं। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने अपने क्षेत्रों में होलिका दहन के स्थानों की जियो टैगिंग कराना सुनिश्चित करें। सीओ नगर ने अवगत कराया कि जनपद में विभिन्न प्रकार के जुलूस, यात्रा आदि निकाली जाती हैं, जिसके संबंध में वनवे व्यवस्था लागू की जायेगी। जिलाधिकारी ने नगर निगम, नगर पंचायत, नगर पालिका के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि अपने अपने क्षेत्रों में साफ सफाई की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित करें। लोक निर्माण विभाग फ्लाई ओवरों की सफाई करायें, निमार्णाधीन सड़कों एवं नालों के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें।

**होली पर रोडवेज चलाएगा 150 से अधिक बसें:** परिवहन विभाग ने अवगत कराया कि पिछले वर्ष 150 बसें संचालित की गई थी, जिसके सापेक्ष इस वर्ष अधिक बसों का संचालन किया जायेगा। बसें कोसीकलां, वृन्दावन, भूतेश्वर, आदि बस स्टैण्डों से संचालित होती हैं। जिलाधिकारी ने एआरटीओ परिवर्तन को सख्त निर्देश दिये कि बसों के कोई न बैठे इस व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाये। अभियान चलाकर सभी बसों का फिटनेस चेक करें तथा बस संचालकों के साथ बैठक सुनिश्चित करें।

**होली पर देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आएगा शहरः** ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से होली पर विशेष प्रकार की सजावट की जाएगी। ब्रज तीर्थ

# मखदूम में उड़ीसा के 22 पशु चिकित्सकों ने ली कृत्रिम गर्भाधान की सीख

**टीम एक्शन इंडिया**

**मथुराः केन्द्रीय** बकरी अनुसंधान संस्थान मखदूम में कृत्रिम गभार्धान तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का चल रहा है। इस कार्यक्रम में उड़ीसा से आये हुए 22 पशु चिकित्सक अधिकारियों को बकरियों में कृत्रिम गभार्धान विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उड़ीसा से आये हुए 22 पशु चिकित्सकों (20 पुरुष एवं 2 महिला) को कृत्रिम गभार्धान से होने वाले फायदों एवं भारत सरकार के अंतर्गत चलने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में भी



जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रवि रंजन, प्रधान वैज्ञानिक ने संस्थान में होने वाली विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों से परिचित कराया एवम कृत्रिम गभार्धान से नस्ल सुधार पर विशेष चर्चा की। पशु पालन विभाग, उड़ीसा द्वारा 10 से 12 फरवरी तक प्रायोजित इस में बकरियों में कृत्रिम गभार्धान पर प्रशिक्षण दिया जायेगा।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 13 फरवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## राजकीय सम्मान के साथ की गई जवान की अंत्येष्टि

टीम एक्शन इंडिया
**महेंद्रगढ़** । गांव बवानिया के 52 वर्षीय जवान सत्यपाल का बुधवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। ग्रुप केंद्र कादरपुर गुरुग्राम सीआरपीएफ अधिकारियों के नेतृत्व में उनको सलामी दी गई। अंतिम संस्कार में आसपास के गांवों के सैंकड़ों लोग मौजूद थे। बाबूजी रामकिशन ने बताया कि सत्यपाल 1992 को सीआरपीएफ में सिपाही के पद पर भर्ती हुआ था। वर्तमान में वह हवलदार के पद पर कार्यरत थे। छोटा बेटा विनय कुमार व बड़े बेटे बलवान सिंह ने मुख्य अग्नि देखकर अंतिम संस्कार किया।
कर्ण सिंह इंस्पेक्टर, सत्यपाल, धर्मेंद्र हेड कांस्टेबल व अन्य साथ आए सीआरपीएफ के जवान मौजूद थे। इस मौके पर कनीना पुलिस पुलिस चौकी से एएसआई प्रीतम सिंह, हेड कांस्टेबल अनिल कुमार, मनोज के अलावा अंतिम संस्कार में प्रतिनिधि सरपंच संजीव कुमार, कृष्ण पंच, बाबूलाल, सोमबीर मंडोला, दिलबाग सिंह व गांव के अन्य लोग मौजूद थे।

## लखनऊ को दो नये फ्लाईओवर सौपेंगे रक्षा मंत्री

**लखनऊ।** लखनऊ में 14 फरवरी को विकास नगर स्थित मिनी स्टेडियम में मुंशी पुलिया व खुर्रमनगर फ्लाईओवरों का लोकार्पण होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह उपस्थित रहेंगे और फ्लाईओवरों का लोकार्पण करेंगे। भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुकवार की सुबह 11 बजकर 10 मिनट पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एयरपोर्ट से निकलकर रक्षा मंत्री की फ्लीट लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचेगी। सुल्तानपुर रोड साइड से कानपुर रोड की तरफ जाने वाली आउटर रिंग रोड की विजिट भी रक्षा मंत्री करेंगे। रिंग रोड के अवलोकन के बाद लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह एयरपोर्ट वापस होंगे और तीन बजे के करीब मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के लिए रवाना होंगे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम 'मदारी' का हुआ शुभारंभ

**नई दिल्ली। अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद् (एबीवीपी) और दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के सहयोग से बुधवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय में तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव मदारी का शुभारंभ हुआ।

# माघ पूर्णिमा स्नान के लिए उमड़ा आस्था का जनसमुद्र

वीएमडी से अलर्ट किए गए श्रद्धालु , सीएम योगी के विशेष निर्देश पर देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए महाकुम्भनगर में व्यापक इंतजाम, स्नान के बाद घाटों पर अधिक समय न बिताकर शीघ्र

इंतजाम

**महाकुम्भनगर प्रशासन ने देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूरे मेला क्षेत्र में व्यापक इंतजाम किए थे**



टीम एक्शन इंडिया
**महाकुम्भनगरः महाकुम्भ** के पावन स्नान पर्व माघ पूर्णिमा के लिए देश विदेश के श्रद्धालु मंगलवार की रात से ही महाकुम्भनगर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं के इतने बड़े जनसमुद्र के संगम तक पहुंचने और पवित्र स्नान के बाद उनकी सुरक्षित वापसी के लिए मंगलवार रात से ही मेला क्षेत्र में बड़े बड़े वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले (वीएमडी) पर जरूरी संदेश दिए जाने लगे। जिससे श्रद्धालुओं को स्नान में बड़ी सहूलियत हुई। सीएम योगी आदित्यनाथ के विशेष निर्देश पर महाकुम्भनगर प्रशासन ने देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पूरे मेला क्षेत्र में व्यापक इंतजाम किए थे, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। इसके अलावा स्नान के बाद घाटों पर अधिक समय न बिताकर शीघ्र गंतव्य की ओर बढ़ने की लोगों से बराबर अपील भी की जाती रही। जिससे श्रद्धालुओं को माघ पूर्णिमा के स्नान के लिए बड़ी सुविधा मिली।

**घाटों पर रात से ही दी जाने लगी लगातार महत्वपूर्ण सूचनाएं, दिशा-निर्देश**

गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाने के लिए प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। माघ पूर्णिमा का पुण्यकाल 11 फरवरी की शाम 6:55 बजे से शुरू होकर 12 फरवरी की शाम 7:22 बजे तक रहा। इस महाआयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए मेला प्रशासन ने सख्त इंतजाम किए। घाटों पर भीड़ नियंत्रण से लेकर डिजिटल सूचना प्रणाली से श्रद्धालुओं को आवश्यक सूचनाएं प्रेषित की जाती रहीं। मेला प्रशासन ने जगह जगह बड़े बड़े वैरिएबल मैसेजिंग डिस्प्ले लगाकर श्रद्धालुओं से अपील की कि वे स्नान के बाद घाटों पर अधिक समय न बिताएं और शीघ्र अपने गंतव्य की ओर बढ़ें।

## सोशल मीडिया पर छाया दिव्य-भव्य महाकुम्भ



टीम एक्शन इंडिया
**महाकुम्भ नगर।** माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर महाकुम्भ का दिव्य और भव्य नजारा सोशल मीडिया पर छाया रहा। श्रद्धालुओं की अपार भीड़ और आध्यात्मिक उल्लास के बीच, #माघपूर्णिमामहाकुम्भ एक्स (ट्विटर) पर नंबर वन ट्रेंड करता रहा। इस पवित्र अवसर पर आए लोगों ने अपने अनुभव साझा किए, जिससे पूरे देश में उत्साह और भक्ति का माहौल बन गया।

**गूंजते रहे जय श्रीराम के गगनभेदी जयघोष**

त्रिवेणी तट पर आस्था की लहरें उमड़ पड़ीं। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में डुबकी लगाने के लिए देशभर से श्रद्धालु पहुंचे। स्नान के दौरान ह्यहर हर गंगेह्ल और ह्यजय श्रीरामह्ल के गगनभेदी जयघोष से पूरा महाकुम्भ क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। इस अद्भुत नजारे को श्रद्धालुओं ने अपने कैमरों में कैद कर सोशल मीडिया पर साझा किया, जिससे महाकुम्भ की दिव्यता और भव्यता चारों ओर फैल गई।

**श्रद्धालुओं ने बताया जीवन का सबसे पवित्र और अविस्मरणीय अनुभव**

इस आयोजन की भव्यता को और भी खास बनाया पुष्पवर्षा ने। हेलीकॉप्टर से होने वाली पुष्पवर्षा ने श्रद्धालुओं के मन को प्रफुल्लित कर दिया। संगम के जल में आस्था की डुबकी लगाते हुए श्रद्धालुओं ने अपने परिवार और समाज की खुशहाली की कामना की। कई यूजर्स ने इसे जीवन का सबसे पवित्र और अविस्मरणीय अनुभव बताया।

**योगी सरकार की व्यवस्थाओं की सबने की सराहना**

महाकुम्भ की व्यवस्था को लेकर भी सोशल मीडिया पर खूब चर्चा रही। लोग योगी सरकार की ओर से की गई बेहतरीन व्यवस्थाओं और सफाई व्यवस्था की प्रशंसा करते दिखे। सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों और वीडियो ने देश-विदेश के लोगों को भी इस दिव्य आयोजन से जोड़ दिया।

## श्री रामलला मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का निधन



दुखद

**सीएम योगी ने जताया शोक, 87 वर्ष की उम्र में पीजीआई में ली अंतिम सांस, सप्ताह भर पहले बिगड़ी थी तबियत**

टीम एक्शन इंडिया
**अयोध्या/लखनऊ,** 12 फरवरी। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास (87) का बुधवार की सुबह लखनऊ स्थित पीजीआई में निधन हो गया। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही राजनीतिक गलियारों और साधु-संतों में शोक की लहर दौड़ गई। चार दिन पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीजीआई पहुंचकर उनका हाल जाना था और हर संभव मदद का आश्वासन दिया था। मुख्यमंत्री ने ट्वीट करते हुए इसे अत्यंय दुखद व आध्यात्मिक जगत की अपूर्णीय क्षति बताया है। उन्होंने आचार्य को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रभु श्रीराम से प्रार्थना की है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों मे स्थान दें। उन्होंने शोक संतप्त शिष्यों एवं अनुयायियों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रभु से कामना की है।

**आचार्य सत्येंद्र दास : विवादित ढांचा गिरने से लेकर भव्य राम निर्माण तक**

आचार्य सत्येंद्र दास अयोध्या में विवादित ढांचे के ध्वस्त होने से लेकर भव्य मंदिर के निर्माण तक के साक्षी रहे। वह 1993 से रामलला की सेवा में लगे हुए थे। उन्होंने टेंट से लेकर भव्य मंदिर में विराजमान होने तक रामलला की सेवा की। 1992 में जब उन्हें रामलला का पुजारी बनाया गया तो उस वक्त उन्हें 100 रुपए वेतन मिलता था। वह पिछले 34 साल से रामलला की सेवा में लगे थे। आचार्य सत्येंद्र दास अध्यापक की नौकरी छोड़कर पुजारी बने थे। उन्होंने 1975 में संस्कृत में आचार्य की डिग्री ली और फिर अयोध्या के संस्कृत महाविद्यालय में सहायक अध्यापक के तौर पर नौकरी शुरू की। इसके बाद मार्च 1992 में रिसीवर की तरफ से उन्हें पुजारी नियुक्त किया गया।

**अकेले ऐसे पुजारी जो कभी भी कर सकते थे रामलला की पूजा**

आचार्य सत्येंद्र दास ने टेंट से लेकर रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के साक्षी बने।

## सरकार बागपत में बनाएगी औद्योगिक कॉरिडोर सीएम

टीम एक्शन इंडिया
**बागपत/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने बुदधवार को बागपत के श्री विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, छपरौली में किसान मसीहा चौधरी अजित सिंह की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान सीएम योगी ने बागपत जिले में 351 करोड़ रुपये की 281 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास किया। सीएम योगी ने कहा कि सरकार बागपत के औद्योगिक विकास के लिए दिल्ली-बागपत-देहरादून एक्सप्रेसवे में बागपत के पास एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के निर्माण का निर्णय लिया है।



**सीएम योगी ने चौधरी अजित सिंह को दी श्रद्धांजलि**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किसान नेता चौधरी अजित सिंह को श्रदांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज माघ पूर्णिमा है संत शिरोमणि सद्गुरु रविदास जी महाराज की पावन जयंती और अपने पूज्य पिता की विरासत के लिए दुनिया के प्रतिष्ठित पैकेज को छोड़कर मातृभूमि की सेवा के लिए अपने आप को समर्पित करने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह जी की भी पावन जयंती का कार्यक्रम है, उनकी पावन जयंती के अवसर पर आज हमें यहां पर चौधरी साहब की इस पावन भव्य प्रतिमा के लोकार्पण का अवसर प्राप्त हुआ मैं इस अवसर पर उनकी स्मृतियों को नमन करते हुए प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश वासियों की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

लोकार्पण

**सीएम योगी ने बागपत में किसान मसीहा चौधरी अजित सिंह जी की प्रतिमा का किया अनावरण**

## हुड्डा ने उठाई बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को गांव में पेंशन देने की मांग

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़। पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बुजुर्गों और दिव्यांग जनों को उनके गांव में ही पेंशन मिलनी चाहिए। खासतौर पर यह सुविधा उन गांव के लिए बेहद आवश्यक है, जहां बैंक नहीं हैं। इसके चलते पेंशन लेने के लिए लोगों को दूर दूसरे गांव या शहर में जाना पड़ता है। हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में पेंशन की शुरूआत, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को सम्मान, सहारा व सहूलियत देने के लिए की गई थी।

## संगम स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने भण्डारों में ग्रहण किया प्रसाद

टीम एक्शन इंडिया
**महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ** में माघ पूर्णिमा पर्व पर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में पवित्र संगम में स्नान किया। देश के कोने-कोने से आये श्रद्धालुओं और कल्पवासियों ने पवित्र संगम में आस्था की डुबकी लगाई। मेला प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं के सुगम स्नान के लिए सभी जरूरी प्रबंध किये गये, जबकि विभिन्न संस्थाओं और शिविरों ने उनके लिए भंडारों का आयोजन किया। महाकुम्भ में स्नानार्थियों को भोजन और प्रसाद का वितरण करना सनातन परंपरा में श्रेयस्कर माना गया है। इसी परंपरा को निभाते हुए मेला क्षेत्र और प्रयागराज शहर में श्रद्धालुओं के लिए जगह - जगह भण्डारे और अन्न क्षेत्र चलाये जा रहे हैं। जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु भोजन और प्रसाद ग्रहण कर भण्डारा आयोजकों को आशीष दे रहे हैं।

**अडाणी और अंबानी समूह भी चला रहे हैं महाकुम्भ में अन्न भण्डारे**

महाकुम्भ 2025 के दिव्य अवसर पर लगभग पूरे मेला क्षेत्र और शहर में तीर्थयात्रियों के लिये भण्डारे और अनन्य अन्न क्षेत्र चलाये जा रहे हैं।



शिरडी पहुंची छावा की टीम, किए साई बाबा के दर्शन।




निकास नीति

100 सिंचाई उप-परियोजनाएं मार्च के अंत तक पूरी हो जाएंगी

## कृषि विभाग परियोजनाओं की निकास नीति पर काम करेगा

टीम एक्शन इंडिया
**हमीरपुरः** हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार ने विभाग को परियोजनाओं के पूरा होने के बाद उनके संचालन और प्रबंधन के लिए 'निकास नीति' पर काम करने का निर्देश दिया और कृषि अनुसंधान संस्थानों को शुष्क भूमि कृषि पद्धतियों के मानकीकरण की संभावना तलाशने पर जोर दिया। प्रो. चंद्र कुमार मंगलवार को शिमला में जायका -ओडीए वित्त पोषित कृषि परियोजना के चरण-2 के कार्यान्वयन में लगे हिमाचल प्रदेश कृषि विकास सोसायटी की शासी परिषद की पहली बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण संवर्धन परियोजना के 1010 करोड़ रुपये के दूसरे चरण की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रो. कुमार ने कृषि विश्वविद्यालय से प्रदेश में कृषि उपज, विशेषकर सब्जियों, की उपलब्धता पर रणनीतिक अनुसंधान और योजना पर ध्यान केंद्रित करने को कहा. ये अनुसंधान इस दिशा में हो के जब पड़ोसी राज्यों से कृषि उपज की अपर्याप्त आपूर्ति हो, तब प्रदेश में ये उपलब्ध और किसानों को उनकी उपज के लिए अच्छे मूल्य प्राप्त हो सके. उन्होंने विदेशी सब्जियों के संकर बीजों के विकास पर अनुसंधान की आवश्यकता पर भी बल दिया। परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने बैठक में परियोजना की प्रगति को दशार्ते हुए एक प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि जायका मिशन और कृषि विभाग 1,010 करोड़ रुपये की चरण-2 परियोजना पर सहमत हुए जिसमें से 807 करोड़ रुपये ऋण घटक हैं। वर्ष 2021 में शुरू की गई जायका कृषि परियोजना का चरण-2 हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों में लागू हुआ, जो 38,000 हेक्टेयर कमांड क्षेत्र को कवर करेगा, और इससे 25,000 किसान परिवार लाभान्वित होंगे।

